CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 6 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 205 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 22°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिमी-पूर्वी उप्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

पेज 2



हर कप्तान चाहता है सिराज जैसा गेंदबाज: गिल

खेल टाइम्स



अपनी स्पष्टवादिता के लिए याद रहेंगे सत्यपाल मलिक

सम्पादकीय



भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं: ट्रम्प

पेज 12

# उत्तराखंड में धराली समेत तीन जगह बादल फटा ,गांव जमींदोज, चार की मौत

## पहाड़ से पानी और मलबा आया, 34 सेकंड में घर, होटल मलबे में दबे, 50 से ज्यादा लापता

## बाढ़ से हर्षिल हेलीपैड में पानी भरा, सेना के 8 से 10 जवान लापता, सेना के जवान बचाव कार्य में जुटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के धराली में बादल फटने से खीर गंगा गांव बह गया है। घटना मंगलवार दोपहर 1.45 बजे की है। घटना के कई वीडियो और फोटोज सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि पहाड़ी से बारिश का पानी और मलबा आया और 34 सेकंड में पूरा गांव बहा ले गया। उत्तरकाशी के डीएम प्रशांत आर्या ने बताया कि अब तक चार लोगों की मौत की खबर मिली है। 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। कई लोगों के दबे होने की खबर है।

धराली गांव देहरादून से 218 किमी और गंगोत्री धाम से 10 किमी दूर है। रेस्क्यू टीम एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के साथ आर्मी भी मौके पर पहुंच गई है। पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकानें ध्वस्त हो चुकी हैं। यहां पिछले 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है। सीएम धामी ने कहा कि हम हालातों पर नजर बनाए हुए हैं। उत्तरकाशी में पिछले 2 दिनों से बारिश हो रही है, इस दौरान मंगलवार सुबह बादल फटा और धराली गांव की ओर मलबा आया। नदी में मलबे की वजह से ओवरफ्लो हो गया और मलबा और पानी बाहर निकल गया। पूरा धराली गांव मलबे के नीचे दबने से तबाह हो गया है। उत्तरकाशी प्रशासन ने बताया कि धराली के अलावा हर्षिल और सुक्की में बादल फटा है। फिलहाल इस घटना को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। धराली के खीर गंगा में आई बाढ़ से हर्षिल हेलीपैड के क्षेत्र में जलभराव हो गया है। उत्तरकाशी के निचले हिस्सों में बाढ़ का खतरा बन सकता है। एसडीआरएफ कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि एसडीआरएफ टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। बाढ़ के पानी के साथ काफी तादाद में मलबा आ गया है। भारतीय सेना, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और पुलिस की टीमें साथ मिलकर समन्वय -**शेष पृष्ठ दो पर**



## प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने की त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रभावित लोगों के कुशलक्षेम की कामना भी की है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरतमंदों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात कर मैंने हालात की जानकारी ली है। राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हरसंभव प्रयास में जुटी हैं। लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है। श्री शाह ने कहा है कि उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर घटना की जानकारी ली है।

## विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर: मोदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम को हार पहनाया। सांसदों ने 'हर-हर महादेव', 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम ने सांसदों को अपने संबोधन में कहा कि संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके विपक्ष ने गलती की। इसमें उनकी ही फजीहत हुई। विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है। विपक्ष रोज ऐसी चर्चा कराए, हम इस फील्ड में माहिर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में वोटर्स लिस्ट रिविजन के मुद्दे पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। देश की जनता सब देख रही है।

## शाह सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बने

**नई दिल्ली।** अमित शाह मंगलवार को भारत के सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं। वे 2,258 दिनों से पद पर हैं। शाह ने 30 मई, 2019 को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्री का कार्यभार संभाला था। शाह ने गृह मंत्री का पहला कार्यकाल 9 जून 2024 को पूरा किया था। 10 जून, 2024 को वे फिर से गृह मंत्री बने और तब से इस पद पर हैं। गृह मंत्रालय के अलावा, वे देश के पहले सहकारिता मंत्री भी हैं। इससे पहले शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गुजरात के गृह मंत्री रह चुके हैं।

## लालकिले में डमी बम डिटेक्ट नहीं कर पाए सात पुलिसकर्मी नपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी एक डमी बम का पता नहीं लगा पाए। इसके बाद कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। घटना 2 अगस्त की है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर पुलिस रोजाना अभ्यास करती है। स्पेशल सेल की एक टीम शनिवार को सादे कपड़ों में मॉक ड्रिल के लिए पहुंची थी। वे अपने साथ एक नकली बम लेकर लालकिले में दाखिल हुए। उस समय, लालकिले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बम डिटेक्ट नहीं कर सके। पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर नलंबित कर दिया गया है।

## कुबेरेश्वर धाम में भगदड़, दो महिला श्रद्धालुओं की मौत

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले स्थित कुबेरेश्वर धाम मेंरुद्राक्ष वितरण के दौरान भारी भीड़ के कारण कथित तौर पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई और 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। भीड़ इतनी बढ़ गई कि ठहरने और दर्शन की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। यहां आने वाले श्रद्धालु प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं।

## गोवा विधानसभा में एसटी को मिलेगा आरक्षण, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध करता रहा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया। आरक्षण को लेकर बिल में बताया गया है कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है। 2011 में गोवा की कुल आबादी 14,58,545 थी, जिसमें एससी की आबादी 25,449 व एसटी की आबादी 1,49,275 थी। इसके बावजूद, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं है, जबकि एससी के लिए एक सीट आरक्षित है। बिल का मकसद इस असमानता को दूर करना है, ताकि एसटी समुदाय को भी संविधान में दिए गए आरक्षण का लाभ मिल सके। यह बिल पिछले साल यानी 6 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन अब जाकर पारित हुआ है। यह संसद के मौजूदा मानसून सत्र में लोकसभा द्वारा पारित किया गया पहला बिल है।

# संसद में मिलकर उठाएंगे जनता के मुद्दे: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की संसद भवन परिसर में बैठक हुई जिसमें मिलकर जनता के मुद्दों को उठाने पर चर्चा की गई।

बैठक में एक न्यायाधीश की श्री गांधी पर की गई टिप्पणी पर भी चर्चा हुई। बैठक में सीमाओं की रक्षा का मामला भी उठा और कहा गया कि सरकार देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में विफल रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि आज संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की मौजूदगी में इंडिया गठबंधन के फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल हुआ। हम मिलकर जनता के हक़ और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदन में आवाज़ उठाते रहेंगे। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने बैठक में उठाए गए मुद्दों की जानकारी दी।



# जज तय नहीं करेंगे कौन सच्चा भारतीय: प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में कहा कि माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है।

उन्होंने कहा कि सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है। मेरा भाई कभी भी सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है। भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया। दरअसल, प्रियंका का ये जवाब सुप्रीम कोर्ट के राहुल के सच्चे भारतीय होने पर उठाए सवाल पर आया। 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सेना पर की गई टिप्पणी मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी।



■ **कहा: सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य**

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

## 79 की आयु में बीमारी के चलते आरएमएल में ली अंतिम सांस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और मशहूर किसान नेता सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

सोशल मीडिया एक्स पर दी गई जानकारी के अनुसार उन्हें गत 11 मई को अस्पताल में संक्रमण की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। किडनी की समस्या के कारण उनकी अस्पताल में डायलिसिस की जाती थी। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि श्री सत्यपाल मलिक जी के निधन से दुखी हूं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओमशांति। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने शोक संदेश में कहा कि लोग उन्हें हमेशा ऐसे इंसान के रूप में याद रखेंगे, तो आखिरी वक्त तक बिना डरे सच बोलते रहे और जनता के हितों की बात करते रहे। र मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि वे बेबाकी और निडरता से सत्ता को सच्चाई का आइना दिखाते रहे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शोक व्यक्त किया।



■ **पीएम मोदी व राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने जताया दुख**

# वायुसेना व नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों का दिया बड़ा ऑर्डर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइलों ने अहम भूमिका निभाई थी। अब खबर आई है कि भारतीय वायुसेना और नौसेना ब्रह्मोस मिसाइलों का एक बड़ा ऑर्डर देने जा रही हैं। ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया था।

एक शीर्ष रक्षा विशेषज्ञ ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि रक्षा मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय बैठक जल्द होगी, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्मोस मिसाइलों के अधिग्रहण को मंजूरी दी जाएगी। ये खरीद भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों और भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए की जाएगी। ब्रह्मोस एक लंबी दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली है जिसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों जगह से प्रक्षेपित (लॉन्च) किया जा सकता है। ब्रह्मोस को डीआरडीओ, भारत और रूस के एनपीओएम द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। नौसेना अपने वीर-क्लास युद्धक जहाजों में ब्रह्मोस मिसाइलों का इस्तेमाल करेगी। वहीं वायुसेना अपने लड़ाकू जहाज एसयू-30 एमकेआई के बेड़े में इन खतरनाक मिसाइलों को तैनात करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल, ड्रोन्स और खासकर ब्रह्मोस मिसाइल ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया। बीती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा के छद्म संगठन टीआरएफ ने ली थी। हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 7 मई को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी। भारत की कार्रवाई में प्रमुख तौर पर ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। जिसने बेहद सटीकता से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद पाकिस्तान ने कायराना हरकत करते हुए भारत में नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। हालांकि भारत के एयर डिफेंस के सामने उसकी एक न चली।



■ **पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइलों ने निभाई थी अहम भूमिका**

# 1971 के अखबार से भारतीय सेना का अमेरिका पर निशाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने मंगलवार को 1971 के एक अखबार की कटिंग शेयर कर अमेरिका पर निशाना साधा है। इसमें दिखाया गया है कि 1971 के युद्ध की तैयारी में अमेरिका पाकिस्तान को हथियार दे रहा था। सेना की ईस्टर्न कमान ने एक्स पोस्ट में लिखा कि इस दिन, उस साल, युद्ध की तैयारी पांच अगस्त 1971, फैक्ट जानें।

1954 से अब तक (1971) पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार भेजे गए। इंडियन आर्मी का ये पोस्ट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी के एक दिन बाद आया है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। पांच अगस्त 1971 का अखबार, जिसे भारतीय सेना ने मंगलवार को शेयर किया है।

■ **कहा-अमेरिका ने युद्ध के लिए पाकिस्तान को हथियार दिए, कल ट्रम्प ने धमकी दी थी**

## संक्षिप्त समाचार

### समर्थ पोर्टल के जरिये होंगे एमबीबीएस बीडीएस के दाखिले

**लखनऊ।** नीट यूजी 2025 के तहत एमबीबीएस और बीडीएस में पहले चरण की च्वाइस फीलिंग के बाद दाखिले के इच्छुक छात्रों के प्रवेश समर्थ पोर्टल के जरिए होंगे। सरकार की मंशा केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। इस बाबत किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. वीरेंद्र आतम की ओर से आदेश जारी किया गया है। समर्थ को लागू करने के पीछे सरकार की मंशा है कि पोर्टल के जरिए होने से पूरा डेटा संग्रहित रहेगा। जरूरत पड़ने पर एक क्लिक में पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। इसको देखते हुए सरकार ने 2025-26 से समर्थ पोर्टल को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में जैसे बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों के प्रवेश ज्यादातर विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही हो रहे हैं। उसी तरह से अब मेडिकल के दाखिले भी पोर्टल पर होने हैं। इसके लिए नीट काउंसिलिंग के माध्यम से केजीएमयू में मौका पाने वाले अभ्यर्थियों को खुद को समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा।

### विदेशी नागरिक से धोखाधड़ी में दो साल की कैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की एक जिला अदालत ने एक विदेशी नागरिक से जमीन बेचने को लेकर की गई 34 लाख रुपए की ठगी के 12 साल पुराने मामले में दो भाइयों को दो साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने श्रीनगर के अबी-करपोरा निवासी दो भाइयों मुख्तार अहमद गुरु और नज़ीर अहमद गुरु को आरपीसी की धारा 420 और 109-बी के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का दोषी पाया।

# स्वदेशी अपनाना आज की सबसे बड़ी जरूरत

## वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुई: योगी

**अलीगढ़, वार्ता**



■ हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा, तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा

स्वदेशी को देश की जरुरत बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुई है।

योगी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज स्वदेशी अपनाना हम सब लोगों की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा, तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। मंगलवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में 958 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन अगर हमारा यह पैसा विदेशी हाथों में जाएगा तो आतंकवाद के रूप में धर्मांतरण के रूप में अव्यवस्था के रूप में विस्फोट के रूप में भारत को अस्थिर करने के लिए भारत के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाएगा। योगी ने आने वाले सभी त्योहारों पर लोगों से अपने स्वजनों को स्वदेशी उत्पादों को गिफ्ट के रूप में देने की अपील की। समारोह में योगी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि, टैबलेट, आवास की चाबियां और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भगवान कृष्ण के रूप में सजे बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट, माखन और खिलौने भेंट किए। योगी ने अलीगढ़ को 957 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उपहार देते हुए कहा कि रक्षाबंधन के ठीक पहले अलीगढ़ को यह विकास का तोहफा समर्पित है। इन परियोजनाओं में पेयजल पुनर्गठन योजना, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अतरौली से रेलवे स्टेशन मार्ग का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण, अतरौली में डिग्री कॉलेज और 900 किलोलीटर क्षमता के जलाशय का लोकार्पण शामिल है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जो अलीगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। योगी ने कहा कि ये परियोजनाएं अलीगढ़ को एक नई पहचान देंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगी। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अलीगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया।

# केन्द्र पर संविधान-लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप

**श्रीनगर, वार्ता**

■ अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-पीडीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को कश्मीर के प्रमुख राजनीतिक दलों ने केंद्र पर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने इसका जश्न मनाते हुए तिरंगा रैली निकाली।

पांच अगस्त-2019 को भाजपा नीत केंद्र सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस ने श्रीनगर में अलग-अलग प्रदर्शन किए तथा आज के दिन को 'संवैधानिक विश्वासघात' और जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाने का प्रतीक बताया। दोनों ही पार्टियों के विरोध प्रदर्शन हालांकि अपने-अपने पार्टी मुख्यालयों तक ही सीमित रहे। पुलिस ने दोनों पार्टी के नेताओं को लाल चौक की ओर मार्च करने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर जाने से रोकने के लिए कार्यालयों के आसपास पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भारी तैनाती की गयी थी। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने संवाददाताओं से कहा कि लगभग 100-150 पार्टी कार्यकर्ता और नेता यहां विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे और कार्यालय के प्रवेशद्वार के बाहर हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात थे। यह अपने आप में जम्मू-कश्मीर की कहानी बयां करता है। बाद में सुश्री मुफ्ती ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पांच अगस्त न केवल जम्मू कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक काला दिन है। इस दिन संविधान को विदेशी हाथों से नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के केंद्र में क्रूर बहुमत के जरिए नष्ट किया गया था। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे का असंवैधानिक हनन अंत नहीं था, बल्कि संवैधानिक मूल्यों पर एक व्यापक हमले की शुरुआत थी।

# अंबेडकरवादी सिद्धांत पर चलने वाला दल है बसपा

**लखनऊ, वार्ता**



■ कुछ लोग बसपा की छवि खराब करने में लगे: मायावती

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने साफ किया है कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी अथवा कांग्रेस जैसे दलों से अलग अंबेडकरवादी सिद्धांत और नीति पर चलने वाली है।

सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि कुछ लोग बसपा की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए उन्हें कहना है कि बसपा ना तो बीजेपी के एनडीए गठबंधन के साथ है और ना ही कांग्रेस के इण्डिया समूह (गठबंधन) के साथ है तथा ना ही अन्य किसी और भी फ्रन्ट के साथ है। बल्कि इन दोनों व अन्य और किसी भी जातिवादी गठबंधनों से अलग अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त व नीति पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद खासकर दलित, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी तथा इन वर्गों के प्रति जातिवादी मानसिकता रखने वाले कुछ मीडिया बसपा की इमेज को बीच-बीच में धूमिल करने व राजनीतिक नुकसान पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं, जिसको लेकर पार्टी को लगातार अपने लोगों को इनसे सतर्क करते रहने की ज़रूरत पड़ती रहती है।

## यूपी के अधिकांश जिले बाढ़ और बारिश की चपेट में

# पश्चिमी-पूर्वी उप्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अगले 24-36 घंटों तक बिना किसी खास बदलाव के बारिश जारी रहने की उम्मीद

■ वाराणसी में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गंगा खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिले इस समय बाढ़ और बारिश की चपेट में हैं। बाढ़ की वजह से पूर्वांचल के कई गांव जलमग्न हो चुके हैं। प्रशासन लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटा है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भारी बारिश हो रही है और अगले 24-36 घंटों तक बिना किसी खास बदलाव के जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट और पूर्वी तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दोनों के लिए अगले 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग के एक अधिकारी मुताबिक मानसून की रेखा अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई है और लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, शामली आदि से होकर गुज़र रही है। बिहार से सटे राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर बना एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र भारी बारिश में योगदान दे रहा है। गौरतलब है कि मौसम के कहर का असर खास तौर पर कानपुर, लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में दिखाई दिया, जहां सड़कें नालों में बदल गईं और एहतियात बरतना ज़रूरी हो गया। बारिश ने गाजीपुर में रात भर जमकर कहर बरपाया, जिससे सड़कें नालों में बदल गईं। तस्वीरों में वाहन आधे डूबे हुए और निवासी छाती तक गहरे पानी में तैरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### अब तक 16 लोगों की मौत, सवा लाख से अधिक प्रभावित

**लखनऊ।** गंगा, यमुना, घाघरा, राप्ती, शारदा और रामगंगा सहित प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अब तक प्रदेश में कुल 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें डूबने, करंट लगने, सर्पदंश और दीवार गिरने की घटनाएं प्रमुख हैं। सरकारी रिपोर्टों और विभिन्न समाचार माध्यमों के अनुसार, राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर लगभग 1 लाख 72 हजार हो चुकी है। इनमें से लगभग 47 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। राज्य सरकार ने कुल 905 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जिनमें भोजन, चिकित्सा और अन्य मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, औरैया, कानपुर, लखनऊ, आगरा, एटा, हमीरपुर, कानपुर देहात, गाज़ियाबाद और जालौन जैसे जिले सर्वाधिक प्रभावित बताए जा रहे हैं। इन जिलों में कई स्थानों पर घरों में पानी भर गया है, सड़कें जलमग्न हैं और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण घाटों को बंद कर दिया गया है।



**सेंसेक्स** 80710.25
**निफ्टी** 24649.55



**सोना रु.** 99759
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 111508
प्रति किलो



# घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही

**मुंबई, वार्ता**



भारत पर आयात शुल्क और बढ़ाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चेतावनी के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 308.47 अंक यानी 0.38 प्रतिशत टूटकर 80,710.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.20 अंक (0.30 प्रतिशत) फिसलकर 24,649.55 अंक पर बंद हुआ। ट्रम्प ने सोमवार को धमकी दी थी कि भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात नहीं रोका तो अमेरिका आयात शुल्क और बढ़ा देगा। अमेरिका ने 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया है। इसके बाद आज तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के शेयर सबसे ज्यादा दबाव में रहे। एफएमसीजी, सूचना प्रौद्योगिकी और फार्मा क्षेत्र की कंपनियां भी दबाव में रहीं। रियलिटी और स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों के सूचकांक भी लुढ़क गए। बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स करीब 72 अंक टूटकर 80,946.43 अंक पर खुला। यह ऊपर 81,010.49 अंक और नीचे 80,554.40 अंक को छूने के बाद अंत में 80,710.25 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी.50 भी 2.50 अंक की मामूली गिरावट में 24,720.25 अंक पर खुला। इसका दिन का उच्चतम स्तर 24,733.10 अंक और निचला स्तर 24,590.30 अंक रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में तिमाही परिणामों की घोषणा के बाद अडानी पोर्ट्स का शेयर 2.38 फीसदी लुढ़क गया। एकल आधार पर पहली तिमाही में कंपनी के मुनाफे में 35 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.40 फीसदी, इंफोसिस में 1.39 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1.19 नीचे बंद हुए। इटरनल, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और पावरग्रिड में भी गिरावट रही। सेंसेक्स में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मारुति सुजुकी में 1.30 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.22 प्रतिशत और भारती एयरटेल में 0.77 प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.29 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप-50 में 0.58 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में और बढ़ी

**मुंबई।** विदेशों से नए ऑर्डर आने से देश के सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में बढ़ती हुयी 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मासिक आधार पर सेवा क्षेत्र की गतिविधि को आंकने वाला एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबार गतिविधि सूचकांक जून के 60.4 से बढ़कर जुलाई में 60.5 पर पहुंच गया। यह पिछले साल अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। गौरतलब है कि सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और उससे नीचे रहना गिरावट दिखाता है, जबकि 50 का स्तर बताता है कि कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# चार करोड़ डुप्लिकेट रसोई गैस कनेक्शन डिएक्टिव: पुरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



सरकार ने 10 साल में चार करोड़ से ज्यादा डुप्लिकेट, फर्जी या लंबे समय से रिफिल न कराने वाले रसोई गैस (एलपीजी) कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट कर दिया है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि जनवरी 2015 में शुरू की गई 'पहल' योजना से ऐसे कनेक्शनों की पहचान करने में मदद मिली है। अब सभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर ग्राहकों को बिना सब्सिडी के बाजार मूल्य पर दिए जाते हैं और सब्सिडी की रकम सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। यदि किसी कारणवश सब्सिडी की राशि खाते में भेजने में दिक्कत आती है, तो एसएमएस के जरिए उसकी भी सूचना दी जाती है। सरकार लगातार एलपीजी वितरण और सब्सिडी हस्तांतरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपाय कर रही है। 'पहल' की शुरुआत के बाद से 1 जुलाई 2025 तक 4.08 करोड़ डुप्लिकेट, फेक और निष्क्रिय कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट किया गया है। आधार आधारित सत्यापन, बायोमीट्रिक प्रमाणन और अवैध तथा डुप्लिकेट कनेक्शनों को रोकने से लक्षित सब्सिडी वितरण की प्रणाली मजबूत हुई है। मंत्री ने कहा कि अनुपालना सुनिश्चित करने और अनुचित कामों को रोकने के लिए तेल विपणन कंपनियों के फील्ड अधिकारी एलपीजी वितरकों के यहां नियमित और औचक निरीक्षण करते रहते हैं। इसके अलावा, रीजनल, जोनल तथा डिविजनल कार्यालयों के अधिकारी और मिलावट रोकने वाली इकाई, गुणवत्ता निगरानी करने वाली इकाई और विजिलेंस विभाग के अधिकारी भी वितरकों के गोडाउन, शोरूम, वितरण स्थलों और रास्ते में औचक निरीक्षण करते हैं, ताकि एलपीजी के अवैध इस्तेमाल को रोका जा सके। पुरी ने बताया कि 01 जुलाई 2025 तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 67 प्रतिशत लाभार्थियों बायोमीट्रिक आधार प्रमाणन पूरा हो चुका है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड में...**

के साथ काम कर रही हैं। कमांडेंट ने यह भी बताया कि धराली काफी भूगर्भीय चुनौती वाली जगह है। वहां राहत बचाव का काम करना बहुत मुश्किल टास्क है। मौसम अभी सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, लगातार बारिश हो रही है। रात में बहुत ठंड हो जाती है। इसकी वजह से रेस्क्यू चुनौतीपूर्ण है। धराली उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में एक छोटा सा गांव है, जो गंगोत्री के पास हर्षिल एरिया से सिर्फ 2 किमी आगे ही है। यहां से गंगोत्री धाम 8-10 किलोमीटर दूर है। चारधाम यात्रा मार्ग पर पड़ने की वजह से धराली में बहुत सारे होटल, रेस्टोरेंट और होमस्टे हैं। इसकी वजह से बाढ़ में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। धराली गंगा नदी के तट पर बसा हुआ है। यह समुद्र तल से लगभग 2,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और हिमालय की गोद में बसा होने के कारण यह पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए आकर्षक स्थल है। भारतीय सेना ने बताया कि मंगलवार दोपहर लगभग 1:45 बजे, हर्षिल स्थित भारतीय सेना शिविर से लगभग 4 किलोमीटर दूर, धराली गांव के पास बादल फटने से लैंडस्लाइड हुआ। निचले हर्षिल क्षेत्र में एक शिविर से 8-10 भारतीय सेना के जवान लापता बताए जा रहे हैं। सेना ने 150 कर्मियों को तैनात किया जो 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए और तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। अब तक 15-20 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है और घायलों को हर्षिल स्थित भारतीय सेना के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। सर्च और रेस्क्यू का काम चल रहा है। फंसे हुए लोगों का पता लगाने और उन्हें निकालने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और भारतीय सेना प्रभावित नागरिकों को हर संभव मदद कर रही है। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट और एसपी दोनों घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। जान-माल के नुकसान की आशंका है। हमने एसडीआरएफ के साथ-साथ एनडीआरएफ को भी भेजा है। हम पहले आकलन कर रहे हैं और जैसे ही हमें नुकसान का स्तर पता चलेगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया कि काफी संपत्ति का नुकसान हुआ है। हताहतों के बारे में अभी कुछ कहना संभव नहीं है। हमारी सेना की टीम, जो हर्षिल में है, मौके पर पहुंच गई है। साथ ही जिलाधिकारी, एसएसपी भी वहां पहुंच रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी वहां भेजा गया है। पहली प्राथमिकता लोगों को बचाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सक्रिय कर दी गई है। एसडीआरएफ के आईजी अरुण मोहन जोशी ने कहा कि जैसे ही हमें घटना की जानकारी मिली, हमारी टीम मौके पर पहुंच गई। दो अन्य टीमें भी जल्द ही पहुंचने वाली हैं। राहत और बचाव कार्य समन्वय के साथ किया जा रहा है। आसपास की एनडीआरएफ और सेना की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। हमारे एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय से विशेष उपकरण भेजे जा रहे हैं, जो इस आपदा में उपयोगी हो सकते हैं।

# एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों पर विकास शुल्क बढ़ेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों के लिए विकास शुल्क बढ़ाने की योजना बना रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसको लेकर मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी, जिसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने और अनंतनगर आवास योजना, आईटी सिटी सहित आगामी आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटित करने के प्रस्ताव पर प्राधिकरण ने बैठक बुलाई थी जिसमें इन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि शहीद पथ, किसान पथ और ग्रीन कॉरिडोर के 500 मीटर के दायरे में स्थित संपत्तियों के लिए विशेष सुविधा शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई है। एकत्रित राशि का उपयोग इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुधारों के लिए किया जाएगा। इसके अलावा जेपीएनआईसी के प्रबंधन और एलडीए को नियंत्रण हस्तांतरित करने के लिए एक एजेंसी को मंजूरी देने का मामला भी बैठक में उठा। इसके अलावा, अनंतनगर, आईटी सिटी और कामधेनु नगर सहित आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटन की समीक्षा की गई। बोर्ड में कबीर नगर देवपुर पारा आवास योजना में निर्माणाधीन फ्लैटों को 1बीएचके और 2बीएचके इकाइयों में परिवर्तित करने के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। ऐशबाग, बसंत कुंज, गोमती नगर (विराज खंड) और गोमती नगर एक्सटेंशन के सेक्टर-4 में नई समूह आवास योजनाओं पर मंथन किया गया। मूल रूप से टेलीफोन एक्सचेंज, डाकघरों और सबस्टेशनों के लिए निर्धारित भूखंडों के भूमि उपयोग में परिवर्तन का प्रस्ताव किया गया।

### अटल शताब्दी आवासीय योजना को लेकर योगी का जताया आभार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मेरठ शहर में शुरू होने जा रही टाउनशिप योजना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल शताब्दी आवासीय योजना करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि लंबे समय से यह एक सपना था जो अब पूरा हुआ है। वाजपेयी ने कहा कि मैने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि आप मेरठ में आवासीय योजना की शुरुआत करने आ रहे हैं। मेरा आग्रह है कि आप इसका नामकरण पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से करें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीपुर, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चोर समझकर चालक को जमकर पीटा

## चिल्लाता रहा युवक, शेरनगर में हुई घटना, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस प्रशासन फर्जी अफवाहों व चोर के शव को लेकर गांव-गांव में चौपाल लगाकर लोगों से संवाद कर रहे है वहीं नगर में भी जिम्मेदार लोगों से मिलकर अफवाहों को रोकने के लिए रात दिन एक दिन किए हुए है, लेकिन इसके बाद भी अफवाहों पर अंकुश लगता नजर नहीं आ रहा है देखने में यह आ रहा है कि चोर के शोक पर लोग इतने भयभीत है कि अपने गांव व गलियों के लोगों को भी बुरी तरह पीट रहे है। ऐसा ही मामला गांव शेरनगर में देखने को मिला जब एक ट्रक चालक बाइक द्वारा अपने गांव में घुसा तो पहरा दे रहे कुछ लोगों ने उस पर लाठी डंडो से हमला कर उसको अस्पताल जाने पर मजबूर कर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

बता दे कि काफी समय से जनपद में अफवाह फैलने का सिलसिला जारी है कभी ड्रोन की अफवाह जोर पकड रही है तो कभी गांव में चोरो का शोर मच रहा है जिसके चलते लोग


हमले में घायल हुआ चालक मोहसीन।

पहरा देने पर मजबूर है और कुछ स्थानों पर तो लोग रातभर जाग रहे है। इसी क्रम में सोमवार की देर रात करीब दो बजे गांव शेरनगर में एक ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर दिया गया, बताया जाता है कि नई मंडी क्षेत्र के गांव शेरनगर निवासी मोहसीन पुत्र अख्तर ट्रक चलाता है। बीती रात करीब दो बजे मोहसीन हरियाणा के जमनानगर से ट्रक को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचा मोहसीन ने ट्रक को यही खडा किया और बाइक द्वारा अपने गांव लौटने लगा।

जैसे ही वह गांव में घुसा तो अचानक ही पहरा दे रहे कुछ लोगों ने चोर समझकर उसको रोक लिया। इससे पहले मोहसीन उनसे कुछ कह पाता इतने में ही उस पर लाठी डंडे बरसने लगे। मोहसीन ने हमलावरों से बताया कि वह गांव काही निवासी है, लेकिन हमलावर नहीं रूके और उसको घायल कर दिया। देर रात के समय घायल मोहसीन व परिजन नई मंडी थाने पहुंचे जहां मंगलवार की सवेरे मोहसीन का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। मोहसीन ने कुछ लोगों के नाम जद और कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई के भरे नमूनें

**कई दुकानों पर पहुंची टीम, व्यापारियों में मचा हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के त्यौहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य व पेय पदार्थ के कुछ प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए मिष्ठानों के नमूने लिए। मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने मिष्ठानों की दुकान पर छापेमार कार्यवाही की। यह कार्यवाही औषधि प्रशासन लखनऊ के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य अर्चना धीरान व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिव कुमार मिश्र के नेतृत्व में की गई। इस दौरान टीम नन्दी स्वीट्स कोर्ट रोड पर पहुंची और यहां से टीम ने पनीर व घेवर के नमूने लिए, इसके बाद टीम ने लेखा स्वीट्स सरकूलर रोड पर पहुंचकर मावा, चमचम व शाही टोस्ट का एक-एक नमूना लिया। इस दौरान टीम ने लगभग 20 किलो ग्राम मिठाई जिनकी कीमत पांच हजार रूपये है। इसके बाद टीम ने आहूजा स्वीट्स हनुमान चौक शामली रोड से गुंदी के लड्डू व बर्फी के नमूने लिए इसके अलावा भी खाद्य विभाग की टीम ने कई दुकानों से मिष्ठान व पेय पदार्थो के नमूने लिए। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने वैभव शर्मा, विशाल चौधरी, सुनील कुमार, कुलदीप आदि शामिल रहे। टीम का कहना है कि शिकायत मिलने के आधार पर कार्यवाही की जा रही है और टीम ने यह भी कहा कि यदि नकली खाद्य पदार्थ व पेय पदार्थ की सूचना मिले तो तुरंत ही विभाग को दी जाए। टीम ने यह भी बताया कि कुछ व्यापारी नकली मिठाईयां बनाकर लोगों के स्वास्थ से खिलवाड करते है।



# डीएम व एसएसपी ने कहा-हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गौरवशाली इतिहास, त्याग, बलिदान और राष्ट्रीय एकता की याद दिलाने वाला 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को जनपद में परम्परागत रूप से हर्षोल्लास से मनायें के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष 13-15 अगस्त के मध्य संचालित हर घर तिरंगा उपयोग में लाने के लिये प्रेषित किया जाए। 13 से 15 अगस्त तक लोगों को अपने-अपने घरो, कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों , औद्योगिक प्रतिष्ठानों , शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, आंगनबाडी केन्द्रों, अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में एफ.एम., रेडियो चैनल, स्थानीय केबिल नेटवर्क, प्रिंट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया, बस स्टेशनो, मेट्रो स्टेशनों आदि पर प्रचार-प्रसार किया जाए।

नगर पालिका क्षेत्र एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से जुडे समस्त स्थलों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं साइनेज भी लगवाये जाए। यह आदेश जिलाधिकारी ने समस्त शिक्षा संस्थाओं में हर घर तिरंगा से संबंधित कार्यक्रम के आयोजन का जारी किया है। 15 अगस्त को सवेरे आठ बजे सरकारी तथा गेर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाने तथा झण्डा-अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन के भी आदेश दिए गए है। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर जोर दिया जाये तथा स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को सम्मानित करने पर भी विचार किया गया। समस्त शिक्षण संस्थाओं में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये, जिसमें राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाय तथा देश पर शहीद हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराये जाये।


मुजफ्फरनगर : स्वतंत्रता दिवस को लेकर अधिकारियों ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश।

## एक नजर...

### बारिश का कहर: देर रात गिरी मजदूर के मकान की छत, लाखों का नुकसान

**भोपा।** भारी बारिश के बीच आधी रात मजदूर के कच्चे मकान की छत गिर गयी। जिसमें कीमती घरेलू सामान दब गया गरीब मजदूर ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी अहसान ने जानकारी देकर बताया कि सोमवार की मध्य रात्रि को वह अपने परिवार के साथ मकान के अंदर सो रहा था इसी दौरान हो रही भारी बारिश से मकान की छत गिरने लगी परिवार ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई गनीमत रही कि परिवार के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं लगी। उस दौरान अंदर अहसान के अलावा घर में पत्नी जरका बेगम, पुत्र ताबिश, दानिश, मोनिस, मुहासिब व पुत्री मुबशशिरा मौजूद थे। ग्राम प्रधान आबिद सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से मजदूर के मकान को बनवाने की मांग की है।

### एसएसपी ने जनपद के 422 पुलिसकर्मियों को किया इधर से उधर

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तीन वर्षो में होने वाले पुलिसकर्मियों के स्थानानतरण प्रक्रिया शुरू करते हुए 422 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर कर दिया है। जनपद के पुलिस मुखिया का मानना है कि प्रक्रिया के अनुसार तबादले किए गए है और इससे जनपद के अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। एसएसपी ने तबादले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कोतवाली में तैनात मनवीर सिंह, मदन लाल, किशन लाल, गौरव, संधु, मशकुर चौधरी को फुगाना व नई मंडी में तैनात किया है। एसएसपी ने सिविल लाइन थाने में तैनात सिपाही रणजीत सिंह, नितिन कुमार, गौतम सिंह, लोकेश को फुगाना थाने में तैनाती दी है। वहीं महिला थाने में तैनात रविन्द्र सिंह को फुगाना भेजा है, जबकि नई मंडी से सिपाही सोहनवीर सिंह, राहुल कुमार, संजीव कुमार, तेजवीर सिंह, मोहित शर्मा, रजनीश शर्मा, इरफान अली, प्रशांत, प्रशांत कुमार, कपिल राणा, अमित कुमार को तितावी व भौराकलां तथा सिविल लाइन में तैनात किया है। एसएसपी सिखेडा में तैनात जोगिन्द्र नागर को चरथावल और छपार में तैनात विनय कुमार को चरथावल तथा चरथावल में तैनात सिपाही अजय कुमार, मुनमुन जैन को छपार व पुरकाजी मदन सिंह को मंसूरपुर, अनुज कुमार को खतौली से जानसठ, मोहित कुमार व सौरभ कुमार को मंसूरपुर व जानसठ, कमल सिंह व अजय कुमार को मंसूरपुर से खतौली, अजय कुमार को मसूंरपुर से खतौली, अरविंद कुमार को जानसठ से रामराज व सोनू को मीरांपुर से रामराज, अवधेश, नवीन कुमार को रामराज से ककरौली, अरूण कुमार को ककरौली से मीरांपुर, राजेन्द्र सिंह को बुढाना से शाहपुर, महेन्द्र सिंह को बुढ़ाना से शाहपुर, दिनेश कुमार को शाहपुर से रतनपुरी, मनोज कुमार, लोकेन्द्र कुमार, रोहित चौहान को तितावी व भौराकलां, नितिन चौधरी को भौराकलां से नई मंडी, जयभगवान को तितावी से नई मंडी, महिला कास्टेबिल गीता रानी को कोतवाली से महिला थाने, पूजा को रामराज से मीरांपुर, पवन कुमार को कोतवाली से मीरापुर, नितिन कुमार को कोतवाली से रामराज, दीपक यादव को कोतवाली से रामराज, रोहित व हरिशंकर , दीपक कुमार पाल, मनजीत सिंह को कोतवाली से रामराज व जानसठ में नियुक्त किया है। इसके अलावा एसएसपी ने 422 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर थाने में तैनात किया है।

### चोरों की अफवाह से मची अफरा-तफरी

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस के हर हत्थकंडे इस्तेमाल करने के बाद भी जनपद के कुछ गांव मौहल्लों में अभी भी चोर होने का शोर हो रहा है। शेरनगर में चोर समझकर एक निर्दोष की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है, जबकि बीती रात मंडी क्षेत्र के सुभाष नगर में टावर पर चोर होने के शोर से यहां हड़कंप मचा रहा।

जनपद में काफी समय से संदिग्ध ड्रोन के साथ कई मौहल्लों व गांव में चोर होने का शोर मच रहा है, हालांकि पुलिस प्रशासन अपनी ओर से पूरी तरह सतर्क है और अफवाह फैलाने वालों पर गंभीर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस प्रशासन दर्जनों अफवाह फैलाने वालों को जेल चुकी है। इस शोर ने लोगों की रातों की नींद हराम कर रखी है। अफवाहे फैलाने वालो पर कड़ा शिकंजा कसा जाएगा, लेकिन इसके बाद भी लोग खौफ से बाहर नहीं निकल पा रहे है। नई मंडी सुभाष नगर में भी बीती देर रात बीएसएनएल के टावर पर चोर होने की अफवाह से लोगों में अफरा-तफरी मची रही। इसके अलावा भी कई मौहल्लों में चोर होने का शोर मचा, पुलिस कर्मियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह पूरी तरह गश्त पर मुस्तैद है और चोरों की सिर्फ अफवाह है।

### प्लॉट खरीदने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मदीना कॉलोनी निवासी तस्लीम ने थाना सिविल लाइन में 18 मई को मुकदमा दर्ज कराया कि उनका भाई मुर्सलीन मिमलाना रोड निवासी आफताब व लद्धावाला निवासी दिलशाद उर्फ पप्पू को काफी समय से जानता था। आफताब रुड़की रोड पर स्थित कई दुकानों के बारे में मुख्तयारखास है। इस संपत्ति की खरीद फरोख्त करता है। दोनों आरोपी जमीनों की खरीद फरोख्त का काम भी करते है। दोनों को प्लॉट खरीदने के नाम पर 32 लाख 59 हजार 234 रुपये गवाहों के सामने दिए। एक अन्य दुकान भी खरीदने के बारे में बात की। प्लॉट का निर्धारित समय पर बैनामा नही किया। प्लॉट भी किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। प्लाट के बारे में दिए रुपये मांगने पर धमकी दी गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जांच करते हुए मंगलवार को आरोपी आफताब को गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी का चालान कर दिया है।

### सोलवर गैंग का सक्रिय सदस्य दबोचा

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे दस हजार के इनामी सोलवर गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस घटना के दिन से ही आरोपी की तलाश में लगी हुइ थी और काफी भागदौड के बाद पुलिस को सफलता मिली। शहर कोतवाली की माने तो सुमित कादियान निवासी गंनौर हरियाणा सोलवर गैंग का सक्रिय सदस्य है और इस मामले में कई लोगों को जेल भेजा गया था गत वर्ष से पुलिस सुमित कादियान की तलाश में लगी थी। गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने उस पर दस हजार का इनाम घोषित कर दिया था। गत दिवस पुलिस परीक्षा में सोलवर गैंग के सक्रिय सदस्य सुमित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पुलिस अब तक ग्यारह लोगों को जेल भेज चुकी है।

# श्रीलंका के सिविल सर्वेंट्स का जनपद में जोरदार स्वागत

**एसएसपी ने अपराध व यातायात तथा भाईचारे की दी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में भ्रमण पर आए श्रीलंका के सर्वेंट दल का जनपद के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा अधीनस्थ अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्हे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने हिन्दू और मुस्लिम के बीच आपसी भाईचारा व अन्य किस्से सुनाए। एसएसपी संजय वर्मा ने एक बाद एक उन्हे बताया कि यहां के लोग भाईचारा बनाकर रहते है और एक दूसरे का त्यौहार मिल जुलकर मनाते है। उन्होने हाल ही में जनपद से गुजरी कांवड यात्रा का उदाहरण दिया और श्री लंका के सिविल सर्वेट को बताया कि यूपी में हर वर्ष कावंड़ यात्रा होती है जिसमें मुस्लिम भी बढ़



चढ़कर हिस्सा लेते है। एसएसपी ने खास तौर पर इस चीज को भी बताया कि यूपी में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर शासन व प्रशासन कड़े कदम उठा रहा है। श्रीलंका के सिविल सर्वेट के दल के मुजफ्फरनगर के आगमन पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने विकास भवन में एक सभा का आयोजन कर उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों को सभी का परिचय दिया। इस दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व एडीएम ने जिले के गौरव शाली इतिहास की कार्यप्रणाली, केन्द्रीय व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वहन और पुलिस प्रशासन के बीच मेल जोड आदि के बारे में भी जानकारी दी। एसएसपी ने जिले में हिन्दू और मुस्लिम के बीच आपसी भाईचारा व सौहार्द के संबंध में भी उन्हे बताया।

एसएसपी ने आपसी सौहार्द से जुडे कई सवालों के जवाब उन्हे दिए और सिविल सर्वेंट के दल को बताया कि हाल ही में यहां से कांवड यात्रा निकली है जिसमें लाखों करोडो शिवभक्त इधर से गुजरे इसमें मुस्लिम समाज के लोगों का भरपूर सहयोग रहा और मुस्लिम समाज ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान नोडल अधिकारी एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ ने पुलिस की कार्यशाली, अपराध नियंत्रण, समुदायिक पुलिसिंग महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस दौरान श्री लंका से आए मेहमानों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में होगी ज़ज्बा दौड़

## ज़ज्बा दौड़ के दौरान शहीदों को किया जाएगा याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जज्बा दौड़-11 के माध्यम से शहीदो के प्रति एक नया जज्बा पूरे मुजफ्फरनगर के अन्दर देखने को मिल रहा है। मुजफ्फरनगर का प्रत्येक व्यक्ति ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में पूरे जज्बे के साथ 10 अगस्त रविवार को प्रात: 5:30 बजे दौड़कर अपना जज्बा दिखायेगा। मंगलवार को पचेंडा रोड स्थित पंजाबी बारात घर में जज्बा दौड़ के संयोजकों ने जज्बा दौड के संयोजकों ने पत्रकारों से वार्ता की। संयोजकों ने बताया कि दौड-11 में दौड़ने के लिए रामायण के राम अरूण गोविल, विश्व योग गुरू बाबा रामदेव, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम सहित सभी जनप्रतिनिधि अपना समर्थन दे चुके है, जिनके स्वागत सम्मान के लिए हर व्यक्ति अपने-अपने भावो के अनुसार स्वागत करने को तैयार है। 10 अगस्त की जज्बा दौड़ में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद चंदन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, विधायक मिथलेश पाल, पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी संजीव वर्मा, सभी पालिका सभासद, सभी जिला पंचायत सदस्य, सभी संगठन एक साथ छात्र-छात्राओ के साथ कदम से कदम मिलाकर जज्बा दौड़-11 में दौडेगे। जज्बा दौड़-11 लगभग 3 किलोमीटर प्रात: 5:30 बजे पहले लड़कियो की दौड़ शुरू की जायेगी। जो राजकीय इंटर कॉलेज के गेट न0 1 पर स्थित तिरंगे के नीचे से शुरू होगी। उसके लगभग 15 मिनट बाद गेट न0 2 से दूसरी दौड़ लड़को की शुरू होगी। जिन्हे जनप्रति. निधि, अधिकारी व समाज के प्रबुद्ध लोग केसरिया झंडी लहराकर अपना




जज्बा दिखाने के लिए दौड़ का शुभारंभ करेगे। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका आदि ने दौड़ को विश्वस्तरीय बनाने के लिए हर प्रकार से तैयारियाँ कर ली है। लड़के-लड़कियो की दौड़ के रास्ते पर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, एम्बुलेंस व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, जल व्यवस्था, संगठनो द्वारा स्वागत व्यवस्था आदि कर ली गई है। प्रेस को संबोधित करते हुये जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, सत्यप्रकाश रेशू, व्यवस्थापक अमित पटपटिया ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रत्येक रजिस्ट्रेड जाबांज को टी-शर्ट मिलेगी।

लड़के-लड़कियों को अलग-अलग लाखों के ईनाम शहिदों की याद में अपना पसीना बहाने के लिए लक्की ड्रॉ द्वारा दिये जायेगे। जज्बा दौड़ में दौड़ने के लिए फार्म आसानी से उपलब्ध है। प्रथम आने वाले लड़के को स्कूटर व एक लड़की को स्कूटर अलग-अलग दिया जायेगा। 15 साइकिलो के अतिरिक्त जीवन उपयोगी अनेको पुरूस्कार शहीदों के सम्मान में दिये जायेगे। जज्बा दौड़-11 हर नागरिक में ''घर घर तिरंगा - हर घर तिरंगा'' अभियान को भी जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भमिका निभाएगी। जज्बा दौड़-11 ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में भारतीय सेना के शुरवीरो को समर्पित रहेगी। लडकियो की टीम का नेतृत्व समर्पित युवा की महिला विंग व लड़को की टीम का नेतृत्व समर्पित युवा पुरूष विंग करेगी। जज्बा दौड़-11 का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से शुरू होकर महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, जिला अस्पताल, घास मंडी, अंसारी रोड़, मालवीय चौक, झांसी की रानी, कोर्ट रोड़, प्रकाश चौक, महावीर चौक व राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में पूरी होगी। जो एक राष्ट्रभक्ति के रंगारंग कार्यक्रम व पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य रूप ले लेगी। सात अगस्त को सांय चार बजे गांधी वाटिका, गांधी कॉलोनी से जज्बा-11 बाइक रैली निकाली जायेगी। जिसका शुभारंभ जिला अधिकारी उमेश मिश्रा व भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी आदि संयुक्त रूप से करेंगे। जो बाइक रैली शहर के मुख्य रास्तो पर होते हुए रेश विहार पर विराम करेगी। प्रेस कॉन्फ्रंस में अमित पटपटिया, हितेश आनंद, अजय अनेजा, गुलशन अरोड़ा, हरिश अरोरा, राजकुमार ग्रोवर, गौरव नारंग, कार्तिक कपिल, अगम बंसल, अनिक. ेत गुप्ता, संदीप राज, मनीष कपूर, मानस मालिक,मनी पटपटिया, अंशु बाठला, पारूल कुमार, शालिनी आनंद, राखी ग्रोवर,कमला भगत,सोनिया लूथरा आदि उपस्थित रहे।


**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को सुबह हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। कई दिनों से गर्मी झेल रहे लोगों को राहत मिली। मंगलवार सुबह आसमान में बादल छाए हुए थे। करीब 11 बजे हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते बारिश तेज हो गई। इससे लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हुई, हालांकि अपने काम पर जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन अगर किसानों की माने तो इस बारिश से किसानों की फसलों को भी काफी राहत मिलेगी।

# सुबह सवेरे मकान में घुसकर लाखों की चोरी, परिवार में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** सुबह सवेरे एक मकान में घुसकर चोरों ने पचास हजार की नकदी व लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। महिला के शोर मचाने पर चोर मकान की छत से कूद कर भाग निकले। सूचना पर पुलिस व सीओ सदर देवव्रत वाजपेई मौके पर पहुंचे। पीडित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच ओर चोरों की तलाश में जुटी हुई है। गांव बरला निवासी योगेश त्यागी ने तहरीर देकर बताया। कि उसका दो मंजिला मकान है। नीचे घेर व ऊपर घर है। मंगलवार को सुबह साढे चार बजे वह पशुओं का दूध निकाल रहा था। महिला कमरे से बाहर निकली और उसने दो युवकों को निकलते हुए देखा तो एक बदमाश ने उसे पकडने की कोशिश की। महिला शोर मचाती हुई जीन्ने से आई ओर घटना की जानकारी दी जिसपर योगेश व परिवार के सदस्य ऊपर गये लेकिन तब तक चोर मकान से कूदकर भाग गये। कमरे में देखा तो अलमारी का सामान बिखरा पडा था जिसमें रखें 50 हजार रुपए नकद व सोने का हार,तीन अंगूठी सोने की , दो सोने की चेन, चार सोने के कंगन ओर चांदी की तीन जोडी पाजेब सहित अन्य सामान गायब मिला। पीडित ने 112 डायल को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची ओर चोरों को ढूंढने के लिए जंगल में काम्बिंग की, लेकिन चोरों का पता नहीं लग सका। दिन में सीओ सदर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ओर जानकारी की।

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार, विज्ञापन, नाम परिवर्तन, बेदखली, सूचना आदि छपवाने के लिए संपर्क करें।
नसीम सैफी
( सिटी इंचार्ज मुजफ्फरनगर )
Mob- 9027988482
email: shahtimes1999@gmail.com
सिटी सेन्टर मार्किट, प्रथम तल, मीनाक्षी चौक
जिला मुजफ्फरनगर

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आईटीआई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGNING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पताः- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# भोकरहेडी में दरक गई निर्माणधीन तालाब की दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र मे हो रही बारिश के कारण मकानों की छते टपकने लगी हैं वहीं कस्बा भोकरहेड़ी मे प्रशासन की लापरवाही का एक बड़ा मामला प्रकाश मे आया है। जहां मकानों के गिरने का खतरा ग्रामीणों ने जताया है।कस्बे के मोहल्ला कुंवापटी मे जारी तालाब सौंदर्यकरण मे प्रशासन की अनदेखी के चलते तालाब की निर्माणधीन दीवारे दरक गयी हैं।जिससे आस पास रह रहे ग्रामीणों ने अपने मकानो के गिर जाने की आशंका जताई है।



नगर पंचायत भोकरहेड़ी के मोहल्ला कुँवापट्टी के वार्ड सभासद देवेन्द्र सिंह, पूर्व सभासद विनोद कुमार, राहुल कुमार,यशवीर सिंह,कालू सिंह, अमित कुमार, सुमीत कुमार, मंकुल,बिल्लू, अंकुर, बबलू, उपेन्द्र, आकाश राठी, हनी कुमार आदि ने मंगलवार को प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर बताया की मोहल्ले मे लगभग पिछले छरू माह से तालाब के सौंदर्यकरण का कार्य जारी है। कार्य के दौरान महीनो तक मिटी व कीचड़ के ढ़ेर तालाब के किनारो पर लगे रहे जिसके बाद महीनो तक इस मिट्टी को हटाने का कार्य किया गया। कार्य के दौरान आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। जिसके बाद तालाब मे रपटे व दीवार बनाने का काम शुरू हुआ।जिसमें घटिया सामग्री लगाने की शिकायत ग्रामीण बार बार करते रहे। किन्तु प्रशासन द्वारा समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया परिणाम स्वरूप बारिश होते ही घटिया सामग्री पानी मे बहने लगी ओर तालाब की साइड दीवारे दरक गयी। जिसे देख आस पास रहने वाले ग्रामीण भयभीत हो गये। ग्रामीणों के अनुसार तालाब की दीवार दरकने से उनके मकानों के गिर जाने का खतरा उतपन्न हो गया है।वहीं तालाब किनारे रहने वाले अहसान ने बताया की बराबर मे तालाब की दीवार दरकने के बाद उसके मकान को भी खतरा उतपन्न हो गया है। समस्या के संबंध मे अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया की अभी उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

मामले की जानकारी की जायेगी गौरतलब है की मनीष कुमार वर्मा नगर पंचायत पुरकाजी के अधिशासी अधिकारी हैं जिन्हे हाल ही मे भोकरहेड़ी कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

# 32 जर्जर स्कूल भवन में से मात्र पांच की हुई नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर विकास खंड क्षेत्र में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवनों की नीलामी प्रकिया में 32 जर्जर स्कूल भवन में से मात्र पांच की नीलामी हुई जबकि 27 जर्जर भवनों की नालामी नही हो सकी।

सरकार द्वारा प्रदेश में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवनों की नीलामी एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। बीएसए संदीप कुमार के आदेश पर ब्लाक संसाधन केंद्र पर विकास खंड क्षेत्र में जीर्ण-शीर्ण प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के 32 जर्जर भवनों की नीलामी की जानी थी। जिसमें पहले दिन सोमवार को बीइओ ध्यान चंद, एडीओ पंचायत योगेंश्ववर दत्त



त्यागी, शिक्षक आजादवीर व नरेंद्र कुमार ने 16 जर्जर स्कूल भवनों के सापेक्ष बोली की प्रकिया शुरू कराई तो मात्र एक सिकंदरपुर स्कूल के भवन की नीलामी अंकुर राठी कूकडा के पक्ष में 52 हजार में छोडी गई है। दूसरे दिन मंगलवार को 16 स्कूल जर्जर भवनों के सापेक्ष बोली शुरू हुई तो भोपा, शुकतीर्थ, भोकरहेडी, जौली समेत चार जर्जर भवनों की नीलामी हुई। जिसके चलते 27 स्कूलों के जर्जर भवनों की नीलामी नही हो सकी। ठेकेदार अब्दुल कादिर कुरैशी, शमीम ने बताया कि जर्जर भवनों की न्यूनतम धनराशि अधिक होने के चलते ठेकेदारों ने बोली नही लगाई।

## विधवा का कच्चा मकान गिरा, टला हादसा

**मोरना।** बारिश के दौरान विधवा का कच्चा मकान गिर गया। जिससे मजदूर परिवार खुले आकाश के नीचे आ गया है। पीड़िता ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। भोपा क्षेत्र के गांव मोरना मे जानसठ मार्ग के निकट अनुसूचित जाति की विधवा रूपा का मकान मंगलवार की सुबह बारिश के दौरान गिर गया। देवर आनन्द ने जानकारी देकर बताया की भाभी रूपा भतीजा हार्दिक व तृषा रानी व माता धर्मवीरी के संग मकान मे सो रही थी की तेज़ बारिश के दौरान छप्पर गिर गया। जिसकी आवाज सुनकर चारो मकान के बाहर दौड़े की अचानक मकान भी भर भराकर गिर गया। रूपा के पति अमित की दुर्घटना मे मौत हो चुकी है। पीड़िता ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# पूर्व राज्यपाल के निधन पर वकीलों ने किया शोक व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना की एक आपात बैठक बार कार्यालय में आयोजित की गयी।

जिसमें मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने जम्मू कश्मीर राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और दो मिनट का मौन धारण करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। यहां बार अध्यक्ष विनोद त्यागी ने कहा कि बागपत जिले में उनके गांव हिसावदा से शुरू हुई सत्यपाल मलिक की जीवन यात्रा आज नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में समाप्त हो गयी। मलिक का पूरा जीवन खुली किताब था। विधायक, सांसद, मंत्री या राज्यपाल रहते हुए भी वे सबके लिए सहज थे।



अपना फोन खुद उठाते थे। महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने कहा कि निस्संदेह पूरे वेस्टर्न यूपी में मलिक की लोकप्रियता थी और इसीलिए उन्हें चरण सिंह की सियासी विरासत में चरण सिंह के बेटे अजित के प्रतिद्वंदी के तौर पर भी देखा जाता था। मलिक वीपी सरकार में मंत्री बने। कांग्रेस में वे अरुण नेहरु के करीब थे। उनके संग उन्होंने कांग्रेस छोड़ी। वे देवीलाल, मुलायम व अजित के साथ भी रहे। यहां पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, श्यामवीर वर्मा, अवध बिहारी लाल गर्ग, रविंद्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कैंसर से जूझ रहे दरोगा की मौत

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी व उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर अफरोज (55) का सोमवार को कैंसर से लंबी जंग के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव और परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रतनपुरी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार को गांव में उनके पार्थिव शरीर को नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस विभाग के लोग मौजूद रहे। गांव कल्याणपुर निवासी अफरोज पुत्र उमरदीन उर्फ उमरा यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी तैनाती बदायूं के सीतापुर क्षेत्र में थी। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उन्हें कैंसर होने की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद से उनका इलाज दिल्ली स्थित एम्स के झज्जर कैंपस में चल रहा था। परिजनों के अनुसार पिछले कुछ समय से उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। सोमवार को इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। अफरोज की मृत्यु की सूचना मिलने पर रतनपुरी पुलिस सक्रिय हुई और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जब अफरोज का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो हर आंख नम हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अफरोज की मौत से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके सहकर्मियों और जानने वालों के अनुसार अफरोज एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार अधिकारी थे। उनके निधन से विभाग में भी शोक की लहर दौड़ गई है। सुपुर्द-ए-खाक के समय बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, रिश्तेदार और सहकर्मी शामिल हुए।

# बारिश में मकान की छत गिरने से युवक की मौत

**मीरापुर।** पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार बारिश के कारण जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है और लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। इसी बारिश ने एक परिवार की खुशियाँ छीन लीं जब देर रात एक पुराने मकान की छत गिरने से 18 वर्षीय युवक की मलबे में दबकर मौत हो गई।

घटना मीरापुर के खतौली रोड स्थित सब्जी मंडी के पीछे की है, जहाँ सोमवार देर रात एक पुराने मकान की छत भरभरा कर गिर गई। मकान के भीतर सो रहा युवक जीशान पुत्र भूरा निवासी कोल्ड स्टोर के सामने, खतौली रोड, मीरापुर मलबे में दब गया। स्थानीय लोगों को मंगलवार सुबह इस दुर्घटना की जानकारी मिली। शोर मचाने पर आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और मलबा हटाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद जीशान को मलबे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जीशान के परिजनों ने बताया कि उनका परिवार खतौली रोड पर कोल्ड स्टोर के सामने रहता है, जबकि मंडी के पीछे स्थित पुराना मकान भी उन्हीं का है। जीशान अक्सर रात में सोने के लिए पुराने मकान में चला जाता था और वहीं



अकेले ही रहता था। सोमवार रात भी वह वहीं सोने गया था, लेकिन यह रात उसके जीवन की अंतिम रात साबित हुई। परिजनों के अनुसार जीशान परिवार का सबसे बड़ा बेटा था और वही घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी आकस्मिक मृत्यु ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। माता-पिता और छोटे भाई-बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता देने की अपील की है। देर शाम मृतक के शव को कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

# बुढ़ाना क्षेत्र से 18 आरक्षियों के हुए तबादले

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर तैनात 16 हैड कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल व कांस्टेबलों के तबादले जनपद मुजफ्फरनगर के अन्य थाना क्षेत्रों में कर दिए गये जबकि 16 पुलिसकर्मी बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में भेजे गये हैं। बुढ़ाना क्षेत्र में तैनात हैड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, कांस्टेबल सूरज कुमार और कांस्टेबल रोहिताश कुमार शाहपुर, कांस्टेबल राजीव अत्री, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल करणवीर सिंह, कांस्टेबल अमन कुमार और कांस्टेबल योगेश कुमार नई मंडी, कांस्टेबल धीरज चौधरी, कांस्टेबल अर्जुन कुमार, कांस्टेबल अजीत कुमार और कांस्टेबल रमन सिंह शाहपुर, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी और पिंकी रतनपुरी, कांस्टेबल सोनिया शाहपुर, कांस्टेबल बंटी शर्मा भोपा, हैड कांस्टेबल हरीश बुढाना सीओ पेशी से भोपा सीओ पेशी और महिला कांस्टेबल सोनम एलआईयू आफिस में तैनात की गयी है ।

जबकि शाहपुर में तैनात कांस्टेबल पवन, कांस्टेबल राज. कुमार, कांस्टेबल अनुज, कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल राघवेंद्र, हैड कांस्टेबल महेंद्र, कांस्टेबल कुलदीप, कांस्टेबल अमित, कांस्टेबल ललित, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी राणा, महिला कांस्टेबल कुमकुम व कांस्टेबल कुमारी योगेश, पुलिस लाइन से कांस्टेबल धर्मेंद्र व एसपी देहात आफिस में तैनात कांस्टेबल मितान को बुढ़ाना भेजा गया है जबकि बुढ़ाना महिला थाने में तैनात कांस्टेबल सागर और कांस्टेबल रनवीर सिंह को बुढ़ाना कोतवाली में तैनात किया गया है।

# सीएमओ ने सीएचसी व पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलवाखेड़ी का औचक निरीक्षण किया डॉ. सुनील तेवतिया सबसे पहले सीएचसी चरथावल पहुँचे,जहाँ उन्होंने ओपीडी, लैब,दवा वितरण कक्ष,प्रसव कक्ष,स्टोर रूम एवं परिसर की सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से सेवाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और मरीजों से भी बातचीत कर उनकी संतुष्टि की स्थिति जानी।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं मरीजों के अनुकूल बनाया जाए, और समय-समय पर स्वच्छता की निगरानी भी की जाए। इसके पश्चात डॉ. तेवतिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलवाखेड़ी का निरीक्षण किया,जहाँ उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर,ओपीडी रजिस्टर, दवा स्टॉक तथा टीकाकरण कक्ष की समीक्षा की।



उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण कार्यक्रम एवं परिवार नियोजन सेवाओं की प्रगति की भी जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान डॉ. तेवतिया ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहकर ईमानदारीपूर्वक सेवाएं प्रदान करनी होंगी। उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए कि सभी विभागों में नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान किया जाए।निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील तेवतिया ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों को जनहित की सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य करना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ, गुणवत्ता-युक्त एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों

## भारी बारिश से गिरा गरीब का घर, परिवार हुआ बेघर

**जानसठ/सिखेड़ा।** ब्लॉक जानसठ के ग्राम नगला कबीर में रहने वाले जुम्मा पुत्र सकूर का भारी बारिश के चलते मकान गिर गया जुम्मा के पास पहले से ही रहने के लिए कच्ची छत का एक कमरा बना हुआ था इसी कमरे में जुम्मा अपने परिवार के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे लेकिन रुक-रुक कर तेज हो रही बारिश से घर की छत गिर गयी गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन घर गिर जाने से उनके परिवार के पास रहने का कोई ठिकाना नहीं बचा है तो वही ग्रामीणों ने बताया, कि जब इस संबंध में हल्का लेखपाल नितिन से बात की गई तो उन्होंने घर का मुआइना करने की बात कही। इस दौरान पीड़ित ने कहा, कि मुझ गरीब को उचित मुआवजा मिल जाय ताकि सर छुपाने को छत मिल जाए।

# हत्या के लिए पिस्टल देने वाला गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** जिस पिस्टल से गांव टांडा माजरा के किसान रविंद्र पंवार की हत्या 2 सगे भाइयों के द्वारा किसी पुरानी रंजिश के तहत की गयी थी उसी पिस्टल को दोनों हत्यारों को मुहैय्या कराने वाला शातिर युवक बुढ़ाना पुलिस के शिकंजे में आखिरकार फंस ही गया। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बीते 19 मई को गांव टांडा माजरा निवासी 2 सगे भाइयों निखिल व विक्रान्त पुत्रगण गजेन्द्र ने किसी पुरानी रंजिश के तहत गांव के रविंद्र की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वो खेत में गया था। पुलिस ने हत्या के 2 दिन बाद ही दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिस पिस्टल से किसान की हत्या हुई उस पिस्टल को दीपाशुं पुत्र तेज सिंह ग्राम ढोला थाना बडौत बागपत द्वारा मुहैया कराया गया था। पुलिस ने आरोपी दीपांशु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवैध शस्त्र बना रहे शाहरुख ग्राम पिठलोक्कर, जावेद ग्राम नंगला व गुफरान ग्राम पिठलोक्कर को 20 अवैध तमंचे, 6 अध. बने तमंचे व तमंचे बनाने वाले उपकरण सहित अरेस्ट किया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे लडके नूर मौहम्मद, नूर अहमद, नूरदीन तथा शबाना पत्नी नूर मौहम्मद , शाहजहा पत्नी नूरअहमद तथा नूरदीन एवं तहसीमा पत्नी नूरहसन मेरे कहने सुनने में नहीं है और गलत संगत में बैठने उठने लगे है यदि मै उनको रोकता हूँ तो वे मिलकर मेरे साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट करते है इस कारण मैने इन सबसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन सबको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन सबका मुझसे कोई मतलब वास्ता नहीं है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की मेरी कोई जिम्मेदारी किसी भी प्रकार की नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नूरहसन पुत्र बून्दु**
**निवासी- ग्राम सांझक थाना**
**शाहपुर जिला-मुजफ्फरनगर।**

# छोटे लोहिया को सपाइयों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजवादी आंदोलन के प्रखर नायक और पाट्ह्ल के संस्थापक सदस्य रहे पंडित जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती पर समाजवादी पाट्ह्ल खतौली विधानसभा की मासिक बैठक मंगलवार को मौहल्ला सैनी नगर में नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें नमन करते हुए की गई। इस दौरान सपाईयों ने श्रद्धा और सम्मान के साथ छोटे लोहिया की जयंती मनाई।



बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव पंकज सैनी ने किया। इस अवसर पर सत्यदेव शर्मा ने कहा, हपंडित जनेश्वर मिश्र सच्चे अर्थों में जननेता थे। समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी गहरी निष्ठा ही उन्हें श्छोटा लोहियाश बनाती है। वे सदैव शोषितों व पीड़ितों की आवाज बने रहे। नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी ने कहा कि जनेश्वर मिश्रा अन्याय, शोषण, पूंजीवाद व भेदभाव के विरुद्ध आजीवन संघर्ष करते रहे। वे कहते थे दृ गरीब के आंसू पोछना ही सच्चा समाजवाद है। उन्होंने अपने जीवन में सादगी व सरलता कभी नहीं छोड़ी । यूथ ब्रिगेड जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने कहा, जनेश्वर मिश्र ने युवाओं को समाजवादी विच. ारधारा से जोड़ा।

आज जब युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब सत्ता में बैठी सरकार उनकी आवाज दबा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता इरशाद गुर्जर, बालमुकुंद ग्रेड, हाजी इकबाल, गजेंद्र प्रधान, सैय्यद ताजुद्दीन, एहतेशाम सभासद, शाहिद पप्पू पूर्व सभासद, आशु सभासद, परवेज चौधरी, अफाक पठान, नासिर अली, शादाब परदेशी, दिलशाद मलिक, हसनुद्दीन अब्बासी, कय्यूम अंसारी, अफशान सिद्दीकी, शमीम तिसंग, कल्लू कश्यप, खिज़र काजी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतरिक्ष विज्ञान एवं अनुसंधान के महत्व की दी जानकारी

**बुढ़ाना।** श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना शाखा में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नासा द्वारा भेजे गए पुरस्कारों का वितरण किया गया। स्कूल की इस शाखा ने नासा अंतरिक्ष परियोजना प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट मार्स ल्यूमिना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माननीय उल्लेख प्राप्त हुआ। यह स्कूल के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि विश्व प्रसिद्ध संस्था नासा ने छात्रों की प्रतिभा को सराहा।

इस सम्मान स्वरूप नासा की ओर से भेजे गए ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाणपत्रों का वितरण स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर के मुख्य अतिथि एकेडमिक ज़ोनल डीन चंद्रशेखर रहे। उन्होंने बच्चों को नासा, अंतरिक्ष विज्ञान एवं अनुसंधान के महत्व की जानकारी दी तथा उन्हें भविष्य में इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में स्कूल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों में एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी, एजीएम जॉन वंसी कृष्णा, एग्जीक्यूटिव डीन सनम, ज़ोनल डीन चंद्रशेखर, ज़ोनल रीजनल इंचार्ज हरि दुर्गा प्रसाद, रीजनल इंचार्ज कार्तिक गौर, स्कूल की प्रधानाचार्या प्रतिभा गंगवार, डीन मोहित कुमार एवं समस्त शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या **10962** दिनांक 08.10.2013 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **अभिनव भारद्वाज** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**विकास भारद्वाज**
गली नं0 1, अमित विहार कुकड़ा
जिला मुज़फ्फरनगर।
9927066616.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या **11248** दिनांक 25.11.2011 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम **अनन्या भारद्वाज** अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जानी जाएगी। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**विकास भारद्वाज**
गली नं0 1, अमित विहार कुकड़ा
जिला मुज़फ्फरनगर।
9927066616.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम **AKBAL** से बदलकर **AKBAR** रख लिया है। भविष्य में मुझे **AKBAR S/O IMAMUDDIN** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

277, SARWAT GANV,
POLICE STATION- NEW MANDI,
MUZAFFARNAGAR,
UTTAR PRADESH-251001.

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. 892/17.01.22 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरी पुत्री का नाम ध्रुवी राणा है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मोहित राणा,**
**नंगला मुबारिक, कवाल,**
**मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 8732 दिनांक 13.09.18 में गलती से माता का नाम शबनम अंकित कराया गया था जबकि वास्तविक नाम शबनम जबीन है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शराफत अली पुत्र मोहम्मद**
**बुलाकी म . न . 1277/1**
**साउथ खालापार मुजफ्फरनगर**
**Mobile Number**
**9068652230**

# सकल जैन समाज के सुशील अध्यक्ष व संजय बने महामंत्री

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सकल जैन समाज खतौली की एक महत्वपूर्ण बैठक सर्राफान जैन मंदिर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता मुकेश जैन (महलका वाले) ने की। वहीं सह अध्यक्षता वीरेश जैन (पेट्रोल पंप वालेद्ध, सुभाष जैन (रार्धना वाले), दीपक जैन (भैंसी वाले) और प्रदीप जैन (टीकरी वाले) द्वारा की गई। बैठक में समाज के लगभग 150 सदस्य मौजूद रहे और मंदिर प्रांगण समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति से पूरी तरह भरा रहा। बैठक के दौरान समाज की सर्वसम्मति से सुशील कुमार जैन (जैन मंडी) को पुनः सकल जैन समाज खतौली का अध्यक्ष और संजय जैन (दादरी वालेद्ध को महामंत्री निर्विरोध रूप से चुना गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। साथ ही, आगामी कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष एवं महामंत्री की सहमति से करने पर भी सहमति जताई गई। इस अवसर पर बैठक में प्रमुख रूप से सुशील जैन सिल्लो, मोहित



जैन स्वतंत्र, हितेश जैन, प्रमोद जैन बिजली, कलपेन्द्र जैन, मुकेश जैन आढ़ती, राहुल जैन टिम्बर, मुकुल जैन, आयुष जैन, मनीष जैन, संदीप जैन, कुलदीप जैन, राजकुमार जैन, सुनील जैन, वैभव जैन (पूर्व सभासद), आशु जैन, हंसकुमार जैन, अनंतवीर्य जैन, ऋषभ जैन, पुनीत जैन (दादरी), मनोज आढ़ती, पंकज सर्राफ सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समाज में एकता और संगठन की भावना को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में भविष्य की योजनाओं और सामा. जिक समरसता पर भी चर्चा की गई।

# झारखंड महादेव देवालय में संध्याकालीन महाआरती में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में आयोजित संध्याकालीन महाआरती में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह धार्मिक आयोजन 10 जुलाई, गुरुपूर्णिमा से निरंतर चल रहा है, जो श्रावण मास की पूर्णिमा, 9 अगस्त 2025 तक जारी रहेगा। हर शाम श्रद्धालु बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ के दरबार में उपस्थित होकर आरती व रुद्राभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। 04 अगस्त को विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें भूपेंद्र गुप्ता (पेंट वाले), सत्य साक्षी समाचार पत्र के संपादक राहुल कौशिक एवं विशाल कौशिक ने अपने परिवारजनों के साथ भाग लिया और भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद संध्याकालीन आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विशेष यजमान के रूप में रमेश चंद, दुष्यंत कुमार (तिलक नगर) एवं आरती देवी ने दीप प्रज्वलन कर आरती संपन्न कराई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में प्रतिदिन रुद्राभिषेक के पश्चात संध्याकालीन आरती का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड महादेव देवालय एक सिद्धपीठ माना जाता है, जिसका निर्माण मराठा काल में हुआ था। मंदिर चारों ओर घने झाड़ियों से घिरा हुआ था, इसी कारण इसका नाम 'झारखंड' महादेव पड़ा। मान्यता है कि यहां सच्चे श्रद्धा भाव से आने वाले भक्तों की हर मनोकामना बाबा भोलेनाथ पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने किया। आयोजन समिति में संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल सहित मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, विजय माहेश्वरी, शुभम टेलर्स, रमेश कुमार, सुनील दत्त शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, सुनील बजाज, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), संजीव मिश्रा, अनिल वर्मा (ज्वैलर्स), दीपक शर्मा, प्राची अग्रवाल, उपासना अग्रवाल, मिथलेश माहेश्वरी, शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, मालती शर्मा, ख्रष्णा वर्मा, शशि उपाध्याय, आरती, ऐशवती गोस्वामी, नीरज मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। मुख्य यज्ञाचार्य कमलेश मिश्रा एवं अनुराग शास्त्री द्वारा विधिवत आरती कराई गई। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रबंधन की ओर से व्यवस्था चाक-चौबंद रही। श्रावण मास की इन महाआरतियों के चलते झारखंड महादेव मंदिर भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बन गया है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालु भोलेनाथ की शरण में आकर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं।

**किराए पर हॉल उपलब्ध है**

डॉ. हारून की कोठी के सामने, सुजडू मैन रोड पर 2600 स्क्वायर फुट तैयार हाल किराय के लिए उपलब्ध है। स्कूल, पॉली-क्लिनिक, अस्पताल, शापिंग सेंटर, शौ-रूम कोचिंग सेंटर आदि के लिए उपयुक्त

**सम्पर्क करें**
**हुसैन अहमद**
**7669895967**
**9886045547**

# स्कूल जाते हुए छात्र को कुत्ते ने काटा

## लोगों ने बड़ी मुश्किल से बच्चे को छुड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मौहल्ले के कुछ बच्चों के साथ पैदल ही स्कूल जा रहे एक दस वर्षीय बच्चे पर पिटबुल कुत्ते ने अचानक से हमला बोल दिया और उसकी टांग पकड़कर घसीटता हुआ ले जाने लगा तो आसपास खडे हुए लोगों ने फुर्ती से पिटबुल के चंगुल से बच्चे को छुड़ाने की भरसक कोशिश की लेकिन पिटबुल ने बच्चे की टांग नहीं छोड़ी तो लोगों ने लाठी डंडो से हमला करके बच्चे को पिटबुल के चंगुल से छुड़ाकर डाक्टर के यहां भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायल बच्चे को नई दिल्ली के लिए रैफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला कृष्णापुरी निवासी सोनू प्रजापति पुत्र विनोद कुमार का दस साल का पुत्र आज मंगलवार की सुबह रोजाना की भांति पास में ही बड़ौत रोड पर स्थित एक स्कूल में मौहल्ले के अन्य बच्चों के साथ पैदल ही जा रहा था। जब वह स्कूल के समीप आया तो वहीं अपने पिटबुल कुत्ते को घुमाने के लिए आए युवक के हाथ से कुत्ते की जंजीर छुट गयी और कुत्ते ने भागकर सोनू के पुत्र पर हमला बोलते हुए उसकी एक टांग पकड़ ली तो बच्चा चिल्लाने लगा। तब बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पिटबुल के चंगुल से बच्चे को छुड़ाना चाहा तो पिटबुल बच्चे को घसीटता हुआ सड़क की और ले जाने लगा। तब बच्चे की जान बचाने के उद्देश्य से लोगों ने आसपास से लाठी डंडे लेकर कुत्ते को पीटते हुए उसके चंगुल से बड़ी मुश्किल से बच्चे की टांग छुड़ाई लेकिन तब तक कुत्ता बच्चे की एक टांग का काफी मांस नोंच चुका था। गंभीर रुप से घायल बच्चे को लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने बच्चे को मेरठ और उसके बाद दिल्ली के लिए रैफर कर दिया।

घटना की सूचना पर रोते बिलखते हुए परिजन भी हस्पताल में आ गये थे। बुढ़ाना पुलिस भी घटना की सूचना मिलते ही तुरंत अस्पताल में पहुंची और उसके बाद घटनास्थल पर जाकर आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली।

कुत्ता मालिक भी घायल बच्चे की जाति का बताया गया है। फिलहाल इस मामले में कोई पुलिसिया कार्यवाही घायल बच्चे के परिजनों के द्वारा नहीं की गयी है। उधर बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है और हस्पताल में भतह्न घायल बच्चे का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बच्चे के एक पैर में कई जगहों पर काफी गहरे निशान हैं और मांस भी नुचा हुआ है। इस घटना को लेकर मौहल्ले के लोगों में पिटबुल कुत्ते की दहशत अलग ही देखी जा सकती है।

# मां-बेटी व भाई को लेकर शिक्षक हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक कलयुगी शिक्षक अपने ही शिष्य की माता, भाई और बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इस घटना को सुनकर हर कोई सकते में है।

आखिर इस दौर में किस व्यक्ति पर यकीन किया जाए यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने चारों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां निवासी एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसके बच्चों को पढ़ाने वाला ही एक शिक्षक उसकी पत्नि और दो बच्चों को लेकर फरार हो गया। शिक्षक घर में रखे जेवर और नगदी भी लेकर फरार हो गया है। पीड़ित के अनुसार उक्त शिक्षक उसके बच्चों को काफी दिनों से उसके घर पर ही पढ़ाने आता था। आरोप है कि बीती 28 जुलाई को उक्त टीचर उसकी पत्नी, एक छह साल के बेटे और एक पांच साल की बच्ची को मौका पाकर उसकी गैर हाजिरी में बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना का पता उसे ही दिन देर रात में लगा जब वह घर पर पहुंचा। उसने अपने बच्चों और पत्नि को काफी तलाश किया लेकिन उसकी पत्नि और दोनों बच्चे नहीं मिले। उधर शिक्षक भी अपने घर से उसी दिन से गायब है। कुछ ग्रामीणों ने चारों को गांव से बाहर जाते हुए देखा है। आरोपी टीचर घर में रखे कीमती जेवरात और 10 हजार रुपये की नकदी भी अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित ग्रामीण की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अब सवाल यह है की परिजन किस पर भरोसा करें और किस पर नहीं। इस घटना की चर्चा पूरे गांव में बताई गयी है। पुलिस ने चारों की बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हादसे में एक की मौत, साथी घायल

**मुजफ्फरनगर।** ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल बाइक चालक की मौत का मामला शहर कोतवाली में दर्ज कराया गया है। शाहबुदीनपुर रोड निवासी संजय कुमार ने तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा ऋषभ व अजय अलग अलग बाइक पर 9 जुलाई को खेतों से घर आ रहे थे। शामली रोड पर महर्षि कालू बाबा मंदिर के पास एक ट्रैक्टर ने ऋषभ की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में उनका बेटा घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से मेरठ ले जाने लगे तो रास्ते में उसकी मौत हो गई। बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से बाईक सवार घायल

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बेहड़ा पटी निवासी राजा पुत्र गजेंद्र चौधरी मंगलवार को किसी कार्य से मुज़फ्फरनगर गया था। लौटते समय वह भोपा--बेलड़ा मार्ग से भोकरहेड़ी की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बेलड़ा के निकट पहुंचा तभी सामने की ओर से आ रही कार से बाईक की भिड़ंत हो गयी। जिससे राजा सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को एम्बुलेंस द्वारा भोपा अस्पताल लाया गया जहां से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार पुलिस ने कार चालक को हिरासत मे लेकर कार को कब्जे मे ले लिया है।

### चोरी की बाइक सहित युवक दबोचा

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने मोनू पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम कलिन्दी जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद होना बताया है।

### तीन नलकूपों के ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

**मोरना।** ककरौली थाना अंतर्गत गांव कम्हेड़ा निवासी भूरा, इस्राइल, आलिम ने बताया कि सोमवार रात्रि अज्ञात चोरों ने उनके खेत में स्थित नलकूपों में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से तार, तेल आदि कीमती सामान चोरी कर लिया। जहां किसान आलिम का नलकूप कम्हेड़ा पुलिस चौकी से महज एक सौ मीटर दूरी पर बताया गया है। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बने प्रेम त्यागी

**बुढ़ाना।** स्थानीय कस्बे के मोहल्ला पछाला निवासी प्रेम त्यागी को सर्वसम्मति से आज सोमवार के दिन एक आवश्यक मीटिंग के दौरान रामलीला कमेटी बुढ़ाना का नया अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व सालों की भांति इस बार भी प्रेम त्यागी की देखरेख में रामलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। त्यागी को उनके शुभचिंतकों ने रामलीला कमेटी बुढ़ाना का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। इस बारे में प्रेम त्यागी ने बताया कि हिंदू समाज के कई जिम्मेदार लोगों ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी है उसका सही तरीके से निर्वहन किया जाएगा।

### रोमांचक मुकाबलों से टूर्नामेंट मे जुट रही भारी भीड़

**चरथावल।** मलहुवाला मैदान पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मे दर्शकों का हुजूम दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैस टूर्नामेंट मे जहाँ दूर दराज से टीमें एंट्री कर टूर्नामेंट की शोभा बढ़ा रही है वही गत रात्रि कान्हाहेड़ी क्लब और शावेज क्लब के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला वही शाहपुर क्षेत्र के तीतर के नाम से मशहूर खिलाडी के गगनचुम्बी छक्के देखकर दर्शकों का उत्साह सातवे आसमान पर पहुंच गया और तीतर के बल्ले से मानो छक्के नहीं रनो की बरसात हो हुई। कूल्हेड़ी वार्ड से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने वाले भावी उम्मीदवार अहतेशाम राणा ने फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किया और खिलाड़ियों से परिचय किया। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी डाक्टर नौशाद,गुलफाम उर्फ़ काला मेंबर, आसिफ त्यागी डायरेक्टर, मुरसलीन बक्शी,सलीम मेंबर, सादिक पत्रकार, युवा नेता मोईन त्यागी, मोनू त्यागी, अथर त्यागी, शौकीन मेंबर, फिरोज अंसारी सभासद, प्रवेज मेंबर सहित दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही

### मारपीट में बस हेल्पर चोटिल

**मीरापुर।** सोमवार की रात एक बस प्राईवेट को हेल्पर पार्किंग में खडी करने के लिए ले जा रहा था। उसी दौरान चालक का बस से नियन्त्रण हट गया जिस कारण बस अनियन्त्रित होकर एक कार पर जा चढी तथा वहां खडे शावेज पुत्र इस्राईल व शाह आलम पुत्र साबिर निवासी मौहल्ला कमलियान को भी अपनी चपेट में ले लिया जिस कारण दोनो युवक गम्भीर घायल हो गये। घायलो की सूचना मिलने पर उसके परिवार के लोग व पडौसी बस अड्डे पर आ गये इसके बाद लोगो ने हेल्पर मुकेश पुत्र सोमपाल निवासी भूम्मा के साथ जमकर मारपीट की जिस कारण वह गम्भीर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था परंतु उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### भाषण प्रतियोगिता में निशी तीसरे स्थान पर

**मीरापुर।** मुजफ्फरगर के एमजी पब्लिक स्कूल में हुई इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल की छात्रा निशी ग्रोवर ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के 20 स्कूल काले. जो ने भाग लिया था। जनपद मुजफ्फरनगर के एमजी पब्लिक स्कूल में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था असंतुलित धरती का जिम्मेदार कौन। जिसमें छात्रो को पानी बचाना, वृक्ष लगाना, बढते प्रदूषण पर लगाम लगाना आदि विषयो पर भाषण देना था। भाषण प्रतियागिता दो ग्रुपो में विभाजित की गई थी। जिसमें सेंट जेवियर्स वलर्ड स्कूल की छात्रा निशी ग्रोवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निशी ग्रोवर का स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य सजी वर्गीस ने माला पहना कर अपना आशीर्वाद प्राप्त किया।

### चार लोगों पर फायरिंग का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली के मोहल्ला राधिकापुरम में कार सवार चार बदमाशों ने रात में एक घर पर पिस्टलों से कई राउंड फायरिंग की। इससे पहले पीड़ित परिवार के बेटे को इंस्टाग्राम पर धमकी दी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित परिवार ने फायरिंग करने का आरोप लगाकर चार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। राधिकापुरम निवासी रोबिन कुमार के घर के बाहर रविवार देर रात कार सवार चार बदमाश पहुंचे। इस दौरान पूरा परिवार सो रहा था। आरोप है कि उन्होंने पिस्टलों से घर पर कई राउंड फायरिंग की। गोलियों की आवाज सुनकर रोबिन कुमार ने घर का दरवाजा खोलकर देखना चाहा तो बाहर मौजूद बदमाशों ने उनके ऊपर भी फायरिंग कर दी। वह किसी तरह गोली लगने से बचे। आरोप है कि बदमाशों ने घर पर दस से ज्यादा राउंड गोली चलाई। इसके बाद बदमाश धमकी देकर भाग गए। रात में सूचना देने पर नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। नई मंडी कोतवाली पुलिस को पीडित रोबिन कुमार ने बताया कि पिछले कई दिन से उनके भतीजे को इंस्टाग्राम पर रनविजय नामक एकाउंट से धमकी दी जा रही थी। उन्होंने फायरिंग करने वालों में एक बदमाश सुभाष नगर निवासी हर्ष जाट को पहचाना है। उसके खिलाफ उन्होंने एक साल पहले भी मुक. दमा दर्ज कराया था। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पीडित ने आरोपी बदमाश से परिवार की जान को खतरा जताया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### भाकियू 'अ' के तहसील प्रभारी बने सतेंद्र

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष चौधरी अक्षय त्यागी ने बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव कुरावा के निवासी सत्येंद्र मलिक पुत्र भोपाल सिंह को भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक का बुढाना तहसील क्षेत्र का नया प्रभारी बनाया है। त्यागी ने उनसे आशा जताई है कि वे अपने क्षेत्र के किसान तथा मजदूरों की समस्याओं के लिए संघर्ष करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की लोकप्रियता को किसानों व मजदूरों में बनाये रखेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह के सपने को साकार करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे।

# नेशनल हाईवे से फॉर्च्यूनर कार समेत चालक गायब

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नेशनल हाईवे पर मंगलवार को दिनदहाड़े उस समय हड़कंप मच गया जब एक फॉर्च्यूनर कार समेत उसका चालक रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया। घटना खतौली स्थित टूरिस्ट पंजाबी ढाबे के पास की है, जहां दिल्ली निवासी युवक मोहन अपनी फॉर्च्यूनर कार (DL 7CW 9600) से अपने साथियों के साथ हरिद्वार से लौटते समय कुछ देर के लिए रुका था। बताया गया कि मोहन पुत्र टीनू निवासी दिल्ली, अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार यात्रा पर गया था। वापसी के दौरान खतौली हाईवे स्थित ढाबे पर सभी लोग भोजन करने के लिए रुके। कार चालक गाड़ी में ही बैठा रहा। लेकिन जब कुछ देर बाद मोहन व अन्य साथी ढाबे से बाहर लौटे, तो फॉर्च्यूनर कार समेत चालक भी गायब मिला।कार और चालक के अचानक गायब होने से सभी के होश उड़ गए। आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार पीड़ित मोहन ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नेशनल हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चालक के मोबाइल की लोकेशन भी ट्रेस की जा रही है।प्रथम ख्रष्टया मामला वाहन चोरी का प्रतीत हो रहा है, लेकिन चालक की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मकान की कच्ची छत भरभरा कर गिरी

**चरथावल।** ग्राम दहचन्द में लगातार हो रही बरसात के कारण एक ग्रामीण के मकान की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचायी। मलबे में दबने से पीड़ित का हजारों रूपये का सामान नष्ट हो गया।भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान चौकडा ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम दहचन्द निवासी प्रदीप का पुराना कडियों का मकान था। वह स्वजन के साथ इस मकान में रहता था। कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण मंगलवार की दोपहर अचानक प्रदीप के मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचायी।छत के मलबे में दबने से मकान में रखा हजारों रुपये का सामान नष्ट हो गया। छत गिरने से पीड़ित के सिर पर छत का साया नही रहा।

# सिखेड़ा पुलिस ने बाइक चोरी का किया खुलासा

**जानसठ/सिखेड़ा।** सिखेड़ा पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त व दो बाल अपचारी युवको को किया गिरफ्तार तीनों आरो. पियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया मोहित पुत्र जयपाल निवासी अहरोला तेजवन थाना गजरौला जनपद अमरोहा में थाना सिखेड़ा में तहरीर देकर बताया था कि स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जिसका नंबर अप 14 मे 5711 को सरल कैम्पटेक एल एल पी फैक्ट्री के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा 21 जुलाई को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया चोरी की तहरीर के आधार पर सिखेड़ा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलाशे के लिए थाना स्तर से टीमों का गठन किया गया था सिखेड़ा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम जोली से गांव कटका पुल की तरफ गंगा नहर के रास्ते से दो मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त सनी पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम औरंजापुर हरदास मोहल्ला वाला थाना नगीना जनपद बिजनौर दो बाल अपचारी महेश पुत्र भगवत सिंह निवासी ग्राम कमाल. पुर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर व रविश पुत्र रफी अंसारी निवासी भोगली थाना नगीना जनपद बिजनौर को उक्त मुकदमे मे चोरी की गयी स्पेलेंडर मोटरसाईकिल नच14 मे 5711 तथा घटना मे प्रयुक्त की गयी स्पेलेंडर मोटरसाइकिल ना 11 I 4866 के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त संन्नी की तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए पुलिस ने तीनो का चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से तीनो को जेल भेज दिया गया।

# कभी भी गिर सकती है धर्मशाला की दीवार

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 15 में स्थित स्वर्णकार समाज के लोगों की एक धर्मशाला है जो कि काफी सालों से वीरान ही पड़ी हुयी है। इस धर्मशाला की मेन दीवार बरसात के चलते काफी हद तक झुक गई है। जो कभी भी गिर सकती है। इसके पास का जो मेन रास्ता है उस पर लोग हर समय काफी संख्या में चलते हैं। मौहल्ले के संभ्रांत लोगों का कहना है कि अगर यह दीवार गिर जाती है तो इसकी चपेट में आने से कोई भी बड़ा हादसा जन्म ले सकता हैं। मौहल्ले के लोगों ने बुढ़ाना कस्बे के स्वर्णकार समाज से जनहित मे अपील करते हुए कहा है कि इस दीवार पर जल्द से जल्द ध्यान देकर इसकी मरम्मत करवा दें अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस गली मे वैसे भी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग ही निवास करते हैं।

# सुपर-स्पेशियलिटी पीडियाट्रिक ओपीडी सेवाओं की शुरुआत

**मुज़फ्फरनगर।** यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ओमेगा-1,(परी चौक के पास) ग्रेटर नोएडा ने आज मुज़फ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के सहयोग से सुपर-स्पेशियलिटी पीडियाट्रिक ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की।




यह ओपीडी सेवाएं यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति में शुरू की गई। इस अवसर पर डॉ. वीरेश महाजन ख्र चेयरमैन, पीडियाट्रिक कार्डियक साइंसेज़, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स( डॉ. अमित कुमार ख्र कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग( डॉ. सैयद अहमद ख्र कंसल्टेंट, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग( डॉ. विवेक श्याम ख्र एसोसिएट कंसल्टेंट, नियोनेटलॉजी एवं पीडियाट्रिक्स विभाग( तथा डॉ. पवन कुमार सिंह, ग्रुप डायरेक्टर, हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी विभाग उपस्थित रहे। ये सभी विशेषज्ञ हर महीने निर्धारित तिथियों पर प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।

पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी ओपीडी हर महीने के पहले मंगलवार को चलेगी, जबकि पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी ओपीडी हर दूसरे बुधवार को संचालित होगी। बच्चों में श्वसन संबंधी समस्याओं के लिए पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी ओपीडी हर तीसरे गुरुवार को और कैंसर, रक्त विकार व बोन मैरो ट्रांसप्लांट से संबंधित मामलों के लिए पीडियाट्रिक हीमेटोलॉजी, ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी ओपीडी हर महीने के चौथे शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के पीडियाट्रिक कार्डियक साइंसेज़ विभाग के चेयरमैन डॉ. वीरेश महाजन ने कहा, ह्बीते तीन दशकों में जन्मजात हृदय रोगों के इलाज की सुविधाओं में देश में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे मामलों में माता-पिता को हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। मुज़फ्फरनगर में ओपीडी सेवा की शुरुआत स्थानीय स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत बनाएगी। यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. सैयद अहमद ने कहा, बच्चों में पेट और लिवर से जुड़ी जटिल बीमारियों की पहचान और समय पर इलाज अत्यंत आवश्यक है। यथार्थ हॉस्पिटल की यह सेवा इन समस्याओं से जूझ रहे बच्चों के लिए सटीक निदान, प्रमाणिक इलाज और एक सुकूनभरा वातावरण प्रदान करेगी। हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी विभाग के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पवन कुमार सिंह ने कहा, ह्बच्चों में कैंसर का इलाज आज पूरी तरह संभव है, यह जरूरी है कि शुरुआती लक्षणों की जानकारी सभी को हो ताकि समय पर हस्तक्षेप से बच्चों को बेहतर जीवन गुणवत्ता मिल सके।

# अवैध हथियारों के दो और तस्कर गिरफ्तार, असलाह बरामद

**मुज़फ्फरनगर।** भोपा द्वारा अवैध असलाह की तस्करी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने अभी तक 16 युवकों को गिरफ्तार कर अवैध असलाह सहित वाहनों को बरामद किया है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी देकर बताया की उच्च अधिकारियो के निर्देशन में क्षेत्राधिक. ारी भोपा एवं थाना प्रभारी भोपा के नेतृत्व में थाना भोपा द्वारा अवैध असलाह की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही जारी है।बीते सोमवार को थाना भोपा पुलिस ने अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था जिनसे आधा दर्जन अवैध पिस्टल एक रिवाल्वर, पांच तमंचे,एक मस्कट,एक बन्दूक,तीस जिन्दा कारत. ूस बड़ी मात्रा मे जिन्दा व खोखा कारतूस एक महेन्द्रा थार, तीन मोटरसाईकिल तथा 46,000/- रुपये नगद बरामद किये गये थे इस सम्बन्ध में थाना भोपा पर मुकदमा दर्ज किया किया गया था। इसी सिलसिले में मंगलवार को थाना भोपा पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान सानिब पुत्र इसरार निवासी मौहम्मदपुर कन्धेला थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर व शादाब पुत्र आजम निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी थाना गंग नहर जनपद हरिद्वार के रूप मे हुई है। जिन्हे जौली क्षेत्र मे राजबाहे की पुलिया से गिरफ्तार किया गयाआरोपियों के कब्जे से दो तमंचे तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक थार गाडी तथा 9330 रुपये की नगदी बरामद की गयी है।वहीं भोपा पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है।

# पुलिस की कार्रवाई से भड़का रोष, किया पंचायत का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोपा पुलिस द्वारा अवैध असलाह की तस्करी को लेकर की गई कार्रवाई से रोष भड़क गया है। सहरावत खाप ताल मैल कमेटी ने बैठक का आयोजन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ भोकरहेड़ी कस्बे मे बृहस्पतिवार को पंचायत करने की घोषणा की है।

सहरावत खाप तालमैल कमेटी के प्रदेश संयोजक भोकरहेड़ी निवासी मास्टर बीर सिंह ने जानकारी देकर बताया की भोपा पुलिस द्वारा क्षेत्र के बेगुनाह छात्रों व नवयुवकों को फर्जी मामले में जेल भेजा गया है। जिसमें पुलिस द्वारा यह दर्शाया गया है कि यह युवक पंचायत चुनाव लड़ना चाहते थे, जो बिलकुल निराधार है।इनमें कोई भी युवक चुनाव नहीं लड़ रहा था। पुलिस प्रशासन ने तानाशाह रवैया अपनाते हुए निर्दोषों को जेल भेजा है तथा पुलिस के साथ फर्जी मुठभेड़ दिखाई है।जबकि सभी निर्दोष नवयुवकों को घर से ले जाकर जेल भेजा गया है। पुलिस के तानाशाही रवैये के खिलाफ आगामी बृहस्पतिवार की दोपहर भोकरहेड़ी के लकसर मार्ग पर स्थित आर्य समाज मंदिर में पंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुलिस के झूठे तथ्यों के खिलाफ सबूत पेश किए जाएंगे पंचायत की घोषणा करने वालों में मुख्य रूप से चंद्रवीर सहरावत जिला खाप चौधरी, मनोज राठी उर्फ बिन्नू राष्ट्रीय महासचिव जाट महासभा, बॉबी सहरावत, देवेंद्र सहरावत, रणबीर सिंह, व वीरेंद्रसिंह सहरावत आदि शामिल रहे।

# संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा की एक मीटिंग महामंत्री दिनेश बंसल के आवास पर हुई जिसमें अध्यक्ष संजय मित्तल और महामंत्री अनिल तायल उपस्थित रहे जो बैठक सभी सभाओं के अध्यक्ष महामंत्रियों के द्वारा 29 जुलाई को की गई थी उसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं महामंत्री को यह जिम्मेदारी दी गई थी कि आगे की पूरी कार्यकारिणी बनाकर जल्द से जल्द इसकी घोषणा की जाए इस परिपेक्ष में आज की बैठक की गई जिसमें विचार विमर्श करने के बाद कार्यकारिणी को पूर्ण रूप देते हुए कार्यकारिणी की घोषणा की गई जो निम्न प्रकार है

संरक्षक मंडल अशोक कंसल, भीमसेन कंसल, सौरभ स्वरूप बंसल, राकेश बिंदल, प्रमोद मित्तल,सुनील सिंघल ,सुरेंद्र अग्रवाल सत्य प्रकाश मित्तल मोहन तायल राजेश जैन अध्यक्ष संजय मित्तल उपाध्यक्ष राहुल गोयल पवन सिंघल सचिन अग्रवाल मुकेश प्रधान श्रवण अग्रवाल अचिन कंसल महामंत्री दिनेश बंसल व अनिल तायल कोषाध्यक्ष विश्व दीप गोयल मंत्री वसंत गोयल, अमित अग्रवाल, डॉ मनोज काबरा दिनेश गुप्ता सलाहकार योगेश सिंघल ,राकेश कंसल संगठन मंत्री अजय सिंघल विपिन गोयल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र तायल ऑडिटर शिशुकांत गर्ग , सदस्य विनोद संगल ,सरवन गुप्ता, कशिश गोयल, राजेश संगल, संजीव गोयल, पवन बंसल, अशोक गर्ग,



आशुतोष गुप्ता, शिव कुमार सिंघल ,अशोक सिंघल ,पुरुषोत्तम दास सिंघल, कांति राठी ,अजय गर्ग ,जितेंद्र गुप्ता, गोपाल मित्तल ,राजीव मोहन गोयल ,आलोक अग्रवाल, संजय जैन, हिमांशु महेश्वरी ,अशोक मालपानी, रजत गोयल आदि मौजूद रहे।

# एमडीएस कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एम.डी.एस. विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों के लिए पाठ योजना पर कार्यशाला का आयोजन

एम.डी.एस. विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मिल, मंसूरपुर, में भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून शाखा कार्यालय के तत्वावधान में स्टैंडर्ड क्लब के अंतर्गत एक विशेष शैक्षणिक गतिविधि आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में तिरंगा झंडा विषय पर लेसन प्लान के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के मानकों, महत्व एवं गरिमा के विषय में जागरूक किया गया।




इस अवसर पर नीरज कुमार (रिसार्स पर्सन भारतीय मानक ब्यूरो,शाखा देहरादून) ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। यह उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वित्त मंत्रालय के अधीन कार्य करती है, उन्होने हॉलमार्क, अनिवार्य रजिस्ट्रेशन, इको मार्क, मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन स्कीम एवं आईएसआई मार्क के साथ ही विभिन्न प्रकार के लिंक एवं एप के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गयी।

नीरज कुमार ने विद्यार्थियों को भारत के राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े नियमों, रंगों का अर्थ, झंडा संहिता तथा 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया' की जानकारी सरल व प्रभावी ढंग से प्रदान की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। निर्णायक मंडल ने लेखों का मूल्यांकन मौलिकता, प्रस्तुति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भाषा की स्पष्टता के आधार पर किया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रतियोगिता में उत्तीर्ण बच्चों को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार ने भारतीय मानक ब्यूरो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा गुणवत्तापूर्ण सोच को विकसित करती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन स्टैंडर्ड क्लब प्रभारी एवं विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# तिस्सा की मजलिस में करबला के शहीदों को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव तिस्सा मे 47 वीं वार्षिक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानो ने करबला शहीदों की कुरबानी को याद किया गया व हजरत इमाम हुसैन के जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव तिस्सा मे अंजुमने अब्बासिया व अंजुमने इमामिया सहारनपुर द्वारा आयोजित मजलिस का आगाज़ फ़र्ज़क अली द्वारा मरसिया पढ़कर किया गया।



मुख्य वक्ता आली जनाब हुज्जातुल इस्लाम मौलाना कलबे जव्वाद ने कहा की विपरीत परिस्थितियों मे सत्यमार्ग पर चलना इंसान की बड़ी परीक्षा है। आदर्श वहीं होते हैं जिनके चरित्र उच्च होते हैं। हज़रत इमाम हुसैन ने उच्च चरित्र को धारण कर उसकी पेरोक. ारी मे सपरिवार अपने जां निसारो संग करबला मे प्राणो की क़ुरबानी दे कर सच्चाई को जीवित किया। सच्चाई व बुराई मे अंतर इससे स्पष्ट है की हजरत इमाम हुसैन की याद मे अनुयायी आज भी मातम करते हैंऔर निर्दयी यजीद पर लानत भेजते हैं और भेजते रहेंगे। वहीं करबला के भाव पूर्ण वाक्य को सुनकर उपस्थित जन जार जार रोये। इस अवसर मुख्य रूप से अंजुमन के सदर जावेद अब्बास सहित नासिर अब्बास,अनीस अब्बास, अनवर अली, हुसैन अली, नासिर,नूरुल हसन, फैयाज अली,मौलाना कासिम अली, शान ए हैदर,अकबर अली,रईस उद्दीन आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर डीएम ने ली बैठक


शामली। कलेक्ट्रेट में बैठक लेते डीएम, एसपी व अन्य।



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम तीन चरणों में सम्पन्न होगा। जिसमें सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सहभागिता जरूरी है।

मंगलवार को शामली कलक्ट्रेट में सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 को लेकर बैठक आयोजित की गई। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम तीन चरणों में होगा, जिसमें प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक स्कूलों, शासकीय भवनों की सजावट, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी प्रतियोगिता, प्रदर्शनी व जागरूकता गतिविधियां शामिल रहेगी।

द्वितीय चरण 9-12 अगस्त तक होगा, जिसमें तिरंगा महोत्सव, मेला, म्यूजिकल कॉन्सर्ट, तिरंगा रैली बाइ. कध्साइकिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूहों व एमएसएमई द्वारा उत्पादों की बिक्री की जाएगी। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक होगा।

जिसमें सभी सरकारी भवनों, पुलों, बॉधों आदि पर ध्वजारोहण व तिरंगा रोशनी। नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। जिलाधिक. ारी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम पूर्ण निष्ठा और जनसहभागिता के साथ संपन्न हो। डीएम अरविन्द कुमार चौहान और एसपी रामसेवक गौतम ने झण्डा संहिता का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। कहा कि व्यापक जनसहभागिता से पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्यक्रमों को संपन्न कराए।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि दिए गए निर्देशों की अनुपालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश की आन बान शान तिरंगा को झण्डा सं. हता का अनुपालन करते हुए फहराना, लगाना है। इसका विशेष ध्यान रखना है। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने तिरंगा रैली के लिए सुरक्षा व रूट निर्धारण की जानकारी साझा की। बैठक में सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्यन्द्र सिंह, डीएफओ जगदेव सिंह, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, एसडीएम सदर विनय कुमार भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन द्वारा कस्बे को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के निरंतर प्रयासों के तहत ष्हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छताष् अभियान के अंतर्गत एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा के आद. ेशानुसार, दिनांक 5 अगस्त 2025 को नगर के वार्ड संख्या 3 मोहल्ला रेत्ती सराय में नगर पंचायत एवं आईईसी की संयुक्त टीम द्वारा जनसंपर्क कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई गई।

इस अभियान में प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष, सभासद एवं सदस्यों के सहयोग से घर-घर जाकर नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करना घरेलू गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से खाद बनाने एवं स्वच्छता के अन्य उपायों के प्रति प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय संख्या 01 एवं 03 में स्वच्छ सारथी क्लब के छात्र-छात्राओं और सदस्यों को भी स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें कचरा अलग-अलग देने, कचरा गाड़ी का उपयोग करने एवं सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।इस मौके पर नगर पंचायत थानाभवन से सभासद पति जय भगवान, कर्मचारी मनीष कुमार शर्मा, वसिक अहमद, फैजान उमर पाशा, कांत, शुभम, जावेद सहित जियो स्टेट संस्था से आसमां यासीन एवं अनेक स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## चोरों की आशंका से बनी दहशत

**झिंझाना।** कस्बे के मोहल्ला सलारा, शहमुबारिक आदि में चोरों की आशंका से लोगों में दहशत का माहौल है। बीते दिनों से कस्बे में चोरी की आशंका और अफवाहों के चलते रातभर लोग समूह बनाकर पहरेदारी कर रहे हैं। हर रात कस्बे के लोग लाठी-डंडों के साथ गलियों में गश्त करते हैं। जैसे ही किसी संदिग्ध की भनक लगती है मोहल्ले में पहरा लगा रहे युवक तुरंत मौके पर दौड़ पड़ते हैं।



# रुक-रुक कर हो रही बारिश से लोग परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पिछले कई दिनों से लगातार रूक-रूककर हो रही बारिश के बाद बस्तियों में रहने वाले शहर के नागरिकों को दुश्वारियों को सामना करना पड़ रहा है। रास्तों पर कीचड़ और जलभराव होने से नागरिक परेशानहाल है। पिछले कई दिनों से लगातार रूक-रूककर बारिश हो रही है। मंगलवार तड़के बारिश होने से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलती नजर आ रही है वही बस्तियों में रहे वाले लोगों को दुश्वारियों का सामना भी करना पड़ रहा है। शहर के मौहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, दयानंदनगर, हाजी कालोनी सहित नौकुआ रोड़ पर बारिश के बाद सड़कों पर कीचड़ फैला हुआ है। मामूली बारिश के बाद ही सड़कों पर जलभराव हो रखा है। जिस कारण यहां रहने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। हालात यह हो गए है कि सडकों पर कीचड़ इस कदर फैला हुआ कि छोटे बच्चों, बुर्जुगों और महिलाओं ने सड़क पर निकला तक बंद कर दिया है। कई छोटे बच्चे और बाईक सवार कीचड़ में हो रही फिसलन में गिरकर चोटिल हो चुके है। कई लोगों को गंभीर चोटे भी आई है। नागरिकों ने बताया कि कई बार नगर पालिका से शिकायत की गई और सड़क तथा नालियों का निर्माण करने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनने वाला नही है।

# बाइक खड़ी करने के विवाद में मारपीट





शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** गांव हौशंगपुर में बाइक खड़ी करने के विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने पीड़ित सहित महिला को मार पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ग्रामीण द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रेमपाल पुत्र ज्ञान सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सोमवार को दोपहर रास्ते में मोटर साईकिल खड़ी करने को लेकर गांव निवासी के साथ कहा सुनी हो गाई थी, इसी बात पर आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर गाली गलौच करते हुए लाठी डंडों से पीड़ित तथा उसकी पुत्री सोनिया के साथ मारपीट कर दी, जिस पर दोनो के सिर में काफी चोट लग गई। बीच-बचाव के लिए आई उसकी पत्नी उर्मिला तथा पुत्रवधू नीलम के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीड़ित प्रेमपाल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### झाड़ू की दुकान में लगी आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** गत रात्रि बायपास मार्ग पर झाड़ू की दुकान में अचानक आग लग गई जिससे दुकानदार का लाखों रूपए का नुकसान हुआ है पुलिस व फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बायपास मार्ग पर काशीराम आवास कॉलोनी के पास गांव पिंडोरा निवासी आदेश कुमार पुत्र राजकुमार की झाड़ू की दुकान है गत रात्रि करीब 9 बजे दुकान में अचानक आग लग गई दुकान से धूआ निकलता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है पीडित ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है आग लगने से दुकानदार को लाखों रूपए का नुकसान हुआ है।

### समस्या का समाधान न होने के कारण आमरण अनशन शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर पिछले डेढ़ महीने से धरना पर बैठे हैं। लेकिन कोई समाधान न होने से दो कार्यकर्ताओं ने आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रखा। विद्युत विभाग के उत्पीड़न के खिलाफ तहसील परिसर में लगभग डेढ़ महीने से धरना चल रहा है कोई समाधान न होने के कारण दो कार्यकर्ता अरविंद ,प्रदीप भार्गव भूख हड़ताल पर बैठ गए भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। लोगो का आरोप है कि अधिकारियों की तानाशाही रवैए व पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई एकतरफा कार्यवाही के चलते भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा।उन्होने कहा कि किसानों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।तथा जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक आमरण अनशन व धरना जारी रहेगा।धरना प्रदर्शन में सतपाल सिंह , दीपक सभासद, अक्षय , पंकज , सुरेंद्र सिंह, अरविंद ,वरुण ,रोहताश ,अमित,प्रवेन्द्र,जयपाल आदि शामिल रहे ।

### चोर होने की अफवाह में 3 अभियुक्त गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे चोरी, लूट व झूठी अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं अन्य अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बाबरी में चोर होने की झूठी अफवाह फैलाने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मुकर्रम पुत्र अकरम निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली, नईम पुत्र मीनू निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली, फैसल पुत्र हामिद निवासी ग्राम बाबरी बाबरी जनपद शामली है।

### घर से युवती ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** पुलिस ने पीड़ित पिता की ओर से पैसठ हजार रूपये की नकदी व सोने, चांदी के आभूषण सहित पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पडौसी सलमान व शाहरूख पुत्रगण महबूब निवासी झाडखेडी के पास शमीम पुत्र मतलूब मुहल्ला दरबारखुर्द का काफी दिनो से आना जाना है। गत शुक्रवार की दोपहार लगभग एक बजे घर पर शमीम आया और उसकी उन्नीस वर्षीया लडकी को बहका फुसला लिया।इस दौरान घर में रखी पैसठ हजार रूपये की नकदी सहित सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। आरोप हैं कि गांव निवासी सलमान व शाहरूख की साजिश से शमीम युवती को लेकर फरार हुआ है। पुलिस फरार जोड़े की तलाश में जुटी हुई है।

### आरोपी देवर गिरफ्तार कर भेजा जेल भाभी के साथ दुष्कर्म का मामला

शाह टाइम्स संवाददाता



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी विवाहिता ने अपने पति पर तीन तलाक देने और देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव माल्हीपुर निवासी आरिफ ने अपनी पुत्री की शादी वर्ष 2021 में क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सलीम पुत्र सबदर के साथ की थी। पीड़िता का आरोप है की शादी के बाद से ही पति सहित ससुराल पक्ष के लोग पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि एक माह पूर्व पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। इसी बीच पीड़िता का देवर पीड़िता के घर पहुंचा और पीड़िता को नशीला पदार्थ पिलाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने पति को दी तो आरोप है कि पीड़िता के पति ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए तीन तलाक दे दिया था। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी देवर वसीम पुत्र सबदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दुष्कर्म के आरोपी देवर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# महिला को ट्रैक्टर चालक ने कुचला, घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** घर से सामान लेने के लिए गई महिला को नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने कुचल दिया। इस दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दी गया है।

मंगलवार की शाम गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी सईदाद्ध46ऋ पत्नी रहीमुद्दीन गांव में ही स्थित किरयाना की दुकान से कुछ सामान लेने के लिए गई थी। सामान लेकर जैसे ही सईदा वापस अपने घर जाने लगी तो सामने से ट्रैक्टर लेकर आ रहे राजेन्द्र के नाबालिग पुत्र ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही परिजन तुरन्त मौके पर पहुंचे और घायल महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य कैराना पर भर्ती कराया। हालात गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।घटना के संबन्ध में अभी तक कोई तहरीर नही दी गई है।



## बंदरों के झुंड ने वृद्धा को किया घायल



**शामली।** कैराना क्षेत्र के गांव भूरा निवासी वृद्ध महिला प्रेमो पत्नी धर्मपाल गत दिवस अपने मकान की छत पर बैठी थी। इसी दौरान बंदरों का झुंड अचानक वहां पहुंचा। इससे पहले कि वृद्ध महिला कुछ कर पाती बंदरों ने वृऋ महिला पर हमला बोल दिया। जिससे वृद्ध महिला के सिर में गंभीर चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद परिजन वहां पहुंचे और बंदरों को भगाया गया। वृद्ध महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही नागरिकों ने बढ़ते बंदरों और कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** कस्बे में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें छोटे लोहिया पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गई तथा उनके आदर्शों पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया गया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडीए पंचायत का आयोजन किया जिसमें समाजवादी चिंतक व पार्टी के उपाध्यक्ष रहे पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर सुधीर पवार ने कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र समा. जवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता थे उन्होंने अपना जीवन गरीबों दलितों व शोषितो को न्याय दिलाने में लगा दिया हमें उनके आदर्शो पर चलना चाहिए उन्होंने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रहा फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी चरम पर है शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतर गई है धर्म की राजनीति कर भाजपा आपस मे लडाने का काम कर रही है हमें एकजुट होकर समाजवादी विचारधारा व पार्टी को मजबूत करना है। पंचायत में पीडीए के पर्चे वितरित किए गए तथा पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई पंचायत मे योगेंद्र चौधरी, सत्यवान चौधरी, सहजोर सिंह, राहुल कुमार, नीरज शर्मा , नीरज पहलवान, सलेक प्रधान, भूपेंद्र सैनी, विनित मुखिया, सजीव राझड आदि शामिल रहे।



# राष्ट्रीय उपाध्याय योगी नाथ चेतना मंच सेवा समिति संगठन का विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रोहिणी बुध विहार दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार और नई नियुक्तियां की गई। दिल्ली की बैठक में देशभर से प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय और राष्ट्रीय महासचिव विजय उपाध्याय के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय शामली ने संगठन का विस्तार करते हुए आशीष उपाध्याय को दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बनाया, जितेंद्र उपाध्याय , मास्टर छतरपाल जोगी व मुकेश जोगी पानीपत को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बैठक में



बोलते हुए कहा कि संगठन भारत मे 15 राज्यो तक पहुच चुका है समाज के व्यक्ति नारी शक्ति संगठन में बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं हम सभी को संगठित होकर अपने हक व इंसाफ की आवाज उठानी है राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने नोजवानो से कहा कि खूब पढ़ो खूब लिखो खूब कमाओ और आगे बढ़ो नवनियुक्त सभी पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र दिए गए दिल्ली पहुचते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय का समाज के लोगो ने शानदार स्वागत किया बैठक को राष्ट्रीय महासचिव विजय उपाध्याय गुरुग्राम,र ाष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रपाल बड़ौत, हेमंत योगी राजस्थान, धर्मबीर जोगी नोयडा, उत्तर प्रदेश



अध्यक्ष रामफल उपाध्याय ककौर, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जलसिंह योगी, वीरेंद्र गोस्वामी ,ने भी अपने विचार रखे अध्यक्षता राजकुमार गोस्वामी आगरा व संचालन सुभाष उपाध्याय हापुड़ ने किया बैठक में चंद्रपाल उपाध्याय (बड़ौत), वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मबीर जोगी, संरक्षक प्रधानाचार्य मांगेराम उपाध्याय द्धबड़ौतऋ, वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव सुभाष नेता जी (हापुड़), और प्रदेश सचिव सतीश उपाध्याय गांधी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश उपाध्याय भिक्की, विनोद उपाध्याय, राजकुमार योगी,राष्ट्रीय सचिव मास्टर छतरपाल उपाध्याय, राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र योगी द्धदिल्लीऋ, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय द्धककौर कलाऋ, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जलसिंह योगी द्धफरीदाबादऋ, हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी और हरिओम गोस्वामी भी मौजूद रहे। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए, शामली से महिला संगठन की जिलाध्यक्ष मती गुड्डन उपाध्याय और शामली नगर अध्यक्ष मती कविता उपाध्याय भी बैठक में शामिल हुईं। इसके अलावा, गौतमबुद्ध नगर से जिला महासचिव संजय उपाध्याय, उपाध्यक्ष ओमबीर उपाध्याय (नोयडा) और राजस्थान से हेमंत योगी भी उपस्थित बैठक में बड़ी संख्या में नारी शक्ति की उपस्थिति ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी और महत्व को दर्शाया।।

# घर में घुसे बदमाशों की आहट से चोरों का शोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** बल्लामाजरा में चोरो के शोर ने लोगों की नींद को हराम कर दिया। आरोप है कि पुलिस को घटना की जानकारी दी गई लेकिन पुलिस ने मौके पर जाना गंवारा नही समझा।जिसके बाद ग्रामीण लाठीडंडो के साथ गांव के गलियों मे पहरा देते नजर आए और पूरी रात गलियों में जागतें रहो की गूॅज सुनाई देती रही। पुलिस की कार्यशैली का ग्रामीणों मे रोष है।

थाना झिंझाना क्षैत्र मे एक ओर बदमाश सकौती मे किसानों की टयूबवैल को निशाना बनाकर नवनियुक्त चौकी प्रभारी को सलाम ठोक रहे थे तो वही दूसरी ओर बल्लामाजरा में एक ग्रामीण के घर मे बदमाशों की आहट ने पूरे गांव के लोगो मे दहशत का माहौल पैंदा कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस को घटना की जानकारी दी गई लेकिन पुलिस ने मौके पर जाना तक गंवारा नही समझा।


इसके बाद ग्रामीणों ने सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाई और लाठीडंडो व टॉर्च के साथ गांव की गलियों में जागते रहो के स्लोगन के साथ सतर्कता करते रहें। ग्रामीणों का आरोप है कि एक ओर घर मे बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी बढ गई है तो वही खेतो मे बदमाशों का सांया सोने नही देता।

# जमकर हो रही राखियों की खरीदारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** बहन-भाई के पवित्र रिश्ते और प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। त्यौहार के नजदीक आने के साथ ही बाजारों में राखी की दुकानें सजनी शुरू हो गई है, जहां बहनें अपनी-अपनी पसंद की राखियों की खरीदारी भी कर रही है।

जिलेभर में 9 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए बहनों ने तैयारियां भी शुरू कर दी है वहीं बाजार भी रक्षा बंधन के लिए सजने शुरू हो गए हैं। शहर के माजरा रोड, सुभाष चौक, गांधी चौंक, बड़ा बाजार में राखी की दुकानें सज गई है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए बढ़-चढ़कर चांदी की राखियां खरीद रही है। कई तरह की सुंदर एवं आकर्षक राखियां भी बहने के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है, वहीं बच्चों के लिए मोरपंखी, मोती-रुद्राक्ष, म्यूजिक और टेडी धागे वाली, डोरीमोन, लड्डू गोपाल, छोटा भीम, ओम, सतिया, गणेश जी आदि के डिजाइन आए हुए हैं, जिन्हें महिलाएं खूब पंसद कर रही हैं। इसमें बच्चों की राखियां 200 रूपए से लेकर 600 रूपए तक और बड़ों की राखियां 600 से लेकर 1500 रूपए तक उपलब्ध हैं। वहीं बहन अपनी भाभी के लिए ब्रेसलेट व लूंबे खरीद रही हैं। वहीं त्यौहार को लेकर शहर में तमाम स्थानों पर अस्थाई दुकानें भी लगने लगी हैं। राखी विक्रेता मनीष गर्ग ने बताया कि गुजरात के अहमदाबाद और पश्चिम बंगाल के कोलकाता से ही सभी राखियां आती हैं। मैटल में काफी आकर्षक राखियां



हैं, जो खूब पसंद की जा रही हैं। पहले चाइनीज राखियां भी आती थीं, लेकिन अब सभी राखियां स्वदेशी ही हैं। फुटकर बिक्री शुरू हो चुकी है। साथ ही कस्बे और गांवों के दुक. ानदारर भी राखी ले जा रहे हैं। इसके अलावा ई-कामर्स कंपनियों की वेबसाइट पर भी राखियां खरीदी जा रही हैं। इसमें थाली सेट भी है, जिसके दाम 300 रूपए से शुरू होते हैं। थाली में राखी, तिलक, चावल आदि होते हैं। कांबो पैक में चाकलेट भी हैं। बहनें आनलाइन भी थाली सेट भाइयों को भेज रही हैं।

# दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत, गांव में मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर के मोहल्ला माडू पट्टी निवासी 16 वर्षीय समीर पुत्र फुरकान की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना सोमवार की शाम की है, जब वह काम से लौटते समय सड़क किनारे खड़ी एक ट्रॉली से टकरा गया।मिली जानकारी के अनुसार, समीर कस्बे में एक दुकानदार के पास वेल्डिंग का काम सीख रहा था। सोमवार को अचानक पेट में तेज दर्द होने के कारण उसने समय से पहले ही छुट्टी ले ली और मोटरसाइकिल से गांव लौट रहा था। रास्ते में अदनान मुखिया के खेत के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से उसकी बाइक टकरा गई।



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि समीर बाइक से गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।समीर की असमय मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। समीर को मंगलवार को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## नदियों का जलस्तर बढ़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** दो दिन से लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा से यहां का सामान्य जनजीवन बेपटरी हो गया। पहाड़ी इलाकों में हुई वर्षा से क्षेत्र की नदियों का जलस्तर इतना बढ़ा कि कस्बे का क्षेत्र के कई गांवों से दो दिन से संपर्क कटा हुआ हैं।

पहाड़ा नदी व खो नदी का जल स्तर बढ़ने पर इन नदियों के पानी ने पास के खेतों में घुसकर किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी गन्ना, धान की फसलों को नष्ट कर दिया। नदियों के पानी से फसलों की तबाही की किसानों की सूचना पर उपजिलाधिकारी नगीना आशुतोष जैसवाल व सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बढ़ापुर थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार व राजस्व टीम के साथ ग्राम सारंगवाला क्षेत्र में खो नदी पुल और नदी के पानी से हुई फसलों की क्षति का निरीक्षण किया।

# बदमाशों ने चोरी की घटना को सकौती मे दिया अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह के स्थानांतरण के तुरंत बाद नियुक्त चौकी प्रभारी भूप सिंह की तैंनाती का बदमाशों ने गृहण लगा दिया है। रात्रि मे नियुक्ति की खबर प्रसारित होते ही बदमाशों ने सकौती के जंगल में एक दर्जन किसानों के खेतो मे तोडफोड की और मोटर,स्टार्टर,तेल,कीटनाशक,पंखे,के बिल सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना के बाद से किसानों मे खौंफ का वातावरण बना हुआ है।

चौसाना चौकी क्षेत्र में बदमाशों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं,विगत सप्ताह हनुमान धाम व अन्य स्थानों पर हुई चोरी की वारदात अभी खुली भी नही थी। उससे पहले ही बदमाशों ने पुलिस के सामने खुली चुनौती पेश कर दी हैं। सकौती के जंगल मे बीतीरात्रि कुल्हाडी लिए बदमाशों ने एक दर्जन से अधिक किसानों के खेतो से 50 मीटर केबिल,



मोटर, दो पंखे, स्टार्टर, तीन हजार की कीटनाशक, स्टार्टर का तेल सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। बदमाशों ने छह खेतो मे बने कमरो की दीवारो का तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीडित किसानों ने बताया कि मंगलवार की सुबह खेत मे जाने पर चोरी का पता लगा। किसानों को अपने खेतो से बदमाशों की कुल्हाडी, टॉर्च, पेंकस सहित अन्य उपकरण मिले है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों में आक्रोश और पुलिस प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पीडित किसानों ने बदमाशों के खिलाफ पुलिस को शिकायतीपत्र देकर मुक. दमा दर्ज करने की मांग की है।



## एक नजर

### न्यायालय ने चार मामलों में चार दोषियों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** न्यायालय ने चार अलग अलग मामलों में चार को दोषी ठहराया। वहीं न्यायालय ने तेरह हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। वर्ष 2018 में राजू पुत्र दुर्जन निवासी ढोकल ढोडा हफीजाबाद सेफूपुर थाना बागर जनपद उन्नाव हाल पता नौकुआं रोड कोतवाली शामली के खिलाफ थाना शामली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने दोषी पाते हुए न्यायालय बैठने तक की अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2022 में कासिम पुत्र यासीन निवसी ग्राम भूरा के खिलाफ थाना कैराना में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2005 में रफ्फा पुत्र यासीन निवसी बहानपुरा थाना कैराना जनपद शामली के खिलाफ लूट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2023 में खुर्शीद उर्फ पहलवान पुत्र कीमा निवासी पलकेड़ी गढ़ीपुखघ्ता के खिलाफ थाना गढ़ीपुख्ता में चोरी व बरामदगी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। निर्धारित समय पर अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया हैं।

### हथिनीकुंड बैराज से यमुना में डिस्चार्ज किया गया 26,756 क्यूसेक पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना में यमुना नदी के जलस्तर में 8 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, मंगलवार को हथिनीकुंड बैराज से 26,751 क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़ा गया है। बैराज से छोड़े गए पानी से क्षेत्र में यमुना नदी के जलस्तर में व्रद्धि देखने को मिली है। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में पानी छोड़े जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बैराज से छोड़े जा रहे पानी से मंगलवार को कैराना में यमुना नदी के जलस्तर में 8 सेंटीमीटर की मामूली वृद्धि देखने को मिली है। मंगलवार प्रात: आठ बजे यमुना नदी का जलस्तर 229.27 मीटर से बढ़कर 229.35 मीटर पर पहुंच गया। हथिनीनकुण्ड बैराज से छोड़ा गया पानी लगभग 24 घंटे में कैराना पहुंच जाएगा। इस पानी से यमुना के जलस्तर में और भी वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र में खतरे की कोई आशंका नही है। वहीं, ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से मंगलवार को प्रात: 8 बजे 26.756 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया है। इस पानी से क्षेत्र में यमुना के बहाव में आंशिक वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि यमुना का जलस्तर बढ़ने से फिलहाल खतरे की कोई बात नही है। यमुना ब्रिज पर लगे सूचकांक के अनुसार क्षेत्र में चेतावनी बिंदु 231.000 मीटर व खतरे का निशान 231.500 मीटर पर निर्धारित किया गया है।वहीं यमुना नदी के किनारे खड़ी फसलों को लेकर किसानों के माथों पर चिंताओं की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं। उनका कहना है अगर बैराज से एक साथ अधिक मात्रा में यमुना नदी में पानी छोड़ दिया गया तो उनकी फसलें तबाह हो जाएंगी।

### एसपी से की शिकायत बेटी के साथ छेड़छाड़ बेटे को बंधक बनाकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने मोहल्ले के ही कई लोगों पर पीड़िता के पुत्र को बंधक बनाकर मारपीट करने और पीड़िता की पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने स्थानीय पुलिस को मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के पुत्र ने मोहल्ले के ही एक युवक की दुकान को किराए पर ले रखा है। पीड़िता का आरोप है की दुकान मालिक पीड़िता के पुत्र को अपने घर बुलाकर ले गया और घर के अंदर बंधक बना लिया। आरोप है कि दुकान मालिक ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर पीड़िता के पुत्र के साथ जमकर मारपीट की। शोर शराबा सुनकर पीड़िता की नाबालिग पुत्री भी मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़िता की पुत्री को बुरी नियत से दबोच लिया, और छेड़छाड़ की। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसपी राम सेवक गौतम को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसपी रामसेवक गौतम ने स्थानीय पुलिस को मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

### लोगों द्वारा प्रेमी युगल को पकड़ने फिर छोड़ने का वीडियो बन रहा चर्चा का विषय

**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग पर कई लोगों ने एक प्रेमी युगल को पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की पकड़े गए युवक ,युवती से स्थानीय लोग उनके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई और पूछताछ करने के बाद पुलिस को सूचना दिए बिना स्थानीय लोगों ने चेतावनी देकर छोड़ दिया मामला चर्चा का विषय बना रहा। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गई वायरल वीडियो में कई लोग एक युवक एवं युवती से पूछताछ करते हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें कई लोग युवक एवं पकड़े गए युवती से पूछताछ कर उसके परिजनों के बारे में जानकारी कर रहे हैं। 37 सेकंड की वीडियो में पकड़े गए युवक एवं युवती अपने आप को बेगुनाह बताते हुए अपने मोबाइल लोगों को सौंप कर अपने परिजनों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। मगर भीड़ अपनी जिद पर अड़ी हुए हैं और युवक और युवती से उनके परिजनों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिए बिना युवक एवं युवती को छोड़ दिया वायरल वीडियो चर्चा का विषय बनी रही। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार क्या कहना है कि वायरल वीडियो की पुलिस को जानकारी नहीं है।

# हाउस टैक्स में वृद्धि को समाप्त किया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने ईओ विना. ेद कुमार सोलंकी को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। ज्ञापन में नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों द्वारा व्यापारियों पर किए जा रहे अनावश्यक उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। कहा कि हाउस टैक्स में अनियंत्रित वृद्धि को समाप्त किया जाए। जहां सीवर लाइन उपलब्ध नहीं है, वहां सीवर टैक्स न लगाया जाए। बाजार क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगाए जाएं व उनका समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। नगर निकाय अधिकारियों की जनसुनवाई के लिए प्रत्एक कार्यदिवस प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जलभराव व कूड़ा निस्तारण के लिए बरसात के मौसम में विशेष व्यवस्था की जाए। नालियों, सड़कों, स्ट्रीट लाइट आदि की दशा सुधारने के लिए अधिकारियों की जवाबदे. ही तय की जाए। आवारा पशुओं एवं बंदरों से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। अतिक्रमण एवं यातायात जाम की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष अंकित जैन, पियूष वर्मा, अमित वर्मा, आकाश गुप्ता, विपिन अत्री, सुशील चौहान, कमल गर्ग, शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# जगन्नाथ मंदिर बाला जी धाम में नर्मदेश्वर शिव पिंडी का पुष्पाधिवास सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** स्थानीय प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर बाला जी धाम में चल रहे नर्मदेश्वर शिव पिंडी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को अनुष्ठान का चौथा दिन श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर शाकम्भरी देवी सिद्धपीठ से पधारे पंडित राहुल शास्त्री, उनके सहयोगी पंडित रामानुज शास्त्री व पंडित सुमीत शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक नर्मदेश्वर शिव पिंडी का पुष्पाधिवास कराया गया।

पंडित राहुल शास्त्री ने प्रवचन के दौरान कहा कि शंका ही मानव के विनाश का कारण बनती है, समय रहते उसका समाधान आवश्यक है।

उन्होंने मां सती की कथा का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे सती ने अपने भक्ति-बल से पुनर्जन्म लेकर पार्वती रूप में जन्म लिया और दोबारा भगवान शिव से विवाह कर अपने जीवन को पुन: सार्थक किया।उन्होंने कहा कि भगवान शिव का संपूर्ण जीवन भगवान राम की भक्ति को समर्पित है। भक्ति का अर्थ है . किसी व्यक्ति, वस्तु या देवता के प्रति श्रद्धा, प्रेम, वफादारी और समर्पण की भावना। इष्टदेव के प्रति प्रेमपूर्वक जुड़ाव ही सच्ची भक्ति कहलाती है।प्रवचन में बेलपत्र के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। स्कंद पुराण के अनुसार, माता पार्वती के पसीने की बूंदों से मंदराचल पर्वत पर बेलपत्र का वृक्ष उत्पन्न हुआ। यही कारण है कि बेलपत्र को शिव पूजा में अति पवित्र माना जाता है।

इसके तीन पत्ते त्रिदेव . ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक हैं, जो सत्व, रज और तम गुणों से युक्त होते हैं। पंडित शास्त्री ने बताया कि यदि बेलपत्र पर 'राम' नाम लिखकर भगवान शिव को अर्पित किया जाए, तो भगवान अत्यंत प्रसन्न होते हैं।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मोहित तायल, वत्सल तायल, अंकुर तायल, सुरज तायल, वंश शर्मा, अमित गोयल, राघव और भव्य सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे।

## बिजली घर में भरा पानी, बत्ती गुल

**नांगल सोती।** लगातार हो रही बारिश के चलते बिजली घर में पानी भर गया, जिससे क्षेत्र के कई गांवों की बत्ती गुल हो गई। क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश आमजन के लिए किसी आफत से कम नहीं है। नांगल क्षेत्र के कोट सराय, सराय आलम, जालपुर, दहीरपुर सहित कई गांव भागुवाला बिजली घर से जुड़े है, तेज बारिश के चलते भागुवाला बिजली घर में पानी भर गया। बता दे कि पानी रोकने के लिए विभाग ने एक दीवार बनाई थी, लेकिन बरसात का पानी दीवार के ऊपर से गुजर कर बिजली घर में भर गया। जिससे बिजली की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई। पिछले लगभग 60 से 70 घंटे से नांगल और मंडावली क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की आपूर्ति बंद है, जिसके चलते लोगों को मोबाइल चार्ज, पानी आदि की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# जनेश्वर मिश्रा की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्रा की जन्म जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने नगर अध्यक्ष नीरज भार्गव ऊन के आवास पर जयंती कार्यक्रम आयोजित किया,जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं को साझा किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्रा छात्र जीवन से ही समा. जवादी विचारधारा से जुड़ें तथा जीवन पर्यंत समाजवादी सिद्धांतों से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद मे संघर्ष के दिनों में डा राममनोहर लोहिया से जुड़े तथा उनके आदर्शो को अपने जीवन मे इस सीमा तक आत्मसात् किया कि सार्वजनिक जीवन मे उनकी पहचान 'छोटे लोहिया' के रूप में होने लगी। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाया। नगर अध्यक्ष नीरज भार्गव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को राजनीति में लाने का श्रेय पंडित जनेश्वर मिश्रा का ही है। योगेन्द्र गोगर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने गॉव, गरीब, किसान की चिंता की तथा समाजवाद की नीतियां लागू की। इस अवसर पर सत्यवान चौधरी, सहजोर सिंह,राहुल कुमार, नीरज पहलवान, सलेक प्रधान, भूपेंद्र सैनी, विनित मुखिया, संजीव राझड़, बिट्टू ताना आदि मौजूद रहे।



# जिंदा व्यक्ति को बैंकिंग रिकॉर्ड में बना दिया मृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के बाबरी क्षेत्र निवासी 72 वर्षीय मलखाल सिंह उस वक्त हैरान रह गए जब उन्हें बैंक में यह जानकारी दी गई कि वह मृत घोषित कर दिए गए हैं और अब उन्हें वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलेगी। मंगलवार को वह न्याय की गुहार लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे

बाबरी निवासी मलखाल सिंह पुत्र आशाराम ने डीएम अरविंद कुमार चौहान को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि उनकी वृद्धावस्था पेंशन पूर्व में स्वीकृत थी और नियमित रूप से प्राप्त हो रही थी। हालांकि, कुछ समय से पेंशन आनी बंद हो गई थी। जब उन्होंने बैंक जाकर जानकारी लेनी चाही तो बैंक कर्मियों ने बताया कि सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है, इसीलिए उनकी पेंशन रोक दी गई है। पीड़ित वृद्ध ने अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब वह जीवित हैं, तो उन्हें मृत घोषित करना न सिर्फ गलत है, बल्कि यह अमानवीयता की पराकाष्ठा है। उन्होंने डीएम से मांग की कि इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए और जिन अधिकारियों की लापरवाही से उन्हें मृत बताया गया, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही, उनकी वृद्धावस्था पेंशन को दोबारा चालू कराया जाए। डीएम ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर संबंधित विभाग को आवश्यक जांच के निर्देश दिए हैं।

# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर कॉलेज की छात्राओं ने किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने विद्या भारती की विभागीय खेल कूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया। खेल शिक्षिका रेनू ने बताया कि 2 अगस्त को लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर जानसठ रोड मुजफ्फरनगर में आयोजित विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं हर्षिता ने 600 मीटर दौड़ व लंबी कूद में गोल्ड व सिल्वर मेडल, मानवी ने 100 व 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, स्वाति ने 600 मीटर में, अनुष्का ने चक्का फेंक में सिल्वर मेडल, अंडर-17 में राधिका ने 800 मीटर, सिमरन ने 300 मीटर वंशिका ने 1500 मीटर, आरुषि ने 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है। अंडर-19 में वंशिका चौधरी ने 1500 मीटर, जया मलिक ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय आने पर सभी विजेता छात्राओं का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



शामली। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर कॉलेज की छात्राएं।

## वन-वे हाईवे पर लगा लम्बा जाम

**शेरकोट।** कांवड़ यात्रा के चलते शेरकोट में यातायात जाम की स्थिति पैदा हो गई। बिजनौर में बढ़ते यातायात दबाव के कारण शेरकोट पुलिस ने वाहनों को शेरकोट-धामपुर के बीच रोकना पड़ा, जिससे हाईवे पर लगभग चार किमी जाम लग गया। जाम में न केवल यात्री वाहन फंसे रहे, बल्कि स्कूली वाहन भी फंस गए। घंटों लगे जाम से यात्री और स्कूली बच्चे बिलबिला उठे। यात्री वाहनों और स्कूली बसों के अलावा बड़े माल वाहन भी जाम में फंसे रहे। कुछ वाहन चालकों ने डिवाइडर को पार कर कांवड़ियों के लिए आरक्षित मार्ग पर आने की कोशिश की।

# दबंगों ने मकान को जेसीबी चलाकर किया क्षतिग्रस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर दबंगों पर पीड़ित के मकान पर जेसीबी चलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया। यही नही मकान की दीवार गिराते हुए वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा निवासी हाशिम पुत्र इकबाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत 4 अगस्त की रात्रि वह अपने परिवार के साथ शादी समारोह में गया था। आरोप है कि मंगलवार सवेरे करीब 3 बजे शहजाद, इमरान, आमिर, नाथीराम, तालिब, राजेश सहित कुछ अज्ञात लोग उसके मकान पर पहुंचे और जेसीबी मशीन लगाकर मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। यही नही मकान में रखी अलमारी, फर्नीचर भी तोड दिया गया।

किरयाना की दुकान का सामान क्षतिग्रस्त करते हुए मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित द्वारा की गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वा. सन दिया है। वही बताया जाता है कि मामला प्रोपर्टी को लेकर आपसी विवाद का है। जिसको लेकर कोर्ट में भी वाद चल रहा है, लेकिन रात्रि में की गई तोड़फोन और मकान गिराने की घटना को लेकर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।

# मोहल्ले के लोगो ने किया हंगामा प्रर्दशन विद्युत आपूर्ति ठप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शांति नगर निवासी सुरेंद्र, रामवीर, मनोज, इंद्रपाल, जयवीर, सहदेव, आरिफ, एहसान, मुस्तकीम व खुर्शीद सहित आदि लोगो ने मंगलवार को विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया।

मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का शोर मचा है। लोग अपने-अपने मोहल्लो में पहरा देने को मजबूर हैं। वहीं शांति नगर में कई विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर गिर गए हैं। जिसके चलते मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है, एक और चोरों को खौफ तो दूसरी और विद्युत आपूर्ति ठप होने के चलते मोहल्ले के लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की मांग की है।

## गुमशुदा की तलाश

जनपद शामली के थाना कांधला मौहल्ला खेल निवासी प्रमोद पुत्र सतवीर ने कांधला थाने में तहरीर देकर अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रमोद ने बताया कि 29 जून 2025 की सवेरे 05 बजे वह सब्जी मंडी गया था जब वह 06 बजे वापस आया तो उसकी 35 वर्षीय पत्नी पूजा जिसका रंग गेंहूआ, कद 05 फूट है और उसने हरे रंग का कुर्ता-सलवार व चप्पल पहन रखी है। वह 29 जून 2025 की सवेरे 06 बजे पुत्र कुणाल उर्फ विवान उम्र 05 वर्ष सहित घर पर नहीं मिले और दोनो गुम हो गए। पीड़ित प्रमोद ने इसकी सूचना एक जुलाई 2025 को शाम 06 बजे तलाश करने के बाद थाने में दी, जो भी जीडी में दर्ज है और जीडी की फोटो भी संलग्न है। प्रमोद ने अपनी पत्नी पूजा व अपने बेटे कुणाल उर्फ विवान की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

## गुलदार ने बकरियों को मार डाला

**शेरकोट।** ग्राम रामसहायवाला चुंगी के निकट निवासी अफसार पुत्र अबरार अहमद ने सात बकरियां पाल रखी थी। रोज की भांति सोमवार की रात को भी उन्होंने बकरियों को अपने मकान के बराबर में बने मकान में बांध दिया था। रात्रि किसी समय गुलदार छत के रास्ते जीने से होता हुआ घर में घुस गया और वहाँ बंधी बकरियों को मार डाला तथा एक बकरी को उठा कर ले गया। सुबह जब अफसार बकरियों को खोलने गया तो एक बकरी गायब थी तथा 6 बकरियां मरी पड़ी थी।

# ग्रामीणों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ढाबे पर मामूली से विवाद के दौरान लाठी डंडे और धारदार हथियार चले जिसमे तीन लोग घायल होने के मामले में ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम कोर्ट पर धरना प्रदर्शन किया। अधिकारियों के उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

हाईवे पर साखन नहर के निकट स्थित एक ढाबे पर दस दिन पूर्व मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। जिसमें एक पक्ष द्वारा लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला करने के कारण दूसरे पक्ष के गांव रणखंडी निवासी अंकित, दीपक व गांव भायला निवासी अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के संबंध में अंकित ने पुलिस को तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। इसी मामले में अंकित के भाई विकास के साथ काफी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस ने सांठगांठ कर आरोपियों का मामूली धाराओं में चालान किया है। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने एसडीएम युवराज सिंह और सीओ रविकांत पाराशर को ज्ञापन भी दिया। अधिकारियों द्वारा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर धरना समाप्त हुआ। किसान मजदूर संगठन के रवि राणा, सत्यम राणा, शुभम राणा, संजीव राणा, राजकुमार राणा, अंकित गोस्वामी, अरुण गोस्वामी, विकास गोस्वामी, ब्रह्मपाल गोस्वामी आदि लोग शामिल रहे।

# आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

**देवबन्द।** नमाज पढ़ने जा रहे व्यक्ति ने आवारा कुत्तों के घेरने से बचने के लिए दौड़ लगाई इस दौरान वह गिर जाने के कारण उनके कंधे की हड्डी टूट गई। जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। रहमान कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय राशिद अंसारी ने बताया कि मंगलवार की सवेरे फजर की नमाज पढ़ने मस्जिद जा रहे थे। इसी दौरान काफी संख्या में आवारा कुत्तों ने उन्हें घेर लिया और हमले का प्रयास किया। जान बचाने के लिए वह मस्जिद की तरफ दौड़े तो अचानक उनका पैर फिसल गया और जमीन पर गिर पड़े। बताया कि गिरने के कारण उनके कंधे की हड्डी टूट गई। बाद में परिजनों ने उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। उन्होंने प्रशासन से आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की

# आश्रम की बहनों ने छात्रों को मेडिटेशन का समझाया महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम द्वारा आयोजित आध्यात्मिक एवं नैतिक जागरूकता कार्यक्रम में आश्रम की बहनों ने छात्रों को मेडिटेशन का महत्व समझाया।



मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों ने छात्रों को मेडिटेशन कराते हुए सकारात्मक सोच, आत्मनिर्भरता और आत्मबल के महत्व पर विचार रखे। बहनों ने कहा कि आज के युग में केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा एवं मानसिक शांति भी आवश्यक है। नकारात्मक विचारों से दूर रहकर बच्चे अपने मन को काबू में रखते हुए जीवन में आगे बढ़ें। इस दौरान आश्रम की बहनों ने स्कूल प्रबंधन के भाइयों के हाथों पर रक्षा सूत्र भी बांधे। प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने कहा कि सकारात्मक विचारों के साथ ही जीवन में आगे बढा जा सकता है। अंजली त्यागी, नीलम सिंघल, सिम्मी मखीजा, पारूल वशिष्ठ, लवी त्यागी, प्रीति जैन, अंजुला शर्मा आदि अध्यापक-अध्यापिकायें शामिल रहे।

# छात्र लगन के साथ तालीम हासिल करें: मोहतमिम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द** दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि छात्रों को मेहनत एवं लगन के साथ तालीम हासिल कर शिक्षा को दूसरा तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी क्षेत्र में तरक्की संभव नहीं है।

मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी मस्जिद रशीदिया में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे उन्होने कहा कि छात्रों को तालीम हासिल करने में कड़ी मेहनत करनी चाहिए लगन और ईमानदारी के साथ उसी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को नसीहत देते हुए कहा कि वह बुजुर्गों के पदचिंहों पर चलकर शिक्षा ग्रहण करें और दीन का परचम फहराएं। दारुल उलूम की मजलिस-ए-शूरा के वरिष्ठ सदस्य मौलाना रहमतुल्लाह कश्मीरी ने वर्तमान परिस्थितियों, धार्मिक आवश्यकताओं और व्यक्तिगत चरित्र के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग परीक्षाओं का युग है। जहां इस्लामी मूल्यों, धार्मिक पहचान और सत्य के मार्ग पर चलने वालों की पहचान को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मौलाना रहमतुल्लाह कश्मीरी ने छात्रों से मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के प्रयोग से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत कारी आफताब कासमी की तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई। इस मौके पर छात्रा व उस्ताद शामिल रहे।

# खाले पर बन रहे पुल का कार्य धीमी गति से होने के कारण ग्रामीण परेशान

**देवबन्द।** गांव इमलिया को नगर से जोडने वाली मुख्य सडक पर खाले के ऊपर बन रहे पुल का कार्य धीमी गति से होने से ग्रामीण बेहाल हैं। बरसात के मौसम में उक्त मार्ग पर जलभराव होने से ग्रामीण रास्ता बदलकर देवबंद आने जाने को मजबूर हैं। जिसके चलते उन्हें करीब दस किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर सडक व पुल निर्माण कार्य तेजी से पुरा कराए जाने की मांग की है।





मंगलवार को देवबंद पहुंचे गांव इमलिया के लोगों ने एसडीएम युवराज सिंह को संबोधित ज्ञापन स्टेनों को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव के बाहर स्थित खाले पर बनाए जा रहे पुल और सडक निर्माण कार्य पिछले 14 महीने से बेहद धीमी गति से चल रहा है। पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश होने के कारण उक्त सडक पर कई कई फीट तक जलभराव हो गया है जिससे गांव का देवबंद से संपर्क कट गया है। लोगों को करीब दस किमी अतिरिक्त दूरी तय कर गांव रणखंडी व अंबहेटा होते हुए देवबंद आना जाना पड़ रहा है। उक्त मार्ग पर जलभराव होने की वजह से गांव के बच्चों को स्कूल आने जाने में भी बेहद परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं काफी संख्या में ग्रामीण जलभराव की वजह से अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं जिससे उनकी पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। इसलिए जनहित में उक्त सडक व पुल निर्माण का कार्य तेजी से होना आवश्यक है। ज्ञापन में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रधान फरमान, सुलेमान, गुलरेज, मोहम्मद तौसीफ आदि शामिल रहे।

# महिला ने ससुरालियों पर परेशान करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महिला ने जहर का सेवन कर पति की मौत के बाद ससुरालियों पर परेशान करने का आरोप लगाया। पीडिता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र दिया।

मोहल्ला कायस्वाड़ा निवासी स्व. विशाल सिंघल की पत्नी कशिश सिंघल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए पत्र में बताया कि उसके पति ने बीती दो जुलाई को जहर का सेवन कर लिया था। जिसके चलते उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उनका आरोप है कि पति की मौत के बाद ससुराली उसे लगातार टॉर्चर कर रहे हैं। इतना ही नहीं कई तरह के आरोप लगा उसे घर से निकालने की धमकी भी दे रहे हैं। पत्र में बताया कि उसके स्व. पति का अपनी बहनो के साथ संपत्ति को लेकर विवाद था जिसके चलते अब वह उनके निशाने पर है क्योंकि अब आरोपी ससुराली उसे धमकियां दे रहे हैं।

# टैक्स वसूली से जनता पर पड़ रहा हैं भारी बोझ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने सरकार से अपील की है कि वह जनता पर लगने वाले टैक्स के बोझ को कम करे और एक ही बार टैक्स वसूलने की प्रक्रिया को लागू करे। उन्होंने कहा कि सड़क और परिवहन के क्षेत्र में दोहरी टैक्स वसूली से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पंडित सतेंद्र शर्मा ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि जनता को टैक्स की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तरफ आरटीओ (राज्य परिवहन कार्यालय) पर वाहन पंजीकरण के समय टैक्स लिया जाता है, वहीं दूसरी तरफ टोल प्लाजा पर भी लोगों से टैक्स वसूला जाता है। यह न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाता है, बल्कि आम नागरिकों के लिए जीवन को कठिन बना रहा है। कहा कि वाहन पंजीकरण के दौरान जनता को विभिन्न प्रकार के टैक्स चुकाने होते हैं। जिनमें रोड टैक्स और प्रदूषण नियंत्रण टैक्स शामिल है। इसके बाद जब वह राष्ट्रीय या राज्य राजमार्गों पर यात्रा करते हैं, तो उन्हें टोल प्लाजा पर भी शुल्क चुकाना पड़ता है। इस प्रकार एक ही वाहन पर विभिन्न स्थानों पर एक से अधिक बार टैक्स लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए और व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। ताकि जनता को राहत मिल सके।

# पंचायत विकास संकेतकों पर केंद्रित विशेष कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकासखंड अल्हैपुर के सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के अंतर्गत 'पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स' (PAI) पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह, एडीओ पंचायत अनिल कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।

कार्यशाला में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक कुलबीर सिंह और जिला परियोजना प्रबंधक विकास कुमार ने प्रतिभागियों को PAI 1.0 और 2.0 के तहत निर्धारित सूचकांकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह बताया कि कैसे ग्राम पंचायतें निर्धारित मानकों को पूरा कर 'श्रेष्ठ पंचायत' की मान्यता प्राप्त कर सकती हैं।

इस अवसर पर उपस्थित ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिवों एवं पंचायत सहायकों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास योजनाएं बनाने और उन्हें डिजिटल माध्यम से अपडेट करने की विधियां भी समझाई गईं। PAI 2.0 में शामिल प्रश्नों को कैसे भरना है, इस पर विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस कार्यक्रम को बाल विकास परियोजना प्रभारी शोभा वर्मा एवं ग्राम प्रधान संघ शाखा अलीपुर की अध्यक्ष संध्या सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में पंचायत सचिव नसीम अहमद, हिमांशु कुमार, विनीता रानी, त्रिवेंद्र कुमार, पंचायत सहायक कविता रानी, काशिफ अली, प्रेरणा चौहान, जहानी राजपूत समेत बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

## हेलमेट लगाते तो बच सकती थी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल चंदक मार्ग पर बाइक सवार युवकों से एक नीलगाय टकरा गईं, जिससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजा।



मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे सूफियान (26 वर्ष) निवासी काशीराम कालोनी बिजनौर अपने एक साथी के साथ बिजनौर की ओर से नांगल की ओर आ रहे थे, तभी चंदक रेलवे फाटक और गांव चदोंक के बीच उनकी बाइक से एक नीलगाय टकरा गई, जिससे इस हादसे में बाइक सवार सूफियान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर मौके पर नांगल पुलिस पहुंच गई, जिसने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और मृतक को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। बाइक सवार युवकों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था, शायद हेलमेट लगा होता तो मृतक की जान बच सकती थी।

# दो कारों की टक्कर में एक युवक की मौत

## दो घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** मंगलवार सुबह आठ बजे दौलताबाद कट पर दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में ग्राम मूसेपुर निवासी वीर सिंह प्रजापति (30 वर्ष)की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कार सवार 3 लोग नजीबाबाद से मुरादाबाद जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी दौलताबाद कट पर पहुंची वैसे ही सामने से आ रही कार से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई। दोनों गाड़ियों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई जहां से गंभीर हालत देखते हुए तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में सहदेव पुत्र चंद्रपाल, वीर सिंह प्रजापति पुत्र हुकम सिंह दोनों निवासी ग्राम मूसेपुर थाना नजीबाबाद, छत्रपाल सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम इस्सेपुर थाना नजीबाबाद रहे। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान वीर सिंह प्रजापति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस दोनों गाड़ियों को थाने ले आई है।

पुलिस के अनुसार अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बीएड प्रथम वर्ष में शबनूर प्रथम

**बिजनौर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली का बी.एड. प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का बी.एड. प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष की तरह ही शत-प्रतिशत रहा। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि बी.एड. प्रथम वर्ष में शबनूर पुत्री जब्बार अहमद ने 80.28 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अंजली पवार पुत्री विनोद कुमार ने 77.57 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा प्रियंका पुत्री महावीर सिंह 76.71 प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही है। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार व सहायक प्रवक्ता फरहीन ज़हरा व ज्योति सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए।

# बारिश से गिरा गरीब का कच्चा मकान



## ग्राम प्रधान ने दी अपने घर में शरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** लगातार हो रही बारिश से एक गरीब परिवार का कच्चा मकान गिर गया, जिससे सारा सामान मलवे में दब गया।

कई दिन से लगातार हो रही बारिश से जहां आमजन को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है, वहीं यह बारिश कुछ लोगों के लिए किसी आफत से कम नहीं है। लगातार हो रही बारिश के चलते नांगल थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर भट्टा में उस्मान अहमद का कच्चा मकान गिर गया। जिसमें उस्मान का रोजमर्रा का समस्त सामान मलबे में दब गया। हालांकि गनीमत रही कि परिवार का कोई सदस्य इस हादसे की चपेट में नहीं आया। सूचना पर ग्राम प्रधान का पुत्र मौके पर पहुंचा, जिसके बाद इस परिवार को ग्राम प्रधान फमीदा ने अपने घर में शरण दी है।

# राखी ने बताया स्तनपान का महत्व

## शिशु के लिए मां का दूध संजीवनी

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने स्तनपान के महत्व को बताते हुए कहा कि शिशु के लिए मां का दूध बेहद जरूरी है।



प्राप्त समाचार के अनुसार इनरव्हील क्लब द्वारा नीरू तागरा की अध्यक्षता में पूजा हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने स्तनपान यानी ब्रेस्टफीडिंग के महत्व बताया। डॉ. राखी ने बताया कि स्तनपान शिशु के लिए संजीवनी का काम करता है। मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान है। डॉ. राखी ने कहा कि माताओं को इसके लिए जागरूक होना अत्यावश्यक है। यह मां और बच्चे के बीच भावनात्मक संबंध स्थापित करता है। दूध पिलाने वाली माताओं को शिशुओं को संक्रमण से बचाने के लिए अपने स्तनों की सफाई रखनी चाहिए। इसके अलावा डॉ. राखी ने सर्वाइकल कैंसर के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। डॉ. राखी आनंद अग्रवाल का इस पर जानकारी देना निश्चित रूप से माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होगा।

इस अवसर पर सचिव मनीषा शर्मा, प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल, आईएसओ सीमा कपूर, कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल आदि मौजूद रही।

क्लब अध्यक्ष नीरू तागरा ने डॉ. राखी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्लब की तरफ से महिलाओं और बच्चों को पोषक वस्तुएं जैसे दूध, दलिया, बिस्किट और फल आदि दिए गए। इनरव्हील क्लब का यह प्रयास सराहनीय है, जो माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

स्तनपान के महत्व को बढ़ावा देने और माताओं को इसके लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए यह एक अच्छा कदम है।

**सूचना**

मेरा बड़ा लड़का मो. अफफान मेरे कहने सुनने में नहीं हैं गलत संगत में बैठता-उठता हैं काफी समझाने के बाद भी नहीं मानता जिससे दुखी होकर मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके किसी कृत्य व लेनदेन का में व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मौहम्मद वकील पुत्र यूनुस
निवासी ग्राम मानकी थाना देवबन्द

# मंडावली क्षेत्र में बारिश से हालात बेहद खराब

## कई ग्रामों का आपस में सम्पर्क कटा, कोटावाली नदी का जलस्तर मार रहा उफान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद/मंडावली।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से हालात बद से बदत्तर हो गए हैं। अगर बारिश इसी तरह लगातार जारी रही, तो बड़ा नुकसान हो सकता है। कई ग्रामों का आपस में सम्पर्क कट गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम प्रीतमगढ़ उर्फ मिर्जापुर एवं अन्य ग्रामों में बीते दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से हालात खराब हो गए है। कोटा वाली नदी में जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है। तेज बहाव के कारण ग्रामों का मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह से टूट गया है। जिससे ग्रामों का संपर्क बाहरी क्षेत्रों से कट गया है और हजारों ग्रामीण टापू जैसी स्थिति में फंस गए हैं। प्रीतमगढ़, उत्तराखंड की सीमा से सटा हुआ ग्राम है और यहां की आबादी बारिश के मौसम में हर वर्ष इसी तरह के संकट का सामना करती है। लेकिन इस बार हालात और अधिक गंभीर हो गए हैं। संपर्क मार्ग के कट जाने से स्कूल, मेडिकल सेवाएं एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गई है। कई ग्रामीणों ने बताया कि बीमारों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाना संभव नहीं हो पा रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है और दैनिक जीवन पूरी तरह ठप हो गया है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि हर साल आने वाली इस समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए। न केवल संपर्क मार्ग की मजबूती की जरूरत है, बल्कि कोटा वाली नदी के जलप्रवाह को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बांध, पुलिया और जल निकासी की ठोस योजना बनाई जानी चाहिए।

दूसरी तरफ भागूवाला में मूसलाधार बारिश से हा-हाकार मचा हुआ है। चमरिया मौहल्ला पानी में डूब गया है। बिजली तीन दिन से गुल है। बिजली घर पानी में डूबा हुआ है। ग्रामीण अंधेरे और भूख से बेहाल है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सवाल कर रहे है। दो दिन से लगातार मूसलाधार बारिश ने भागूवाला कस्बे को बेहाल कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि उत्तर दिशा में स्थित चमरिया मौहल्ला पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। बूढ़े, बच्चे और महिलाएं भूख-प्यास और बीमारी की स्थिति में जीने को मजबूर हैं।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एनएचएआई द्वारा बनाए गए हाईवे में पानी की निकासी का कोई इंतजाम नहीं किया गया। न सड़क के दोनों ओर नालों की व्यवस्था की गई और न ही बारिश के पानी के बहाव की दिशा तय की गई। हाईवे पर इस समय पानी इस कदर बह रहा है, जैसे कोई उफनती नदी हो।

बारिश के पानी ने अपना विकराल रूप दिखाते हुए सिंचाई विभाग कॉलोनी की दीवारों को तोड़ डाला है। जिससे कॉलोनी जलमग्न हो गई। पानी दूसरी ओर की दीवार को पार कर खेतों तक जा पहुंचा है। तीन दिन से बिजली गायब है।

**सूचना**

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 4025491 मार्कशीट सनद वास्तव में खो गई है।

हुसैन पुत्र जमीर अहमद
ग्राम फुलास अकबरपुर
देवबंद जिला सहारनपुर



# हर कप्तान चाहता है मोहम्मद सिराज जैसा गेंदबाज: शुभमन गिल

● ओवरकास्ट परिस्थितियों में सिराज और प्रसिद्ध दोनों को गेंद से भरपूर मदद हो रही थी, सिराज को तीन और प्रसिद्ध को एक सफलता मिली

**लंदन, वार्ता।** ओवल टेस्ट में भारत की इंग्लैंड के ऊपर छह रनों की रोमांचक जीत के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि जब मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज गेंदबा. जी कर रहे होते हैं तो बतौर कप्तान उन्हें अधिक सोचने की जरूरत नहीं पड़ती।

गिल ने कहा कि हमारे पास सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज हैं, जब यह दोनों गेंदबाजी करते हैं तो कप्तानी आसान प्रतीत होने लग जाती है। दोनों गेंद को भरपूर हरकत कराते हैं। जिस तरह से आज सुबह दोनों ने गेंदबाजी की वह काबिले-तारीफ है। विशेषकर जिस तरह से सिराज ने हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की, हर कप्तान अपनी टीम में उनके जैसा गेंदबाज चाहता है। अंतिम दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को जीत के लिए चार विकेट चाहिए थे। ओवरकास्ट परिस्थितियों में सिराज और प्रसिद्ध दोनों को गेंद से भरपूर मदद प्राप्त हो रही थी और सिराज के तीन और प्रसिद्ध को एक सफलता की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को जीत से छह रन दूर रख दिया। गिल ने कहा कि दिन का खेल शुरू होने से पहले उन्हें और उनकी टीम को इस बात का एहसास था कि इंग्लैंड का खेमा दबाव में होगा। गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। क्योंकि दबाव टीमों को वो चीजें करने पर मजबूर करता है जो वे नहीं करना चाहतीं। इस प्रदर्शन से मैं काफी खुश हूं। बतौर कप्तान के साथ ही बतौर बल्लेबाज ही यह सीरीज गिल के लिए खुशी के अवसर लेकर आई। गिल ने इस सीरीज में चार शतकों की बदौलत 75-40 की औसत से सर्वाधिक 754 रन बनाए, जिसमें एजबेस्टन में लगाया दोहरा शतक भी शामिल था। गिल को उनके इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। हालांकि इंग्लैंड दौरा शुरू होने से पहले गिल के सामने बतौर बल्लेबाज भी कई चुनौतियां थीं। इस दौरे से पहले विदेशी सरजमीं पर गिल का बल्लेबाजी औसत 35 से अधिक था। हालांकि गिल ने बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों को जवाब दिया। गिल ने कहा कि इस सीरीज से पहले उन्होंने काफी मेहनत की थी। गिल ने कहा कि इस सीरीज से पहले मैंने काफी मेहनत की थी। बतौर बल्लेबाज कई ऐसे पहलू थे जिन पर मुझे काम करना था और मैं इस सीरीज में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनकर उभरना चाहता था।



# टिम डेविड पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन में लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड पर 28 जुलाई को सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डेविड को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-8 का उल्लंघन करते पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। इसके अलावा, डेविड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब अल्जारी जोसेफ ने डेविड को लेग साइड में एक गेंद फेंकी जिसे वाइड नहीं कहा गया। डेविड ने अपनी बाहें फैलाकर और गेंद को वाइड करार देने का इशारा करके असहमति जताई और फिर अपनी बाहें फैलाए ही अंपायर की ओर चल पड़े।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीदरलैंड तीन टी-20 मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीमें तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला 30 अगस्त से शुरू होगी और तीनों मैच सिलहट में खेले जाएंगे। नीदरलैंड की टीम 26 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी और श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन दिन प्रशिक्षण लेगी।

पहला टी-20 मैच 30 अगस्त को, दूसरा और तीसरा मैच क्रमश: 1 और 3 सितम्बर को होगा - ये सभी मैच सिलहट के एसआईसीएस स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला 9 सितम्बर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का काम करेगी।

### 2026 टेटे टीम विश्व चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में प्रत्येक में 64 टीमें होंगी

**बीजिंग, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ ने आज घोषणा की कि लंदन में होने वाले 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल में पुरुष और महिला वर्ग में 64-64 टीमें भाग लेंगी। यह विस्तारित प्रारूप 1926 में लंदन में आयोजित पहली टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप और उसी वर्ष आईटीटीएफ की स्थापना, दोनों की शताब्दी का प्रतीक है। यह टूर्नामेंट हाल के संस्करणों में इस्तेमाल किए गए 40-टीम प्रारूप से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के अनुसार, कॉपर बॉक्स एरिना में 28 अप्रैल से 1 मई, 2026 तक शुरुआती दौर के मुकाबले खेले जाएंगे।

# युवा मुक्केबाजी प्रतिभाएं चौथी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी

● इस आयोजन में 700 से ज्यादा मुक्केबाज भाग लेंगे जिनमें 400 लड़के और 300 लड़कियां होंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ 7 से 13 अगस्त, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में चौथी सब-जूनियर (अंडर-15) बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन करेगा।

इस आयोजन में 700 से ज्यादा युवा मुक्केबाज भाग लेंगे, जिनमें 13 से 14 वर्ष की आयु के 400 लड़के और 300 लड़कियां शामिल हैं, जो 15 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। बीएफआई के व्यापक दृष्टिकोण के तहत, जो जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के लिए एक मजबूत मार्ग तैयार करना चाहता है, सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। यह आयोजन इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित पुरुष, महिला और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के बाद हो रहा है, जिनसे पहले ही अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता और भविष्य के सितारे निकल चुके हैं। हरियाणा व चंडीगढ़ इस संस्करण में तीसरे सब- जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के गत विजेता के रूप में प्रवेश कर रहे हैं। बीएफआई के कार्यकारी निदेशक और अंतरिम समिति के सदस्य, कर्नल अरुण (सेवानिवृत्त) ने कहा कि 'सब-जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता ही वह जगह है जहां से भारत की मुक्केबाजी यात्रा वास्तव में शुरू होती है।

# बेंगलुरु एफसी ने पहली टीम के वेतन पर रोक लगाई

● क्लब ने आगामी आईएसएल सीजन के बारे में चल रही स्पष्टता की कमी को कठोर कदम बताया

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए, बेंगलुरु फुटबॉल क्लब ने अपनी पहली टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने की घोषणा की है। क्लब द्वारा जारी एक आधिका. रिक विज्ञप्ति में, बेंगलुरु एफसी ने कहा कि इंडियन सुपर लीग सीजन के भविष्य को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए, बेंगलुरु फुटबॉल क्लब ने पहली टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने का एक बहुत ही कठिन निर्णय लिया है।

क्लब ने आगामी आईएसएल सीजन के बारे में चल रही स्पष्टता की कमी को इस कठोर कदम का कारण बताया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत में एक फुटबॉल क्लब को चलाना और उसे बनाए रखना हमेशा से एक कठिन काम रहा है, जिसे हमने हर सीजन में एक तरफ रखकर पूरा किया है। हालांकि, लीग के भविष्य को लेकर स्पष्टता की कमी के कारण हमारे पास यह कदम उठाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस फैसले से खिलाड़ियों और कर्मचारियों पर काफी असर पड़ने की उम्मीद है। बेंगलुरु एफसी ने उनकी भलाई के लिए अपनी चिता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों का भविष्य और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और हम समाधान की प्रतीक्षा में उनके संपर्क में हैं। हालांकि, क्लब ने पुष्टि की है कि उसके जमीनी स्तर और युवा विकास कार्यक्रम निर्बाध रूप से जारी रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्लब खेल और हमारे संच. ालन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें हमारी युवा टीमें पुरुष और महिलाएं- शामिल हैं, और बीएफसी सॉकर स्कूल इस निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। क्लब ने फुटबॉल अधिका. रियों से एआईएफएफ और एफएसडीएल से इस गतिरोध को शीघ्र समाप्त करने का आग्रह करते हुए एक कड़ा आग्रह किया।

# क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स आज से, 19 ग्रैंडमास्टर्स उतरेंगे

● क्लासिकल इवेंट माने जाने वाले इस टूर्नामें ट में विश्व स्तरीय खिलाड़ी शामिल होंगे

**चेन्नई, वार्ता।** भारत का प्रमुख क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट, क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स, 6 से 15 अगस्त तक अपने तीसरे संस्करण के लिए वापसी कर रहा है। देश के सबसे मजबूत क्लासिकल इवेंट माने जाने वाले इस टूर्नामेंट में विश्व स्तरीय खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें 19 शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे, जो सभी एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि और महत्वपूर्ण फिडे सर्किट पॉइंट्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस टूर्नामेंट की एक महत्वपूर्ण विरासत है। 2023 का पहला संस्करण ग्रैंडमास्टर गुकेश डी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। उनकी जीत ने फिडे सर्किट पॉइंट्स प्रदान किए जिससे उन्हें कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिली, जिसे उन्होंने अंतत: विश्व चैंपियन बनने की राह पर जीत लिया। 2024 मास्टर्स का खिताब अरविद चितंबरम ने जीता, जिन्होंने एक रोमांचक टाईब्रेक में जीत हासिल की। जिन खिलाड़ियों के साथ उन्होंने बराबरी की, उनमें से एक, अर्जुन एरिगैसी, इस साल शीर्ष दावेदार के रूप में वापसी कर रहे हैं क्योंकि वह पहले भी एलीट 2800 फिडे रेटिंग क्लब में जगह बना चुके हैं, जो शतरंज की दुनिया में एक दुर्लभ उपलब्धि है। इस साल, दांव पहले से कहीं ज्यादा ऊंचे हैं, क्योंकि यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण फिडे सर्किट पॉइंट प्रदान करता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की करने के लिए जरूरी हैं, जिससे हर मैच महत्वपूर्ण हो जाता है। 2025 का संस्करण एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है।

# सर्जरी के बाद सूर्या ने किया अभ्यास



● बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे है सूर्यकुमार यादव

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के बाद बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहली बार बल्लेबाजी अभ्यास किया। यह सत्र पिछले हफ्ते के अंत में हुआ और अभी वह बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

सर्जरी जर्मनी में हुई थी और उसके बाद से सूर्यकुमार की रिकवरी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। अगले कुछ हफ्तों में उनका वर्कलोड बढ़ाया जाएगा ताकि वे मैच फिटनेस की ओर लौट सकें। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार नौ सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए समय पर वापसी कर लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुता. बिक, शुरुआती योजना उन्हें अगस्त के अंत में बांग्लादेश दौरे पर होने वाली टी-20 सीरीज के लिए फिट करने की थी, लेकिन वह सीरीज बाद में रद्द कर दी गई। सूर्यकुमार की आखिरी पेश. ेवर क्रिकेट भागीदारी जून में मुंबई टी-20 लीग में ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्टर्न के लिए थी, जहां उन्होंने चार पारियों में 122 रन बनाए।

उन्हें वेस्ट जोन की दलीप ट्रॉफी टीम में भी शामिल किए जाने की चर्चा थी, लेकिन संभावना है कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। वेस्ट जोन को सीधे सेमीफाइनल में एंट्री मिली है, जो 4 सितंबर से शुरू होंगे, जबकि भारतीय टीम के पहले हफ्ते में यूएई रवाना होने की उम्मीद है।

सूर्यकुमार के लिए अंतिम रिहैब चरण में कुछ प्रैक्टिस मैच और सिमुलेशन अभ्यास आयोजित किए जा सकते हैं ताकि उन्हें टूर्नामेंट से पहले मैच अभ्यास मिल सके। एशिया कप भारत के लिए 2026 टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का शुरुआती चरण होगा, जिसे भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं।

# एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप क्वालीफायर में भारत का सामना इंडोनेशिया से

● भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा

**म्यांमार, वार्ता।** भारत 6 अगस्त को थुवुन्ना स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे इंडोनेशिया के खिलाफ ग्रुप डी में अपने एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 क्वालीफायर अभियान की शुरुआत करेगा। भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा, जो फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप का भी क्वालीफायर है।

स्वीडिश मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में, यंग टाइग्रेसेस प्रतियोगिता से 20 साल की अनुपस्थिति को समाप्त कर सकती है, जिसने आखिरी बार 2006 में क्वालीफाई किया था। 2024 के क्वालीफायर में, भारत पहले दौर में वियतनाम से गोल अंतर के आधार पर सबसे कम अंतर से बाहर हो गया था। संयोग से, भारत ने उन क्वालीफायर में इंडोनेशिया से भी मुकाबला किया था, और 6-0 से शानदार जीत दर्ज की थी।

से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, एलेक्जेंडरसन ने प्रतिस्पर्धी ग्रुप में भारत के क्वालीफाई करने की संभावनाओं के बारे में अपनी सकारात्मकता व्यक्त की। स्वीडिश खिलाड़ी ने कहा कि हमने इन क्वालीफायर के लिए बेंगलुरु में अच्छी सुविधाओं और एक अच्छे प्रशिक्षण मैदान में दो महीने से अधिक के शिविर के साथ तैयारी की। हमारी उम्मीदें निश्चित रूप से क्वालीफाई करने की हैं।

# जैकब्स को इंग्लैंड में एसए20 अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम के तीसरे प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया



जैकब्स, हैरिस और लुबाबालों दोनों के नक्शेकदम पर चलेंगे, जिन्हें 'द हंड्रेड' में अंपायरिंग का अवसर मिला है

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अर्नो जैकब्स को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के द हंड्रेड के साथ एसए20 और क्रिकेट एसए (सीएसए) अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम के तीसरे दक्षिण अफ्रीकी प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया है।

जैकब्स, स्टीफन हैरिस और लुबाबालो 'बैब्स' गकुमा, दोनों के नक्शेकदम पर चलेंगे, जिन्हें द हंड्रेड में अंपायरिंग का अवसर मिला है। इस पारस्परिक समझौते के तहत इंग्लैंड के रसेल वॉरेन एसए20 सीजन 2 में और जेम्स मिडलब्रुक सीजन 3 में अंपायरिंग करेंगे। जैकब्स 11 अगस्त को यूनाइटेड किंगडम के लिए रवाना होंगे, जहां वे दो पुरुष मैचों और एक महिला मैच में अंपायरिंग करेंगे और लॉर्ड्स, द ओवल और एजबेस्टन जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक स्थलों पर चौथे अंपायर के रूप में अंपायरिंग करेंगे। एसए20 के क्रिकेट संचालन प्रमुख स्टीफन कुक ने कहा कि 'एसए20 को अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम पर बहुत गर्व है। यह एक ऐसा तत्व बन गया है जिसकी हमारे सभी मैच अधिकारी आकांक्षा रखते हैं। इससे न केवल लीग में, बल्कि दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट में भी मैच अधिकारियों की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम एक बार फिर ईसीबी के साथ सहयोग के लिए आभारी हैं, जो इस कार्यक्रम के हमारे लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। हम अर्नो को द हंड्रेड में उनके समय के लिए शुभकामनाएं देते हैं और हमें विश्वास है कि वह समृद्ध होकर लौटेंगे। जैकब्स ने 16 साल के एक प्रतिष्ठित खेल करियर का आनंद लिया, जिसमें उन्होंने अंपायरिंग में आने से पहले 300 से ज्यादा प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए और टी-20 मैचों में हिस्सा लिया। यह जैकब्स के लिए अपने साथी पेशेवरों के नेटवर्क को बढ़ाने, विभिन्न पिचों और खेल परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने और वैश्विक अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर होगा। जैकब्स का मानना है कि यह जीवन भर का करियर का अवसर होगा कि यह अनुभव मुझे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा और साथ ही मैं यूके में अपने सहयोगियों से मिलूंगा और उनके साथ अनुभव साझा करूंगा। मैं इस अद्भुत अवसर के लिए एसए20 प्रबंधन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट मैदानों पर मैदान पर कदम रखने के लिए उत्साहित हूं। मैं सम्मानित और आभारी हूं। यह एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। 48 वर्षीय यह खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीकी घरेलू क्रिकेट के सबसे सम्मानित अधिकारियों में से एक बन गया है, जिन्हें हाल ही में क्रिकेट एसए अवार्ड्स में अंपायरों के सर्वश्रेष्ठ अंपायर और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर दोनों के लिए नामांकित किया गया।

# सीडब्ल्यूएबी के चुनाव 4 सितम्बर को निर्धारित

● सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिटु की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया है

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने घोषणा की है कि उसके चुनाव 4 सितम्बर को होंगे, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जैसा कि क्रिकबज ने सबसे पहले बताया था, सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिट्ठू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया है, जिसमें पूर्व राष्ट्रीय कप्तान हबीबुल बशर और पूर्व विकेटकीपर नासिर अहमद नासू सदस्य होंगे।

यह आयोग सीडब्ल्यूएबी के नियमों के अनुसार पूरी प्रक्रिया की देखरेख करेगा। यह घोषणा शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद की गई, जिसमें कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों के निकाय को पुनर्जीवित और पुनर्गठित करना था। सीडब्ल्यूएबी की तदर्थ समिति के सदस्य सलीम शाहेद ने कहा कि 'हमने सीडब्ल्यूएबी की एक बैठक की है और तय किया है कि चुनाव 4 सितम्बर को होंगे। उन्होंने आगे कहा कि बैठक में सदस्यता नामांकन से लेकर नामांकन पत्र एकत्र करने और जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। सभी चुनाव कार्य जल्द ही शुरू हो जाएंगे। सेलिम ने आगे कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए अब सीडब्ल्यूएबी का एसबीएनएस में एक स्थायी कार्यालय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्थान एनएससी द्वारा आवंटित किया गया था, न कि सीधे बीसीबी द्वारा। यह नया स्थान सभी परिचालन और पंजीकरण संबंधी कार्यों के लिए सीडब्ल्यूएबी के आधिकारिक पते के रूप में काम करेगा। उन्होंने युवा एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय खेल परिषद और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमने एसबीएनएस के अंदर सीडब्ल्यूएबी के लिए एक स्थायी स्थान सुनिश्चित कर लिया है, जो वर्षों से गायब था। यह कार्यालय युवा एवं खेल मंत्रालय के अधीन एनएससी द्वारा आवंटित किया गया था। सीडब्ल्यूएबी स्वतंत्र रूप से काम करना जारी रखेगा। इसके अलावा, सीडब्ल्यूएबी कोई ट्रेड यूनियन नहीं है - यह क्रिकेटरों के लिए एक कल्याणकारी संघ है। सेलिम ने पुष्टि की कि 1975 से ढाका मेट्रोपो. लिस क्रिकेट समिति (सीसीडीएम) में पंजीकृत सभी खिलाड़ी मतदान के अधिकार के साथ आजीवन सदस्य बनने के पात्र होंगे। इसके अलावा, स्थायी सीडब्ल्यूएबी सदस्यों के रूप में सूचीबद्ध वर्तमान और पूर्व राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी के खिलाड़ी भी मतदान कर सकेंगे। हालांकि, हितों के टकराव से बचने के लिए, बीसीबी में औपचारिक पद धारण करने वाले किसी भी सीडब्ल्यूएबी सदस्य को मतदान से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। सेलिम ने कहा कि बीसीबी के निदेशक या कर्मचारी मतदान नहीं कर सकते। यदि कोई सीडब्ल्यूएबी सदस्य बाद में बीसीबी में शामिल होता है, तो उसे दोनों में से किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा।

# मेडिकल कॉलेज में तकनीकि कमी देख नाराज हुए डीएम

## निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, क्रिटिकल केयर बेडेड अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज की प्रगति का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते हुए कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहत स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाये। उन्होंने तकनीकी कमियों पर गहरी नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, क्रिटिकल केयर 50 बेडेड अस्पताल एवं 60 बेडेड नर्सिंग कॉलेज की प्रगति का निरीक्षण करते हुए यह दिशा निर्देश दिये। ऑडिटोरियम के निर्माण में गुणवत्ता, फिनिशिंग एवं तकनीकी कमियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने प्रधानाचार्य को कहा कि कमियों को दूर करने के बाद ही हैण्डओवर लें। यदि अति आवश्यकता हो तो आंशिक रूप से हस्तान्तरण लिया जाए। 50 बेडेड क्रिटिकल केयर अस्पताल में गुणवत्ता ठीक पाई गयी लेकिन निर्माण की गति धीमी थी। इस संदर्भ में उन्होने निर्देश दिए कि निर्माण की गति को बढाया जाए और अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। 60 बेडेड नर्सिंग कॉलेज में गुणवत्ता ठीक पाई गयी लेकिन धीमी गति से कार्य होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। उन्होने कहा कि गुणवत्ता बनाए रखते हुए अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य को समय से पूर्ण किया जाए। श्री बंसल ने प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सुविधाएं अच्छे तरीके से आमजन को मिल सकें, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस दौरान प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. सुधीर राठी सहित संबंधित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# अपराध रिपोर्ट 2023 की देरी पर सांसद इमरान ने उठाए सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकसभा में सांसद इमरान मसूद द्वारा देश में अपराध से जुड़ी जानकारी की पारदर्शिता और समयबद्धता को लेकर पूछे गए प्रश्न पर केंद्र सरकार द्वारा दिए गए उत्तर से यह खुलासा हुआ है कि वर्ष 2023 के अपराध आंकड़ों को प्रकाशित करने में देरी हुई है और अभी तक 'क्राइम इन इंडिया' तथा 'एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड्स इन इंडिया' रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई हैं। यह देरी ऐसे समय में हो रही है जब देश में अपराध के विभिन्न स्वरूपों को लेकर जनचिंता लगातार बढ़ रही है।

सांसद मसूद ने गृह मंत्रालय से वर्ष 2023 के वार्षिक अपराध आंकड़े अब तक प्रकाशित ना हो पाने की वजह पूछी थी। प्रश्नों के उत्तर में गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने स्वीकार किया कि एनसीआरबी द्वारा प्रका. शित तीन प्रमुख रिपोर्टें क्राइम इन इंडिया, एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड्स इन इंडिया, और प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया केवल एक वर्ष की समाप्ति के बाद ही डेटा संग्रह की प्रक्रिया शुरू करती हैं। 2023 के आंकड़ों की वैधता की प्रक्रिया अभी अंतिम चरण में है और इसकी कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई गई है। सांसद मसूद के संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन के अनुसार गृह राज्यमंत्री ने बताया कि एनसीआरबी द्वारा विकसित एक सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन के माध्यम से आंकड़े डिजिटल रूप से 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और 53 बड़े शहरों में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों से जुटाए जाते हैं। यह प्रक्रिया जिला, राज्य और फिर एनसीआरबी स्तर पर चरणबद्ध रूप से होती है। हालांकि उत्तर में यह भी स्वीकार किया गया कि यदि आंकड़ों में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश को उसे पुनः सत्यापित करने के लिए लौटाया जाता है।

गृह राज्यमंत्री के उत्तर पर सांसद मसूद का कहना है कि सरकार की डेटा प्रक्रिया भले ही डिजिटल हो गई हो, लेकिन उसकी कार्यप्रणाली में इतनी जटिलताएं हैं कि समय पर रिपोर्ट सार्वजनिक करना संभव नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि अपराध से जुड़ी रिपोर्टों का समय पर आना न केवल नीति निर्माण के लिए आवश्यक है, बल्कि जनता के सामने पारदर्शिता लाने के लिए भी जरूरी है।

# एसडीओ की कार्यप्रणाली पर जताया विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग की घरों में छापेमारी व एसडीओ की कार्यप्रणाली को लेकर आज सपा एमएलसी शाहनवाज खान व सांसद भतीजे हमजा मसूद मुख्य अभियंता से मिले और कार्यवाही की मांग की।

मुख्य अभियंता से मिलकर एमएलसी शाहनवाज खान व सांसद भतीजे हमजा मसूद ने बताया कि मिर्जापुर के गांव मगनपुरा में विद्युत विभाग द्वारा घरों में छापेमारी की गयी और एसडीओ द्वारा ग्रामीणों से गलत व्यवहार किया गया। उन्होने कहा कि ग्रामीणों से गलत व्यवहार नही होना चाहिए था। इसलिए एसडीओ पर कार्यवाही की जाये।

इस दौरान सांसद इमरान मसूद के प्रतिनिधि संदीप वर्मा, हमजा मसूद, जिला पंचायत सदस्य ताहिर पहलवान, इनाम प्रधान, डा. माजिद आदि मौजूद रहे।

## विधि पूर्वक पूजन

**चिलकाना।** ग्राम पटनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिव परिवार, मां काली, भैरव बाबा एवं शनि देव की मूर्तियों की स्थापना हेतु चौथे दिन गणेश मंडल एवं भद्र मंडल का विधि पूर्वक पूजन सम्पन्न हुआ।

मंगलवार को पूजन पंडित अनिल शर्मा एवं पंडित अंकुर दीक्षित के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान सभी मूर्तियों की अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास एवं फलाधिवास की पूजा सम्पन्न हुई, पूजन में यजमान के रूप में बंटी सैनी, भूरा सैनी, अभिषेक सैनी, अश्वनी सैनी एवं बिट्टू पांचाल रहे। पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि बुधवार को प्रातः मूर्तियों को शोभायात्रा के रूप में पूरे ग्राम में भ्रमण कराया जाएगा।

नगर भ्रमण के उपरांत मंदिर प्रांगण में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा एवं स्थापना विधिवत रूप से सम्पन्न की जाएगी। मूर्ति स्थापना के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार एवं आहुतियों के साथ हवन का आयोजन होगा।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल के निधन पर जताया शोक

## जीवन पर्यन्त देश को रहे समर्पित: चौ. नीरपाल



**सहारनपुर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ राजनेता सत्यपाल मलिक के निधन पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ राजनेता सत्यपाल मलिक के निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में आज अंतिम सांस ली। पूर्व राज्यपाल के निधन पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सत्यपाल मलिक का राजनीतिक जीवन देश सेवा को समर्पित रहा और विशेषकर जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल ऐतिहासिक और सराहनीय रहा। चौ. नीरपाल सिंह ने सत्यपाल मलिक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि उनका निधन एक युग के अंत का प्रतीक है। उनकी स्पष्टवादी छवि, जनहित में लिए गए फैसले और राष्ट्र के प्रति समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने दिवंगत नेता के परिजनों और अनुयायियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सत्यपाल मलिक की विरासत और योगदान हमेशा स्मरणीय रहेंगे।

## हमेशा सच व बेबाक बोले: मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी मौ. मुजतबा मलिक एडवोकेट ने कहा कि अपनी कार्यशैली और बेबाक टिप्पणियों के लिये अलग से पहचान रखने वाले किसान, मजदूर, बेरोजगार, पिछड़ो के नेता जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन हम सब के लिये दु:खद है।

मुजतबा एडवोकेट ने बताया कि कई बार उनसे भेंट हुई और लगातार उनकी दूरभाष पर स्वर्गीय सत्यपाल मलिक से वार्ता होती रहती थी। वह देश के किसान मजदूर और बेरा. जगारों के लिये चिंतित रहते थे वह एक चिंतक और समाजसुधारक जैसे व्यक्ति थे वह अपने आखिरी समय तक सच और बेबाक बोलते रहे वह निडर और महान व्यकितत्व के धनी थे। उनके निधन पर मनोज चौधरी, अब्दुल हसीब, फजल मिर्जा, प्रधान फरमान मलिक, नासिर प्रधान, राव यूसुफ, चौधरी पदम् सिंह, चौधरी रामबीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, फेसल मिर्जा, महबूब तलहेड़ी, याहिया मलिक, अरशद एडवोकेट, सुखदेव चौहान, परवेज, आजम मलिक, कुद्दुस मलिक आदि शामिल है।

# छुट्टी के समय नशेड़ी कसते हैं गलत फब्तियां

**चिलकाना।** सुबह स्कूल खुलने के समय व छुट्टी के बाद स्कूल परिसर के आस पास घूमने वाले नशेडी युवकों पर स्कूल प्रधानाचार्य ने गलत फब्तियां कसने का आरोप लगाते हुए थाना पर तहरीर दी है।

**■ प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग**

मंगलवार को गांव बुड्ढाखेडा स्थित राजकीय हाई स्कूल के प्रधानाचार्य, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव व अन्य लोगो ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि स्कूल खुलने व छुट्टी के बाद कुछ नशेडी प्रवृत्ति के युवक स्कूल परिसर के आस पास खडे रहकर गलत फब्तियां कसते रहते हैं। आरोप है कि सुबह के समय जब स्कूल खोलकर साफ सफाई की जाती है तो स्कूल परिसर से नशे के इंजक्शन, सिगरेट के पैकेट व अन्य आपत्तिजनक सामंग्री भी पायी जाती है जिससे प्रतीत होता है कि छुट्टी के बाद नशेडी प्रवृत्ति के युवक स्कूल परिसर में घुसकर नशा करते हैं।

उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर से सटे सोसायटी भवन, पंचायती भवन, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, उचित दर राशन की दुकान व सडक पर ड्रग्स, गांजा आदि का सेवन करने वालों का जमावडा लगा रहता है, जिससे भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने व चोरी आदि होने की आशंका बनी हुई है।

# छोटे लोहिया के विचारों को अपनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों एवं विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को पूर्ण बहुमत दिलाकर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि जनेश्वर मिश्र की जयंती केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराने का दिन है। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने डॉ. राम मनोहर लोहिया और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर पार्टी को संगठनात्मक रूप से सशक्त किया। उनका जीवन समाजवाद, समानता और जनसेवा को समर्पित रहा। उनके विचार और आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रदेश सचिव मजिहर राणा एवं पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, सपा के प्रदेश आमंत्रित सदस्य रतन यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से जाने जाते था। उन्होंने जनांदोलनों के माध्यम से समाज में चेतना लाने का कार्य किया और पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।



कार्यक्रम में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, सपा वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल कपूर, हाजी खुर्शीद, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जमाल साबरी, काशिफ अल्वी, मा. राजवीर यादव, शाहजमा एडवोकेट, हसीन कुरैशी, महेंद्र, राक. ेश, महजबी खान, शाहिद मंसूरी, रिजवान, बिलाल चौधरी, जुमला सिंह, चौधरी कुंवर पाल अहमदपुर, दिलशाद, साकिब मोहम्मद, आफताब, कुर्बान, वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# महात्मा आत्मानंद ने की प्रवचनों की अमृतवर्षा

**■ शिव महापुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

**चिलकाना।** चौरी मंडी गांव के शिव मंदिर में चल रही शिव महा. पुराण कथा में कथा वाचक महात्मा आत्मानन्द गिरि महाराज ने भगवान शिव के अर्द्धनारीश्वर अवतार, भगवान शिव के अंश हनुमान अवतार तथा ऋषि दुर्वाशा के अवतार की प्रेरणादायक कथाएं सुनाई।

महात्मा आत्मानन्द गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि अर्द्धनारीश्वर अवतार सृष्टि के संत. ुलन का प्रतीक है, इस स्वरूप में भगवान शिव और माता पार्वती का आधा आधा रूप सम्मिलित है। जो यह दर्शाता है कि सृष्टि संचालन में स्त्री और पुरुष दोनों की समान भूमिका है। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान, शिव के अंश से उत्पन्न हुए थे, जो श्रीराम की भक्ति और सेवा के लिए इस धरती पर अवतरित हुए। उनका जीवन बल, भक्ति, विनम्रता और कर्तव्यपरायणता का संदेश देता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि ऋषि दुर्वाशा का क्रोध धर्म की रक्षा और मर्यादा के पालन हेतु था। उनका जीवन संयम, तपस्या और त्याग का प्रतीक है। इस दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भजन संध्या में भक्तों ने भक्ति रस में झूमते हुए सहभाग किया। अंत में प्रसाद वितरण किया।

# प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल हुए 50 बच्चे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जे वी जैन कालेज में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की गई।

तीन दिन तक चलने वाली इस प्रयोगात्मक परीक्षा के पहले दिन बीए थर्ड ईयर तथा बीकॉम के तीनों साल के 50 विद्यार्थियों सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों को सर्वप्रथम चार्ट पेपर के ऊपर विभिन्न ग्राउंड बनवाए गए तत्पश्चात हाल के अंदर ही उनसे शटल रन करवा कर उनकी शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया। एक्सटर्नल एग्जामिनर के रूप में डा रीता बोरा उपस्थिति रही। इस प्रयोगात्मक परीक्षा के अंत में सभी परीक्षार्थियों की काउंसलिंग भी की गई। आंतरिक परीक्षक के रूप में डा. संदीप गुप्ता उपस्थित रहे। नितिन, संजय तथा श्ररोहित पुंडीर का भी योगदान प्राप्त हुआ।

डा.संदीप गुप्ता ने बताया कि कल (आज)जिले के सभी विद्यार्थियों का जो की चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से है कि बीए फर्स्ट और बीए सेकंड ईयर की शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित होगी।

## मानक से नहीं बनाई नाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पदम सिनेमा रोड पर आईओबी बैंक के बराबर वाली गली में पांच माह पूर्व वाटर पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई थी, जिसके लिए गली के बाहर नाले पर पड़े स्लेप को उखाड़कर लाइन बिछाई गई थी परंतु जब दोबारा स्लेप डाली गई तो स्लेप ओर नाली को सही मानक से नही बनाया गया।

गली में रहने वालों को आने जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और जो मिट्टी पाइप लाइन दबाने के बाद बची हुई थी, वह वही पडी है, जिससे वहां बने कीचड से निकलना मुश्किल हो रहा है। उसे भी नही हटाया जा रहा है। और नालियों को पानी गली में बाहर निकल जट्स है जिससे बहुत गंदगी हो जाती है जिससे आने वाले समय मे कभी भी बीमारी और दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने नगर पालिका परिषद से अविलम्ब समस्या के समाधान की मांग की है।

# अन्डर-14 व 17 वर्ग में खेले गए रोचक मुकाबले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीबीएसई बास्केट बॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन के अंडर-14, अंडर-17 वर्गों के रोमांचक मुकाबले खेले गए।

प्रधानाचार्य डॉ. दिव्य जैन ने मैच की शुरुआत कराते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया। सभी प्रतिभागी टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया।

चन्द्रनगर स्थित आशा मॉडर्न स्कूल में प्रतियोगिता के दूसरे दिन का आयोजन भी पूर्ण उत्साह, ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दीपक राजा, डिप्टी उप प्रधानाचार्या श्रीमती एकता कपूर एवं अन्य अध्यापकगण व अध्यापिकाएँ उपस्थित थीं।



आज के परिणाम इस प्रकार रहे:- अंडर-14 आयु वर्ग में एस्टर पब्लिक स्कूल ने 25-10 अंको से, मयूर स्कूल ने 12-02 अंको से , सेंट फेडालिस स्कूल ने 30-02 से, डीपीएस बिजनौर ने 13-08 से और गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल ने 16-08 अंकों से जीत प्राप्त की। दूसरी ओर अंडर-17 आयु वर्ग में आचार्यकुलम ने 23-02 अंको से, डीपीएसजी मेरठ रोड ने 16-02 अंकों से और खेतान स्कूल ने 16-12 अंकों से जीत प्राप्त की और आशा मॉडर्न स्कूल ने विज्डम ग्लोबल स्कूल को 22-1 अंकों से हराया।

# जनसुनवाई में मात्र एक समस्या का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आयी पांच समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल निस्तारण किया गया। दो-तीन लोगों ने टैक्स बिल ठीक कराने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को जांच कराकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

वार्ड संख्या 06 हलालपुर निवासी गोपाल सैनी ने हलालपुर में रविदास मंदिर के पास नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारी को भेजकर साफ सफाई करा दी गयी। वार्ड 05 दाबकी जुनारदार निवासी सूरज सिंह ने भी दाबकी जुनारदार में नाले की साफ सफाई कराये जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षक कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



इसके अतिरिक्त वार्ड 41 उत्तरी शारदा नगर निवासी सनोज कुमार ने शारदा नगर में मंदिर के पास मीट की दुकान बंद कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थल निरीक्षण करने के निर्देश ताकि उसके आधार पर कार्रवाई की जा सके। वार्ड 35 पंसारी बाजार के अरुण कुमार ने एक व्यक्ति द्वारा चौक में किये गए अवैध कब्जे को हटवाने के लिए तथा वार्ड 02 विशाल विहार निवासी संदीप ने कॉलोनी की गली नंबर एक में स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिनके सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

## मदद का आश्वासन

**सहारनपुर।** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त ड्रग इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह का स्वागत कर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

आज इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी नवनियुक्त इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों अध्यक्ष डा. अमर हक राणा एवं उपाध्यक्ष डॉ रिनुराज कश्यप द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं प्रतिनिधिमंडल द्वारा डीआई को फार्मासिस्टों की समस्याओं से अवगत भी कराया गया जिस पर नवागत डीआई ने उनके स्तर से समस्याओं के निराकरण का आश्वा. सन भी दिया गया। उन्होंने फार्मासिस्टों का आह्वान किया कि वे नियमानुसार राजकीय हित में कार्य करें ताकि प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो सके।

# राजनीतिक व सामाजिक उत्थान पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** कश्यप युवा शक्ति संगठन की गाँव ईस्माईलपुर में मंदिर परिसर में सोमवार देर शाम को बैठक हुई। जिसमें समाज के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक उत्थान के विषयों पर चर्चा हुई।

अध्यक्षता कर रहे पवन कश्यप ने समाज में शिक्षा के संबंध में जागरूकता, समाज के उत्थान और समाज को विकास की ओर अग्रसर करने के बारे में लोगों को प्रेरित किया। कश्यप समाज के लोगों को एकजुटता के साथ सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेने की बात कही। डा. अजय कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज की एकता और भाईचारे बढ़ाने के लिए धार्मिक कार्य में हिस्सा लेना चाहिए। समाज को बदलने से पहले खुद को बदलना जरूरी है, इसलिए समाज को तभी बदला जा सकता है, जब हमारी मानसिकता बदलेगी। ओमपाल कश्यप ने भी कहा कि आपसी मनमुटाव ना रखा जाए और उन लोगों को भी समाज में आकर अपनी बात को रखना चाहिए, जो समाज को लेकर चिंतित है। इस मौके पर कश्यप समाज के लोगों ने भगवान से समाज की मंगल कामनाओं की दुआ की। बैठक में निक्का कश्यप, ओमपाल कश्यप, जनक कश्यप, दिपक कश्यप,मिथुन कश्यप, सूरज कश्यप, अमित, कर्मवीर कश्यप, अजय कश्यप, जितेंद्र कश्यप, अनिल, विजय कश्यप, उपस्थित रहे।

# टिप्पणी पर राजनीति

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह आरोप बराबर लगाते रहते हैं कि चीन ने बड़े पैमाने पर हमारी भूमि पर कब्जा किया हुआ है। वह यह भी कहते हैं कि चीन ने हमारी दो हजार वर्गकिमी की जमीन चुरा ली है। उनकी इन विवादित बातों का मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज पर भी पहुंच गया है। सोमवार को इस तरह की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने उनको इस बात को लेकर आड़े हाथों लिया कि आपकी बातें गैर जिम्मेदाराना हैं। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने तो खुलकर राहुल गांधी को गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए फटकार भी लगाई और कहा कि विपक्ष का एक जिम्मेदार नेता होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं कहना चाहिए था। उनका कहना था कि आप को कैसे पता चला कि दो हजार वर्गकिमी जमीन पर चीन ने कब्जा कर लिया। क्या आप वहां थे, क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है।

पीठ ने उनसे यह भी पूछा कि बिना किसी सबूत के आप ऐसा बयान क्यों दे रहे हैं और बड़ी बात जो कही वह यह है कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहिए। इस पर हालांकि राहुल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। वहीं सत्ता पक्ष गदगद दिखाई दे रहा है और सुप्रीम कोर्ट की इस फटकार को जो उसने राहुल गांधी को दी है बेहद खुश नजर आ रहा है। संसद की कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा भी कि सर्वोच्च अदालत की ओर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल के बारे में जो टिप्पणी की गई वह सबके लिए सबक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राष्ट्रीय जनजांत्रिक गठबंधन की बैठक में सदस्यों से कहा कि गलत बात बोलने पर न्यायालय भी चुप नहीं बैठेगा। पीएम का भी यह कहना था कि सबके लिए यह एक सबक है कि आप एक जिम्मेदार नागरिक हैं और कुछ भी अनाप-शनाप बोलकर बच नहीं सकते।

वहीं मंगलवार को विपक्षी दलों की बैठक में भी यह मुद्दा उठा। राहुल गांधी ने खुद इसकी जानकारी दी। इस बैठक में जहां यह सहमति बनी कि सभी जनता के मुद्दों को मिलकर उठाएंगे, वहीं एक न्यायाधीश की टिप्पणी जो राहुल गांधी पर की गई, चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता इस पर बात पर सहमत हुए कि वर्तमान न्यायीधीश ने एक ऐसी टिप्पणी की है जो राजनीतिक दलों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है। कांग्रेस मानती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर टिप्पणी करना राजनीतिक दलों विशेषकर विपक्ष के नेताओं की जिम्मेदारी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी टिप्पणी पर नाराजगी यह कहकर जताई कि वह माननीय जजों का पूरा सम्मान करती हैं, लेकिन साथ ही वह कहना चाहती हैं कि वह यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बातों का गलत मतलब निकाला गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि राजनेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं और व्यवहारिक मुद्दों के सबूतों को जुटाना तुरंत संभव भी नहीं होता। इससे उन्हें बचना चाहिए।

## जज तय नहीं करेंगे, कौन सच्चा भारतीय



सुप्रीम कोर्ट के माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है, सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है, मेरा भाई राहुल गांधी कभी भी भारतीय सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है, भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया, राहुल गांधी के एक सच्चे भारतीय और राष्ट्रवादी नेता हैं। सुप्रीम कोर्ट के माननीय जज इस तरह के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करें कि सरकार से सवाल उठाना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है।

-प्रियंका गांधी
कांग्रेस महासचिव

# अपनी स्पष्टवादिता के लिए याद रहेंगे सत्यपाल मलिक



वीरेश तरार



भारतीय राजनीति में आज एक युग का पटाक्षेप हो गया। विचारधारा, ईमानदारी और जनसंवेदनशीलता की प्रतीक छवि बन चुके सत्यपाल मलिक अब हमारे बीच नहीं रहे। आज दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर दिल्ली के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लगभग छह महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे, और लंबे समय से जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे थे। एक दौर ऐसा भी आया जब उनके निधन की अफवाहों ने जोर पकड़ा, लेकिन तब वे जीवन की लौ बचाए रहे। आज वह लौ बुझ गई . और साथ ही भारतीय लोकतंत्र का एक मुखर, निर्भीक और नैतिक स्वर ओझल हो गया।

सत्यपाल मलिक का जीवन केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के भीतर जनता की आवाज को पहुंचाने का जीवंत प्रयास था। छात्र राजनीति से उन्होंने अपना आरंभ किया और मेरठ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अपने साहस, तर्क और संगठन क्षमता का परिचय दिया। उनके जीवन का निर्णायक मोड़ तब आया जब वे चौधरी चरण सिंह के सानिध्य में आए। उन्होंने आपातकाल के काले दौर में न केवल विरोध का स्वर उठाया, बल्कि जमीनी संगठन को उस अंधकार में नई रोशनी देने का कार्य किया।

साल 1977 का जनादेश केवल चुनावी परिवर्तन नहीं था, वह एक क्रांति थी और उस क्रांति को गांव-गांव, गली-गली पहुंचाने वालों में सत्यपाल मलिक का नाम अग्रणी था। जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब मलिक ने अपने संगठन कौशल से लोगों को जोड़ा। जनता पार्टी को मजबूती देने में, न केवल युवाओं को साथ लाने में बल्कि उन लोगों को भी जो उस समय तक सत्ता से असहमत होकर किनारे बैठ गए थे, उन्होंने जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह उनकी सांगठनिक दृष्टि का ही परिणाम था कि उन्होंने अलग-अलग धाराओं को एक मंच पर लाने में भूमिका निभाई। स्वयं चौधरी चरण सिंह ने उन्हें राजनीतिक पुत्र की उपाधि दे रखी थी, लेकिन बाद में परिस्थितियां बदली और मलिक को विरासत ही नहीं पार्टी से भी बाहर होना पड़ा। यहां तमाम दावे और प्रतिदावे उन हालात को लेकर सियासी गलियारों मे किए जाते रहे, लेकिन सत्यपाल मलिक स्वयं इस मुद्दे पर खामोश ही रहे। जीवन भर चौ चरणसिंह को वे अपना आदर्श मानते रहे।

सत्यपाल मलिक का चौधरी चरण सिंह से जुड़ाव केवल अवसरवादी नहीं था। वह वैचारिक था, जीवनपर्यंत बना रहा। वे जब भारतीय जनता पार्टी में रहे तब भी 'किसान', 'गांव' और 'गांधी-लोहिया-चरण' के मूल्यों को अपने वक्तव्यों और आचरण में प्रमुखता देते रहे। वे जब समाजवादी पार्टी से राज्यसभा पहुंचे, तब भी उन्होंने चरण सिंह के नाम और विचारों को कभी पीछे नहीं छोड़ा।

बाद के वर्षों में जब राजनीति ने विचारों की जगह सत्ता समीकरणों को वरीयता देनी शुरू की, तब भी मलिक अलग दिखते थे। वे कभी मीडिया में 'फ्लैश' नेता नहीं रहे, लेकिन संसद और सार्वजनिक मंचों पर उनकी बात गूंजती थी। उनके भीतर का छात्र नेता, वक्ता और सिद्धांतवादी। इन तीनों का समन्वय उन्हें विशिष्ट बनाता रहा।

संवैधानिक पद पर पहुंचने के बाद भी वे सत्ता से प्रश्न पूछते रहे। जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल रहते हुए जब पीडीपी-भाजपा सरकार टूटी, तब उन्होंने विधानसभा भंग की। बाद में यह खुलासा किया कि उन्होंने ऐसा राजनीतिक खरीद-फरोख्त को रोकने के लिए किया था। पुलवामा हमले के संदर्भ में उन्होंने वह बात कही जो कोई अन्य नहीं कह सका कि अगर वायुसेना ने सुरक्षा के लिए मांगे गए विमान दे दिए होते, तो हमारे चालीस जवान शहीद न होते। यह केवल साहस नहीं था, बल्कि संवैधानिक ईमानदारी की पराकाष्ठा थी।

जब केंद्र सरकार ने कृषि कानून लाए और देशभर के किसान आंदोलित हुए, तब वे उस समय मेघालय के राज्यपाल थे। इसके बावजूद उन्होंने किसानों के पक्ष में खड़ा होना चुना। कहा कि यह सरकार किसान नहीं, पूंजीपतियों की है। अडानी-अंबानी के कहने पर फैसले हो रहे हैं। सत्ता में रहते हुए सत्ता से टकराने वाला यह साहस आज के दौर में दुर्लभ है। वह जीवन के अंतिम वर्षों में किसी दल विशेष से नहीं जुड़े रहे, लेकिन विचारों की राजनीति में उनका स्थान ऊपर रहा। वे सार्वजनिक मंचों पर, विश्वविद्यालयों में, किसान सम्मेलनों में लगातार सक्रिय रहे। पत्रकारों से बात करते हुए या जनसभाओं में, वे वैचारिक गिरावट और जनविरोधी राजनीति के खिलाफ अपने स्वर को कभी मंद नहीं होने देते थे। उनकी सबसे बड़ी खासियत थी स्पष्टवादिता। वे न तटस्थ रहते थे, न मौन। उन्हें सत्ता की चुप्पी से चिढ़ थी और जनता की चुप्पी से डर। इसीलिए वे हमेशा बोले कभी किसान के लिए, कभी सैनिक के लिए, कभी विश्वविद्यालय के छात्र के लिए। आज जब वे नहीं रहे, तो केवल एक राजनेता का जाना नहीं हुआ। यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना में एक सच्चे प्रहरी का वियोग है। वह जो सत्ता में रहकर भी सत्ता की आलोचना करता था, जो राज्यपाल होकर भी किसानों के साथ खड़ा होता था, जो पद से नहीं विचार से बड़ा था।

सत्यपाल मलिक का जीवन हम सबके लिए एक प्रश्न है। क्या राजनीति अब भी विचारों के लिए बची है? क्या हम ऐसे लोगों की बात सुनना चाहते हैं जो बोलने का जोखिम उठाते हैं? शायद उनके निधन के बाद हम यह प्रश्न खुद से ज्यादा ईमानदारी से पूछ सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्मार्टफोन बना बैक्टीरिया का घर

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

**आपका मोबाइल फोन**

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

**फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव**

अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन पेरॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं । सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन पेरॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

**कैसे करें फोन की सही सफाई**

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

# एक उम्मीद: टूटते हुए रिश्ते में भी बन सकती है बात

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

**मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए**

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं- लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

**टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है**

हर झगड़े के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

**सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है**

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

**रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए**

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

**बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता**

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

**साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है**

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक



मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।

**ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं**

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

**आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है**

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### ट्रम्प ने कहा, भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं

# रूस से तेल खरीदने का मतलब युद्ध मशीन को ईंधन देना



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे भारत पर 24 घंटे के भीतर और ज्यादा टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने मंगलवार को बिजनेस चैनल सीएनबीसी को दिए टेलीफोनिक इंटरव्यू में कहा कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुता. बिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं।

ट्रम्प का कहना है कि भारत अमेरिका से बहुत ज्यादा व्यापार करता है, लेकिन अमे. रिका को भारत से उतना फायदा नहीं मिलता। इसीलिए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, यह 7 अगस्त 2025 से लागू हो जाएगा, लेकिन वे इस टैरिफ को अगले 24 घंटों के भीतर और बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार संतुलन नहीं है और भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प ने कहा कि भारत के टैरिफ किसी भी देश की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा था कि भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। इसके साथ ही ट्रम्प ने कहा भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमे. रिका का व्यापार घाटा है। उन्होंने व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के लिए 1977 के एक कानून का हवाला दिया, जिसके जरिए उन्होंने अपने व्यापक आयात करों को उचित ठहराया।

## अमेरिका में ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला खेलों के लिए नहीं मिलेगा वीजा, ट्रम्प का बड़ा फैसला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार रूप से अमेरिकी वीजा को लेकर नए और सख्त कानून लाने की प्रक्रिया तेज कर चुके है। जहां अब वीजा ओवरस्टे के बाद ट्रम्प प्रशासन ने खेल वीजा को लेकर भी एक नया नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत बताया गया है अब ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिलाओं के खेलों में हिस्सा लेने के लिए वीजा नहीं मिलेगा। प्रशासन के अनुसार इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं के खेलों में केवल महिला खिलाड़ी ही भाग लें। इस नए नियम को अमेरिकी की नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईसी) ने जारी किया है। बता दें कि यह नया नियम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश कीप मेन आउट वूमेन स्पोर्ट्स (पुरुषों को महिलाओं के खेलों से बाहर रखें) के अनुसार बनाया गया है।



नई दिल्ली। हैदराबाद में बैठक से पहले फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## फिलीपींस को पहलगाम हमले की निंदा के लिए मोदी ने दिया धन्यवाद

**भारत-फिलीपींस संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देंगे**

**नई दिल्ली।** भारत और फिलीपींस ने अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने इस साझेदारी से अधिक से अधिक परिणाम हासिल करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रेस वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही राष्ट्रपति की यह यात्रा विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे राजनयिक संबंध भले ही नए हैं, लेकिन हमारी सभ्यताओं के संपर्क बहुत प्राचीन काल से हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति मार्कोस के साथ आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को सामरिक भागीदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि आज हमने अपने संबंधों को साम. रिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। इस साझेदारी से पैदा होने वाले अवसरों को परिणामों में परिवर्तित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी बनाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संदीप आर्य भूटान में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** संदीप आर्य को भूटान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। आर्य भारतीय विदेश सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं। वह अभी वियतनाम में भारत के राजदूत हैं। उन्हें वर्ष 2022 में वियतनाम का राजदूत नियुक्त किया गया था। आर्य को सुधाकर दलेला की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार आर्य के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

### अफगानिस्तान में ड्रग्स तस्करी में सात लोग गिरफ्तार

**काबुल।** पुलिस ने पूर्वी अफगानिस्तान के लघमान प्रांत में मादक पदार्थों की तस्करी और स्थानीय लोगों को मादक पदार्थ बेचने के जुर्म में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रांतीय पुलिस की और से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कि आरोपी तस्कर कई प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी बिक्री में लिप्त थे। इनमें मैथमफेटामाइन, स्टीमुलेंट टैबलेट जैसे मादक पदार्थ शामिल हैं।

### जापान के गुनमा में रिकॉर्ड-तोड़ गर्मी, पारा 41.6 डिग्री हुआ

**टोक्यो।** जापान में इसेसाकी शहर के गुनमा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर 41.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो अब तक का एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, आधिकारिक आंकडों में ये देश में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

## ब्राजील देगा अमेरिकी आयात शुल्क को चुनौती

**सरकार प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत भी जारी रखेगी**

**ब्रासीलिया।** ब्राजील विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नए लगाए गए अमेरिकी आयात शुल्क को औपचारिक रूप से चुनौती देने की तैयारी कर रहा है, साथ ही बातचीत के रास्ते भी खुले रखे हुए है।

ब्राजील के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बुधवार से लागू होने वाले कॉफी, बीफ और पेट्रोकेमिकल्स सहित ब्राजील के कई वस्तुओं के निर्यातों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आया है। यह ब्राजील के अमे. रिका को होने वाले लगभग 35 प्रतिशत निर्यात को प्रभावित करता है, हालांकि ऊर्जा उत्पादों और कुछ खनिजों जैसे प्रमुख उत्पादों को इससे बाहर रखा गया है। ब्राजील के विदेश व्यापार चैंबर ने कल डब्ल्यूटीओ के साथ औपचारिक परामर्श शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जो विवाद निपटान प्रक्रिया का पहला कदम है। चैंबर की मंत्रिपरिषद ने इस निर्णय को राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा को भेज दिया है, जो यह तय करेंगे कि व्यापार निकाय के समक्ष शिकायत 'कैसे और कब' प्रस्तुत की जाएं। उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने कहा कि उनका देश नए आयात शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रहा है और रणनीतियों के समन्वय के लिए कृषि व्यवसाय प्रतिनिधियों से पहले ही मिल चुका है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत भी जारी रखेगी।

## अमेरिका में कच्चे दूध में जीवाणु संक्रमण से 21 लोग बीमार

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में फ्लोरिडा के एक फार्म से प्राप्त कच्चे दूध में जीवाणु संक्रमण से कम से कम 21 लोगों के बीमार पड़ने के बाद राज्य प्रशासन ने स्वास्थ्य चेता. वनी जारी की है। अमेरिकी मीडिया ने सोमवार को बताया कि दक्षिण-पूर्वी राज्य फ्लोरिडा के इस फार्म से प्राप्त कच्चे दूध में ई- कोलाई और कैम्पिलोबैक्टर बैक्टीरिया से संक्रमित 21 लोगों की पुष्टि हुई है, जिनमें 10 साल से कम उम्र के छह बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपाश्चुरीकृत दूध नहीं पीने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार बैक्टीरिया संक्रमित सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर हैं। फ्लोरिडा के स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को कच्चा दूध नहीं पीने की सलाह दी है।

# अमेरिका भी तो रूस से यूरेनियम-खाद ले रहा

### ट्रम्प की टैरिफ बढ़ाने की धमकी पर भारत बोला, जयशंकर ने कहा: एक देश का दबदबा नहीं चलेगा



**भारत के आयात का मकसद भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किफायती ऊर्जा मुहैया कराना**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को भारत पर 'और ज्यादा टैरिफ' लगाने की धमकी दी जिसके बाद भारत ने पहली बार अमेरिका का नाम लेकर खुलकर जवाब दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को परवाह नहीं है कि रूस के हमले में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इसलिए, मैं भारत पर टैरिफ को बढ़ाने जा रहा हूं।

इसके जवाब में भारत ने रूस से अमेरिका और यूरोपीय यूनियन (ईयू) को होने वाले निर्यात का आंकड़ा जारी कर कहा कि अमे. रिका अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। यही हाल ईयू का है। ऐसे में भारत को निशाना बनाना अनुचित और तर्कहीन है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत को निशाना बनाना गलत है। हम अपने राष्ट्रीय हितों के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर ने भी एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया की व्यवस्था में अब किसी एक का दबदबा नहीं चलेगा। भारत ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के बाद अमे. रिका ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट की स्थिरता को मजबूत करने के लिए रूस से भारत के तेल आयात को प्रोत्साहित किया था। भारत के आयात का मकसद भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किफायती ऊर्जा मुहैया कराना है। भारत की आलोचना करने वाले वही देश खुद रूस के साथ व्यापार में कर रहे हैं। 2024 में यूरा. पीय संघ का रूस के साथ वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 67.5 बिलियन यूरो था। यह रूस के साथ भारत के कुल व्यापार से काफी अधिक है। यूरोप-रूस व्यापार में न केवल ऊर्जा, बल्कि उर्वरक, खनन उत्पाद, रसायन, लोहा और इस्पात, मशीनरी और परिवहन उपकरण भी शामिल हैं। जहां तक अमेरिका का सवाल है वो खुद अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायनों का आयात कर रहा है। इस लिहाज से भारत को निशाना बनाना गलत है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। ट्रम्प ने कहा कि भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा।

## बांग्लादेश सरकार हसीना के घर को बनाएगी म्यूजियम

### 15 साल से इस घर में रहीं पूर्व पीएम, पिछले साल यहां तोड़फोड़-लूटमार हुई थी

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुराने आधिकारिक घर 'गणभवन' को म्यूजियम में बदलने का फैसला किया है। इसे 'जुलाई क्रांति स्मारक संग्रहालय' कहा जाएगा। शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान ने इस घर को फिर से बनवाया था।

इससे पहले इस जगह को एस्टेट राजबाड़ी के नाम से जाना जाता था। गणभवन राजधानी ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर में है, जो संसद भवन के पास है। बांग्लादेश सरकार इसे देश के नेता के आधिकारिक घर के तौर पर इस्तेमाल करती थी। शेख हसीना 2010 में यहां रहने आई थीं और 5 अगस्त 2024 तक यानी 15 साल यही उनका घर रहा। पिछले साल उनके तख्तापलट के कुछ देर बाद ही यहां तोड़फोड़ और लूटमार शुरू हो गई थी। प्रदर्शनकारी शेख हसीना के घर पर चढ़



**शेख हसीना 2010 में यहा रहने आई थी और पांच अगस्त 2024 तक रही**

गए थे। भीड़ ने यहां से साड़ियां, सजावटी सामान, घड़ियां, सोफे, लग्जरी हैंडबैग, टेलीविजन, मछलियां और यहां तक कि महिलाओं के कपड़े तक लूट लिए थे। सोशल मीडिया पर लूट की तस्वीरें वायरल हो गईं थीं। बाद में अधिकारियों ने दावा किया कि लूटा गया सामान वापस कर दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप वाली अंतरिम सरकार ने गणभवन को शेख हसीना के कुशासन की निशानी बताते हुए इसे म्यूजियम बनाने की घोषणा की। यह म्यूजियम पिछले साल की हिंसा में मारे गए प्रदर्शनकारियों की याद में बनाया जा रहा है। बांग्लादेश के संस्कृति मंत्रालय ने इस म्यूजियम के मैनेजमेंट के लिए 200 पदों का प्रस्ताव दिया है। बांग्लादेश में बीते एक साल से लगातार शेख हसीना और उनके पिता से जुड़ी कई निशानियों पर हमला किया जा रहा है। बीते 12 महीने में शेख मुजीब की मूर्ति को तोड़ा गया और कई सार्वजनिक स्थानों पर लगी नेमप्लेट को भी हटा दिया गया। इसके अलावा स्कूल की किताबों में उनसे जुड़े कई चैप्टर को बदला गया और नोट पर लगी तस्वीरों को भी हटा दिया गया। अंतरिम सरकार ने आजादी और संस्थापक से जुड़े दिनों की 8 सरकारी छुट्टियां भी कैंसिल कर दी थी।

## ट्रम्प से गाजा युद्ध समाप्त करने को मांगी मदद

**इजरायल के लगभग 600 सेवानिवृत सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह ने लिखा पत्र**

**यरूशलम।** इजरायल के लगभग 600 सेवानिवृत्त सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह ने अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पत्र लिखकर इज़रायल गाज़ा युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा कि 'हमारा पेशेवर दृष्टिकोण है कि हमास अब इज़रायल के लिए कोई रणनीतिक खतरा नहीं है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि अधिकांश इज़रायलियों के बीच आपकी विश्वसनीयता पीएम नेतन्याहू और उनकी सरकार को सही दिशा में ले जाने की आपकी क्षमता को बढ़ाती है: युद्ध समाप्त करें, बंधकों को वापस करें और पीड़ा को रोकें। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष पूर्व इज़रायली अधिका. रियों की यह अपील हमास और इस्लामिक जिहाद के उग्रवादियों द्वारा दो इज़रायली बंधकों के वीडियो जारी किए जाने के बाद आई है। इज़रायल और पश्चिमी नेताओं ने इन वीडियो की व्यापक निदा की। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़रायल में हमास के हमले के बाद इज़रायल ने गाज़ा में युद्ध छेड़ दिया। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 251 लोगों को बंधक बनाकर गाज़ा ले जाया गया। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि तब से गाज़ा में इज़रायल के सैन्य अभियान के कारण 60,000 से जयादा लोग मारे गए हैं।




# कोई भी टैरिफ युद्ध इतिहास नहीं बदल सकता

### 'जो होना है वो होगा', अमेरिकी धमकी पर रूस का बयान



**लैटिन अमेरिका में हमारे रणनीतिक साझेदार देश ब्राजील इस नीति का प्रमुख पीड़ित है**

**मॉस्को।** रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया है। अब सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ की दर बढ़ाने की धमकी दी।

अब इस पर रूस की सरकार का बयान भी आ गया है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने अमेरिका द्वारा रूस के सहयोगी देशों पर लगाए जा रहे टैरिफ और प्रतिबंधों की तीखी आलोचना की। रूसी विदेश मंत्रालय ने इसे नव-उपनि. वेशवादी एजेंडा करार दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के चलते आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। जब मारिया जाखारोवा से पूछा गया कि अमेरिका ने वैश्विक दक्षिण के रूस के सहयोगी देशों पर टैरिफ दर बढ़ा दी है तो अमेरिका की इस नीति को आप कैसे देखते हैं? इस पर मारिया जाखारोवा ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रतिबंध आज के समय की हकीकत है, जिसका असर पूरी दुनिया के देशों पर पड़ा है। अमे. रिका अपने घटते प्रभुत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहा है और अब दुनिया में बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था उभर रही है, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका नव-उपनिवेशवाद एजेंडा चला रहा है। राजनीति से प्रेरित होकर उन देशों पर आर्थिक दबाव बना रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्वतंत्र होकर फैसले ले रहे हैं।श्रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि श्यह कदम मुक्त व्यापार के उन सिद्धांतों का ही उल्लंघन है, जिसकी वकालत पश्चिमी देश ही करते थे। अब संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है और मनमाने तरीके से टैरिफ और प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। लैटिन अमेरिका में हमारे रणनी. तिक साझेदार देश ब्राजील इस नीति का प्रमुख पीड़ित है। अमेरिका की यह कार्रवाई दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल की कोशिश है। इन चिंताओं के अलावा वैश्विक आर्थिक विकास के भी धीमा होने, आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने का भी खतरा है। रूस ने कहा कि हमारा विश्वास है कि कोई भी टैरिफ युद्ध या प्रतिबंध इतिहास के प्राकृतिक घटनाक्रम को नहीं रोक सकता।




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

